वर्ष-32, अंक- 06, पृष्ठ-12 | कार्तिक कृष्ण पक्ष 13, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
19 अक्टूबर 2025

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### लोहरदगा में कार से 168 किलो अवैध गांजा बरामद, 2 गिरफ्तार

**कुडू (लोहरदगा)।** नशे के खिलाफ अभियान में कुडू थाने की पुलिस को लगातार दूसरे दिन बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने शनिवार को एक कार से एक क्विंटल अड़सठ किलोग्राम (168 किलो) गांजा बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। लोहरदगा के एसपी सादीक अनवर रिजवी ने कुडू थाने में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ओडिशा से बिहार की ओर गांजे की बड़ी खेप कार से लाई जा रही है। सूचना के आधार पर कुडू थाना प्रभारी को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पुलिस ने संख-लुकैया मार्ग पर घेराबंदी की। इसी दौरान बिहार नंबर की एक फोर्ड फिएस्टा कार (बीआर 11 जेड 3556) का चालक पुलिस को देख गाड़ी लेकर भागने लगा। पीछा करने पर कार बढ़की चापी के पास कलवा ढोढा पुल के समीप पेड़ से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार की तलाशी ली गई, तो 42 पैकेट गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान ओडिशा के झारसुगड़ा जिला अंतर्गत बेलपहाड़ निवासी अमिश कुमार लाल (पिता संजय लाल) और बिहार के औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना अंतर्गत नरौला निवासी आकाश राय (पिता ओसियर राय) के रूप में हुई है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**आज / कल**




# पंचायत सचिव राज्य की विकास योजनाओं की रीढ़ : वित्त मंत्री

- पंचायत सचिवों के हित में संशोधन का करेंगे प्रस्ताव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि शासन में भ्रम की स्थिति होने पर अक्सर विधि विभाग से वैधानिक परामर्श लिया जाता है, किंतु कई बार उसके विपरीत कार्य कर दिया जाता है। उन्होंने कहा, मंत्री रहते उन्होंने स्वयं इसका अनुभव किया है। शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन, मेदिनीनगर में आयोजित पंचायत सचिव संघ, पलामू के महाधिवेशन में वे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि पंचायत सचिवों की सेवा नियमावली में संशोधन आवश्यक है, जिसके लिए वे सरकार को पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव राज्य की विकास योजनाओं की रीढ़ हैं। ग्राम स्तर पर शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंत्री ने कहा 'उनके समर्पण और कार्यनिष्ठा से ही विकास की धारा गांव-गांव तक पहुच रही है।' वित्त मंत्री ने कहा कि हर कर्मचारी को तय समय पर प्रमोशन मिलना चाहिए। यह गलत है कि एक विभाग के लोगों को लाभ मिले और दूसरे विभाग के कर्मी वंचित रह जाएं।

मौके पर पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष मनोज मिश्रा, शशिरंजन, जया कुमारी, अमित कश्यप, सतीश दुबे, पीयूष तिवारी, विकास सिंह, मंजर अंसारी, गायत्री कुमारी, मनु प्रसाद तिवारी आदि पंचायत सचिव उपस्थित थे।



### राजस्व कर्मियों की तर्ज पर प्रमोशन की मांग

महाधिवेशन में पंचायत सचिवों ने कहा कि जिस तरह राजस्व कर्मचारी अंचल निरीक्षक, अंचल पदाधिकारी या स्कूटी मजिस्ट्रेट के पद तक पदोन्नति पाते हैं, वैसे ही उन्हें भी पदोन्नति का अवसर मिलना चाहिए। सचिवों का कहना था कि वे राज्य की सभी प्रमुख योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करते हैं, इसलिए उनकी सेवा शर्तों में सुधार और प्रमोशन नीति में संशोधन आवश्यक है। वित्त मंत्री ने पंचायत सचिवों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि पंचायत सचिव के सतत प्रयास और योगदान से ग्राम विकास की गति को तेज किया गया है। उन्होंने सभी पंचायत सचिवों को शुभकामनाएं दीं।

## पश्चिमी सिंहभूम जिले की पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# छोटानागरा में दो सक्रिय नक्सली हुए गिरफ्तार

- हथियार व कारतूस बरामद, आईईडी से पुलिया उड़ाने में थे शामिल

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले की पुलिस को शनिवार को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी। पश्चिमी सिंहभूम जिले की पुलिस ने सीआरपीएफ 26 बटालियन के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो सक्रिय नक्सलियों को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी छोटानागरा थाना क्षेत्र के रातामाटी गांव से हुई है। गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान बंदगांव थाना क्षेत्र के सिंकल गांव निवासी अलब्रेट लोमगा उर्फ रेंगो लोमगा (उम्र 19 वर्ष) और विकास लोमगा उर्फ रापा लॉमगा उर्फ गवरी लोमगा उर्फ बालका लोमगा (उम्र 20 वर्ष) के रूप में हुई है।

पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने इस मामले पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि विगत 09 अक्टूबर की रात्रि में रात्रि में छोटानागरा थानांतर्गत रातामाटी के क्षेत्र में पुलिया को आईईडी लगाकर नक्सलियों ने क्षतिग्रस्त किया था। इस संदर्भ में अनुसंधान प्रारंभ किया। इसके बाद मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटना में शामिल दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। इस संबध में आगे की कारवाई की जा रही है। गिरफ्तार दोनों नक्सली संगठन में सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य कर रहे शेष पेज 11 पर...




### जेटेया के बुरुबोरता जंगल से मिला हथियारों का बड़ा डंप

पश्चिमी सिंहभूम जिले की पुलिस को एक अन्य बड़ी सफलता शुक्रवार (17 अक्टूबर) को मिली। गुप्त सूचना के आधार पर जेटेया थाना क्षेत्र के बुरुबोरता जंगल में सर्च अभियान चलाया गया। बम निरोधक दस्ते ने यहां से माओवादी डंप को खोज निकाला। यहां सुरक्षा बलों पर हमले के लिए छिपाए गए भारी हथियार और विस्फोटक सामग्री मौजूद थी। हथियार में यहां 1 इंसास रायफल, 198 (5.56 एमएम), 112 (7.62 एमएम), 134 (303) और 15 ब्लैंक गोलियां मिलीं। इंसास की 4 मैगजीन, एसएलआर की 2 मैगजीन, 303 रायफल की 2 मैगजीन और 9 चार्जर भी मिले। विस्फोटक सामग्रियों में 2 सिलिंग और 12 सिरिंज बरामद हुए। साथ ही, पीट्ठू बैग, कंबल, पाउच, नोटबुक, किताबें और माओवादी पर्चे भी बरामद किए गए। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी अमित रेणु ने बताया कि माओवादी संगठनों के खिलाफ अभियान तेज है। उन्होंने इस साल की सफलताएं गिनाते हुए बताया कि अब तक 32 नक्सली ढेर किए जा चुके हैं। 266 गिरफ्तार हुए हैं और 30 ने सरेंडर किया है। एसपी ने नक्सलियों से हिंसा का रास्ता छोड़कर सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ लेने और आत्मसमर्पण करने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति बहाल होने तक सुरक्षा बलों का यह अभियान जारी रहेगा।

### नक्सलियों-उग्रवादियों के सफाए को लेकर राज्य सरकार प्रतिबद्ध

हेमंत सोरेन सरकार झारखंड से नक्सलियों और उग्रवादियों के सफाए को लेकर प्रतिबद्ध है। और, इसमें लगातार सफलता भी मिल रही है। जनवरी 2025 से लेकर मध्य सितंबर 2025 तक झारखंड पुलिस और केंद्रीय बलों के साथ हुए एनकाउंटर में हर सप्ताह एक नक्सली या उग्रवादी मारा गया है। झारखंड पुलिस ने एनकाउंटर के मामले में वर्ष 2025 में रिकॉर्ड कायम किया है। कई नक्सलियों और उग्रवादियों की गिरफ्तारी भी हुई है। बड़ी संख्या में नक्सलियों और उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण भी किया है।



# रांची में धनतेरस पर हुई धनवर्षा



- बर्तन से लेकर सोने-चांदी के आभूषण की हुई खूब खरीदारी
- जीएसटी की दरों में कमी होने के कारण वाहनों की भी खूब हुई बिक्री

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राजधानी रांची में धनतेरस पर शनिवार को दोपहर से देर रात तक भारी भीड़ देखी गई। बाजारों में रौनक छाई रही। रांची के हरमू सहित कई बाजारों में भारी भीड़ की वजह से कई बार ट्रैफिक नियंत्रण से बाहर होने लगा था। सड़क पर जहां-तहां जाम लगता रहा। वहीं, धनतेरस के मौके पर लोग पारंपरिक रूप से पीतल के बर्तन से लेकर सोने-चांदी के आभूषण और गाड़ियों को खरीदते नजर आए। एक अनुमान के अनुसार, इस बार धनतेरस के मौके पर रांची सहित पूरे झारखंड में 25,00 करोड़ रुपए से अधिक के कारोबार होने की संभावना है। धनतेरस पर शुभ माने जाने वाले सामानों की खूब खरीदारी हुई। कौड़ी, धनिया, झाड़ू आदि की खूब बिक्री हुई। इनकी कीमत बाजार में 50 से 100 रुपए तक रही। इस वर्ष कमलकट्टा, कौड़ी, धनिया और अन्य शुभ शेष पेज 11 पर...

समस्त झारखंडवासियों को आज धनतेरस और आने वाले दीपों के पर्व दीपावली एवं काली पूजा, सोहराय, भैया दूज, चित्रगुप्त पूजा और आस्था के पर्व महाछठ की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। त्योहारों का यह उत्सव आप हर्षोल्लास से मनाएं। इसके लिए राज्य की मईयां को सम्मान राशि आपके हेमंत दादा द्वारा भेजी जा रही है। मुझे आशा है आपका यह त्योहार खुशियों से भरा होगा, इसी कामना के साथ सभी को बहुत-बहुत बधाई और झारखंडी जोहार।



**- कल्पना सोरेन, विधायक, गांडेय (फेसबुक मैसेज)**

# गुमला की बांसडीह घाटी में सड़क हादसा, महिला की मौत, नौ घायल

- टेंपो को पीछे से अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर
- घायलों का सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला के सदर थाना क्षेत्र की बांसडीह घाटी में शनिवार को दिन में करीब 3:00 बजे एक टेंपो को पीछे से अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। इस हादसे में हर्रा डीपाटोली निवासी 40 वर्षीया सुकरी देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, टेंपो में सवार नौ लोग घायल हो गए। घायलों में हर्रा डीपाटोली निवासी बेनेदिक्ता लकड़ा (38), जय माला (10), दिनेश उरांव (25), पवन उरांव (22), जानकी देवी (40), बालमीत कुमारी (21), बिनसरी उरांव (50), अमन लकड़ा (13) व कमला देवी (40) शामिल हैं। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को टेंपो में लादकर सदर अस्पताल गुमला लाया गया। यहां सभी का इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर गुमला पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के उपरांत पोस्टमार्टम कराया।

शेष पेज 11 पर...



# पलामू टाइगर रिजर्व में नजर आया नया बाघ, बढ़ रहा है वन्यजीवों का विश्वास

- कैमरा ट्रैप में कैद हुआ तीन से चार वर्ष का नर बाघ, फिर बना बाघों का पसंदीदा पीटीआर आवास

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में हाल ही में एक तीन से चार वर्ष का नर बाघ देखा गया है। यह बाघ कैमरा ट्रैप में रिकॉर्ड हुआ है। इसके शरीर पर बनी धारियां रिजर्व में पहले से मौजूद बाघों से भिन्न हैं। पलामू टाइगर रिजर्व के निदेशक एस आर नटेश ने राष्ट्रीय नवीन मेल को बताया कि हमारे प्रयासों के सार्थक परिणाम दिखने लगे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों को पुनर्वासित करने से पीटीआर बाघ के लिए सुरक्षित आश्रय बन गया है। यह काम और पहले होना चाहिए था, तब यह क्षेत्र भी मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ व अन्य टाइगर रिजर्व की तरह होता, जहां बाघों की संख्या पर्यटकों का ध्यान खींचता है। उन्होंने बताया कि अनुमान के अनुसार 5 बाघ अभी पीटीआर क्षेत्र में है। इस संबंध में पीटीआर के उप निदेशक पी.के. जेना ने बताया कि बाघों के पलामू की ओर लौटने का अर्थ है कि अब पीटीआर को वे 'विश्वसनीय और सुरक्षित प्राकृतिक आवास' मान रहे हैं। जेना ने बताया कि फिलहाल पीटीआर में मादा बाघों की कमी है, यह स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि पीटीआर को मादा बाघों के पुनर्स्थापन (ट्रांसलोकेशन) की आवश्यकता है ताकि बाघों की प्रजनन प्रक्रिया फिर से सक्रिय हो सके। पीटीआर निदेशक एस आर नटेश ने बताया कि बाघों के भोजन की क्षेत्र में कमी नहीं है। जंगल में चीतल छोड़े गए हैं। ताकि पर्याप्त आहार उपलब्ध हो सके।

शेष पेज 11 पर...



फाइल फोटो

## इंडिया

# पटाखों की होड से नहीं शुभकामनाओं से सजते हैं त्योहार

दीपावली उत्साह और खुशियों का पर्व है जिसका सभी लोगों को पूरे साल इंतजार रहता है। लोगों से मिलना, मिठाइयां और पटाखे इस त्योहार को काफी खास बनाते हैं। दीपावली मनाने के पीछे वैज्ञानिक कारण यह था कि बरसात के समय प्राचीन भारत के घरों में कीड़े मकोड़े और जीव जंतु घरों में जाले बना देते थे जिससे बीमार पड़नेकी संभावना ज्यादा रहती थी जिस कारण यह घरों की सफाई का त्योहार बना जिसके बाद मिट्टी के दीयों में करंज के तेल से वातावरण को शुद्ध करने का प्रयास सामूहिक रूप से होता था जिससे घर ही नहीं आसपास का माहौल भी करंज के तेल के औषधीय गुणों से स्वच्छ हो जाता था और बरसात में घरों में घुस आए कीड़े मकोड़े दूर भाग जाते थे । आज भी गांवों की पारंपरिक दिवाली ऐसे ही मनाई जाती है । अनेक किसान अन्य दिनों में भी खेतों में भी थाली में जल रखकर दीप जलाते हैं ताकि हानिकारक कीड़े नष्ट हो जाएं। कहा जाता है कि भारत में पटाखे जलाने की शुरुआत इस्लामी साम्राज्यों के उदय के साथ-साथ हुई थी। अग्नि जलाने के क्रम में बारूद की उत्पत्ति 9 वीं शताब्दी में चीन में हुई थी। पटाखे बनाने में इसका उपयोग बाद में शुरू हुआ लेकिन मंगोल चीन पर अपने हमलों के दौरान बारूद के उपयोग से परिचित हो गए थे । इस तकनीक को मध्य एशिया, पश्चिम एशिया में वर्धमान भूमि और सुदूर पूर्व में कोरिया और जापान तक ले गए। जब मंगोलों ने भारत में प्रवेश करना शुरू किया था तो वह इस ज्वलंत तकनीक को अपने साथ लाए थे। फिर 13 वीं शताब्दी के मध्य में उन्होंने इसे दिल्ली सल्तनत में पेश किया था। दिल्ली में लोगों ने पहली बार पटाखे जलाते हुए कब देखे इस बारे में मध्ययुगीन इतिहासकार फरिश्ता ने अपनी पुस्तक तारिख-ए-फरिश्ता (जिसे गुलशन-ए-इब्राहिमी भी कहा जाता है) उसमें मार्च 1258 में घटी एक घटना का जिक्र करते हुए लिखा है कि पहली बार पटाखों का इस्तेमाल मंगोल शासक हुलगु खान के दूत के स्वागत के लिए किया गया था। यह दिल्ली में सुल्तान नसीरुद्दीन महमूद के दरबार में हुआ था और इस अवसर के लिए 3,000 कार्ट लोड पटाखे (जिसे तब फारसी में सेह हजार अररादा-ए-आतिशबाजी भी कहा जाता था) लाए गए थे। ईस्ट इंडिया कंपनी के लेफ्टिनेंट कर्नल जो बाद में जाकर जनरल भी बने जॉन ब्रिग्स, जिन्होंने इस पुस्तक का अंग्रेजी में अनुवाद किया था, यह समझाने में असमर्थ थे कि फरिश्ता का आतिशबाजी से क्या मतलब है और उन्होंने फिर यह अनुमान लगाया कि यह मुहम्मद बिन कासिम और महमूद गजनी द्वारा इस्तेमाल की गई ग्रीक आग होगी। लेकिन प्रोफेसर इक्तिदार आलम खान ने भारत में बारूद के उपयोग पर अपने ऐतिहासिक काम में तर्क दिया है कि इस आतिशबाजी लिखने से फरिश्ता का मतलब असली पटाखे जलाने वाला बारूद था। भारतीय मान्यताओं की बात करें तो पहले शादी व्याह में पटाखे इसलिए छोड़े जाते थे ताकि सभी को पता चल जाए कि शादी हो रही है जबकि कुछ शादियां चोरी छिपे होतीं थीं जिसकी अलग कहानियां हैं । पर आज दीपावली का मतलब पटाखों का वर्चस्व हो गया है जिस के जलाने से होने वाला प्रदूषण भी सेहत के लिए भी कई प्रकार की चुनौतियां खड़ी करता है। जिस कारण कई राज्यों में पटाखों को प्रतिबंधित किया गया है। झारखंड में भी रात्रि 8 से दस के बीच ही पटाखे छोड़ने की अनुमति है ताकि बीमार,वृद्ध या बच्चों को कष्ट न हो । स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पटाखों को जलाने से होने वाला प्रदूषण कई प्रकार से हमारी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे सिर्फ फेफड़े ही नहीं हृदय, आंखों और कई अन्य अंगों की समस्याओं के बढ़ने का भी खतरा हो सकता है। जिन लोगों को पहले से ही सांस की समस्या है, उनके लिए मुश्किलें और भी बढ़ सकती हैं।पटाखों को जलाने से निकलने वाले धुएं में कई प्रकार के हानिकारक रसायन होते हैं जो पर्यावरण को प्रदूषित करके कई प्रकार की दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। पटाखों को जलाने के कारण बढ़ने वाले प्रदूषण का असर हफ्तों तक बना रहता है। दीपावली उत्साह और खुशियों का पर्व है लोगों से मिलना, मिठाइयां और शुभकामनाएं देना इस त्योहार को यादगार बनाते हैं।



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**




# ईडी की दिनेश गोप व 19 अन्य के खिलाफ पूरक अभियोजन शिकायत

- पीएमएलए कोर्ट में दर्ज कराई गई है
- 3.36 करोड़ की मनी लांड्रिंग का चला है पता

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** ईडी ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सरगना दिनेश गोप और 19 अन्य लोगों व संस्थाओं के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत रांची के विशेष पीएमएलए कोर्ट में पूरक अभियोजन शिकायत दर्ज कराई है। यह कार्रवाई आतंकी फंडिंग और मनी लांड्रिंग के मामले में की गई है। इसमें पीएलएफआई ने जबरन वसूली और लेवी के जरिए करीब 20 करोड़ रुपए की अवैध कमाई की। ईडी की जांच में अब तक 3.36 करोड़ रुपए की मनी लांड्रिंग का पता चला है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एफआईआर और आरोप पत्रों के आधार पर जांच शुरू की थी। इनमें हत्या, हत्या का प्रयास, जबरन वसूली और आतंकवादी गतिविधियों जैसे संगठित अपराध शामिल हैं। जांच में खुलासा हुआ कि दिनेश गोप ने झारखंड और पड़ोसी राज्यों में ठेकेदारों, व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों से हिंसा, आगजनी और धमकियों के जरिए उगाही की। इस अवैध धन को जटिल तरीकों से वैध दिखाने की कोशिश की गई। दिनेश गोप ने अपनी पत्नियों, शकुंतला कुमारी और हीरा देवी के नाम पर फर्जी कंपनियां बनाईं, जिनका कोई वैध कारोबार नहीं था। इनके जरिए कैश को बैंक खातों में जमा किया जाता था।

शेष पेज 11 पर...

### भजनिया-हैदरनगर पथ में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा कम मिलने से रैयतों में रोष

# रैयतों ने कानूनी लड़ाई लड़ने की रुपरेखा तय की



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** मोहम्मदगंज के भजनियां से हैदरनगर तक नई सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। इस सड़क में हैदरनगर व मोहम्मदगांज अंचल के हजारों रैयतों की भूमि अधिग्रहित की गई है। जिसमें सरकार भूमि का मुआवजा काफी कम दे रही है। कुछ रैयतों को प्रारंभिक राशि का भुगतान भी किया गया है, जो काफी कम माना जाता है। रैयतों की ओर से सेवानिवृत शिक्षक रामाशीष सिंह ने उच्च न्यायालय के तीन अधिवक्ताओं विनोद कुमार सिंह, श्याम बिहारी राय व बीएन पाठक को आमंत्रित किया है। प्रभावित रैयतों के साथ तीनों अधिवक्ताओं ने पंचायत सचिवालय हैदरनगर (पश्चिमी) में शनिवार को बैठक की। अधिवक्ता विनोद कुमार सिंह ने कहा कि सरकार अधिग्रहित भूमि का दो प्रकार से मुआवजा राशि का भुगतान करती है। ग्रामीण इलाके की भूमि का चार गुणा व शहरी क्षेत्र की भूमि का दो गुणा मुआवजा राशि देने का प्रावधान है। इसमें हाल में बेची गई भूमि का रेट भी देखा जाता है। उन्होंने कहा कि मुआवजा मिलने तक भूमि पर निर्माण होने से रोक लगाने के लिए कानूनी प्रक्रिया भी अपनाया जा सकता है। जब तक भुगतान नहीं होगा तब तक काम नहीं होने दिया जायेगा। अधिवक्ता श्याम बिहारी राय ने कहा कि अल्प राशि का भुगतान कर सरकार अपना काम करना चाहती है, यह होने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अल्प राशि की वृद्धि के लिए रैयतों को कानूनी लड़ाई लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय रांची में जो भी मदद होगी वे करने को तैयार हैं। अधिवक्ता बीएन पाठक ने कहा कि भूमि के मालिक के बिना सहमति के कोई भी उनकी भूमि पर निर्माण नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि वह रैयतों के साथ हैं, हर संभव कानूनी मदद किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता रामाशीष सिंह जबकि संचालन धीरज सिंह ने किया। बैठक में रामाधार सिंह, सज्जू खान, हक राजा, प्रमोद सिंह, राजा सिंह, रविंद्र सिंह, प्रवीण सिंह, वहाब खान, नूर सईद खान के अलावा बड़ी संख्या में रैयत शामिल हैं।

### हुसैनाबाद में धनतेरस पर्व पर सजे बाजार, उमड़ी खरीदारों की भीड़

# 50 लाख रु. के कारोबार होने का अनुमान



**संजय ओझा**

**हुसैनाबाद।** शहरी क्षेत्रों में धनतेरस के दिन सोने-चांदी के आभूषण, स्टील, पीतल व तंबा आदि धातु के बर्तन और अन्य वस्तुएं खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। यही कारण है कि सबसे ज्यादा भीड़ बर्तन और सरार्फा कारोबारियों के यहां उमड़ी है। बहुत से लोग धनतेरस आज शनिवार को मना रहे है। रविवार को भी बाजार में भीड़भाड़ रहेगी। शहर के बाजार सजकर सुबह से ही तैयार हो गए हैं। बर्तन, सरार्फा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रेडीमेड गारमेंट्स, ऑटो मोबाइल्स सहित सभी कारोबारियोंने त्योहार को भुनाने के लिए कमर कस ली है। त्योहार पर खरीदारों की अच्छी- खासी भीड़ देखने को मिली है। यहां 50 लाख रुपए रुपए से ज्यादा का कारोबार होने का अनुमान है।

## हुसैनाबाद में धनतेरस पर दो दिन रहती हैं भीड़

धनतेरस पर हुसैनाबाद में दो दिन बाजार में भीड़-भाड़ रहती है। पूर्व संध्या पर भी बाजारों में रही भीड़ धनतेरस की पूर्व संध्या पर भी 18 अक्तूबर शनिवार को बाजारों में खरीदारी करने के लिए अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी। शहर में खरीदारी करने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। रेडीमेड कपड़े, जूता-चप्पल, मिठाई, पूजा के सामान की खूब खरीदारी की गई। यहां बाजारों में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। 19 अक्टूबर रविवार को भी यहां धनतेरस की बाजार लगेगी। आज भी खरीदारी के लिए महिलाओं की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई।

## दुकानों व शो-रुम की आभा देखते ही बन रही हैं

धनतेरस के दिन सोने-चांदी के आभूषण, स्टील, पीतल व तंबा आदि धातु के बर्तन और अन्य वस्तुएं खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। यही कारण है कि सबसे ज्यादा भीड़ बर्तन और सरार्फा कारोबारियों के यहां उमड़ती है। इन कारोबारियों ने त्योहार के लिए इस बार भी खास तैयारी की है। दुकान और शोरुम को आकर्षक ढंग से सजाया है। ग्राहकों को रिझाने के लिए कारोबारियों ने अपने यहां नए डिजायन के लिए बर्तन और सोने- चांदी के जेवरात सजाए हैं। इन दुकानों और शोरुम की आभा देखते ही बन रही थी। शनिवार 18 अक्तूबर को धनतेरस पर पूरे दिन दुकानदार पूरी तैयारी में हैं। बर्तन कारोबारियों के यहां थोक कारोबारियों के यहां माल की आवाजाही होती रही। कारोबारियों की पूरी कोशिश है कि कोई भी ग्राहक उनके यहां से लौटकर न जाए। लिहाजा वह हर सामान का स्टॉक कर रहे हैं।

## इन बाजारों में सबसे ज्यादा रौनक

शहर के जपला छतरपुर रोड व मुख्य बाजारों में ज्वेलर्स से लेकर बर्तन कारोबारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को बेहतर तरीके से सजाया है। यहां तक कि ग्राहकों का ध्यान खींचने के लिए दुकानों के आगे तख्त लगाकर बर्तन और जेवरातों को सजाया गया है। इनके अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण, दो पहिया वाहनों के शोरूम में भी काफी रौनक दिखाई दी। पूरे दिन इन शोरूम पर वाहनों की बुकिंग कराने के लिए ग्राहक पहुंचते रहे। लोगों ने अपने पसंदीदा वाहन और जेवरातों की बुकिंग कराकर धनतेरस पर खरीदारी की। वहीं लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों व सजावटी सामान की दुकानें सजीं सोने-चांदी और बर्तन के साथ लोग दिपावली के लिए लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों और सजावटी सामान की खरीदारी भी खूब कर रहे है। लिहाजा बाजारों में इनकी दुकानें भी जगह-जगह सज गई हैं। इन पर खरीदार भी पहुंचने लगे हैं।

# हुसैनाबाद में एक निजी क्लीनिक में ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत

- ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर स्थित जपलाझ्छतरपुर मुख्य सड़क पर ओवरब्रिज के समीप एक निजी क्लिनिक में ऑपरेशन के दौरान संजू देवी नामक 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका बैरांव गांव निवासी संतोष पासवान की पत्नी हैं। घटना के बाद ताला बंद कर चिकित्सक फरार हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उक्त चिकित्सक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रही थी। बताया जा रहा है कि उक्त महिला का फ्लाईओवर के समीप एक निजी अस्पताल में महिला का बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के बाद स्थिति गंभीर होने पर उसे डालटनगंज ले जाने की बात चिकित्सक के द्वारा कही गई। परंतु उसके बाद महिला की मौत हो गई। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया है। महिला बैरांव गांव निवासी संतोष पासवान की पत्नी बतायी जा रही है। मौके पर हुसैनाबाद थाना पुलिस पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रही है। समाचार लिखे जाने तक शव को लेकर सड़क जाम कर ग्रामीण चिकित्सक को गिरफ्तार करने व मुआवजे की मांग पर अडिग थे।

### ऊंटारी रोड़ थाना प्रभारी ने आम नागरिकों से की अपील

# मिलकर आपसी सौहार्द के साथ मनाएं दीपावली

**नवीन मेल संवाददाता**



**ऊंटारी रोड़।** थाना प्रभारी संतोष गिरी ने दीपावली के मद्देनजर देखते हुए आम नागरिकों से अपील किया है। उन्होंने कहा की दीपावली में चाइनीज पटाखा का इस्तेमाल ना करें, साथ ही आप खुद व अपने बच्चे को पटाखे जलाते समय सुरक्षित रखें देसी मिट्टी के दिये का इस्तेमाल करें। पटाखे जलाते समय यह सुनिश्चित कर लें की आस पास कोई झुग्गी झोपड़ी या खपरैल मकान ना हो, पटाखे की चिंगारी से इन सब घरों में आग लगने का खतरा बढ़ जाता है, साथ ही नशे का सेवन ना करें जुआ, सट्टेबाजी जैसे खेल से परहेज करें।

अगर आपके आस पास जुआ, सट्टेबाजी जैसे खेल हो रहा है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। हमेशा ध्यान में रहे की आपके पटाखे जलाने से आपके आस पड़ोस में रहने वाले कोई बीमार व्यक्ति को परेशानी ना हो, अगर आप कहीं घर से बाहर जा रहे हैं तो इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। अन्यथा चोर, उचक्के आपके घर में ना रहने का फायदा उठा सकता है। कोई भी संदिग्ध व्यक्ति आप के मुहल्ले या घर के आस पास घूमते नजर आए तो इसकी सूचना भी पुलिस को दें। दीपावली मिल जुल कर आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी आपातकाल स्थिति में अपने नजदीकी थाने को सूचित करें या टॉल फ्री नंबर 11 2 पर तुरंत कॉल करें पलामू पुलिस आपकी सहायता में हमेशा तैयार है।

## समता स्कूल परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**हुसैनाबाद।** शनिवार को शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित एवं जपला छतरपुर रोड के नहर मोड़ के समीप धरहरा जपला स्थित समता स्कूल परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा तीन से दसवीं तक की कक्षाओं तक की छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आलोक कुमार सिन्हा अधिवक्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय कुमार चंदेल, धनंजय कुमार, विकास कुमार,विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉ. अक्षय कुमार चौहान मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर मुख्य अतिथि आलोक कुमार सिन्हा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में छुपी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती है।

## नपं की बैठक में लिये गये निर्णय के बाद भी नहीं हुई शहर की साफ-सफाई

**हुसैनाबाद।** दीपावली व छठ पूजा को लेकर शहर के पंच सरोवर मंदिर (गईता पोखरा), जपला छठपोखरा घाट, जमुहारी माई छठ घाट, मोहम्मदाबाद छठ घाट और गम्हरिया आदि छठ घाटों की साफ सफाई का कार्य अब तक शुरू नहीं किया गया है। जबकि बैठक में सभी वार्ड में साफ-सफाई चलाने का निर्देश एलआरडीसी गौरांग महतो ने दिया था, लेकिन एक सप्ताह के बाद भी इस पर अमल नहीं किया गया। जबकि दीपावली के बाद छठ घाटों की भी सफाई अनिवार्य हैं। सफाई जमादार का कहना है कि जेसीबी का चालक नहीं रहने के कारण कार्य नहीं हो पा रहा है। जपला आईटीआई के पीछे मनोज भगत के घर के समीप नाली का गंदा पानी सड़क पर जमा रहने से मोहल्लेवालों व राहगीरों की आवागमन में परेशानी हो रही हैं।

### मुखिया व प्रबुद्धजनों ने धनतेरस पर किया बाजार का शुभारंभ

# समुद्र मंथन से अमृत कलश लेकर भगवान धन्वंतरि के आने पर शुरू हुई पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान जब अमृत कलश लेकर भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए, उसी समय से दिन धनतेरस उत्सव मनाने की परंपरा चली आ रही है। वयोवृद्ध विद्वान पंडित कुंडल तिवारी ने एक वार्ता में कहा कि भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद के जनक और देवताओं के वैद्य माना गया है। इस दिन स्वास्थ्य, दीघार्यु और समृद्धि की कामना की जाती है। उन्होंने कहा कि धनतेरस का पर्व कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन धन के देवता कुबेर और आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस शुभ दिन पर पूजा करने से घर में सुख - समृद्धि और परिवार में सभी का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन, झाड़ू, मिठाइयां से लेकर विभिन्न सामग्री की स्टॉल और प्रतिष्ठान शनिवार की सुबह से ही हैदरनगर के मेन रोड, पुराना बैंक रोड, जवाहर पथ, रेलवे गुमटी चौक, बस स्टैंड आदि स्थानों पर सजने धजने से काफी रौनक आई है। इस मौके पर धनतेरस बाजारों का फीता काटकर कई प्रतिनिधि और प्रबुद्धजनों ने शुभारंभ किया। जिसमें मुखिया संतोष कुमार सिंह, शिक्षाविद प्रो. अरविन्द कुमार सिंह, समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल, सज्जू खान, डॉ. अमीनुल हक अंसारी, सुदर्शन लाल आदि ने भाग लेकर इस बाजार के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## 60 लीटर जावा महुआ व उपकरण नष्ट



**पाटन।** नवाजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब निर्माण के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। शनिवार को ग्राम चुरादोहर धुन टोला एवं आसपास के इलाकों में छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान करीब 60 लीटर जाबा महुआ एवं महुआ शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए, जिन्हें पुलिस ने वहीं पर नष्ट (विनष्ट) कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाना है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और ग्रामीणों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

# आलू की बोवाई में आई तेजी, 6 ट्रक बीहन की खपत

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** मौसम के सामान्य होने के साथ आलू की बोवाई में बड़ी तेजी आ गई है। बताया जाता है कि स्थानीय बाजार में अबतक 12 चक्का 6 ट्रक कुल 3600 बोरा आलू के बीहन (बीज) की खपत हो गई है। इसके बावजूद किसानों की जरूरत पूरी नहीं हुई है। कृषि और व्यापारिक क्षेत्र में 10 ट्रक बीहन के बाजार में खपत का अनुमान व्यक्त किया गया है। इस बात का अंदाजा बीहन की बिक्री दर 20 रुपए किग्रा रहने के बावजूद इसके ट्रक के बाजार में पहुंचते ही खपत होने में देरी नहीं लगने को देखते हुए लगाया गया है। बताया गया कि उत्तर प्रदेश की बड़ी मंडी से करीब दो दर्शक से अधिक समय से आयातित आलू का बीहन स्थानीय बाजार में हर साल लाया जाता है। जिस वजह से आलू के बीहन की बिक्री को लेकर इस बाजार की इलाके में विशेष पहचान भी बन गई है। यही वजह है कि आलू के बीहन के बाजार में उपलब्ध होने के बाद से किसानों ने खेतों की जुताई कर इसकी बोवाई तेज कर दी है। बताया जाता है कि पहले हल-बैल से खेतों की जुताई कर खेत तैयार करने में अधिक मेहनत करनी पड़ती थी। मगर अब ट्रैक्टर से जुताई कराकर खेत तैयार करना आसान काम हो गया है। ऐसी हालत में सिंचाई के साधन वाले हर किसानों के साथ ही उनके आसपास खेत वाले भी आलू बोवाई में जुट गए हैं। दरअसल, अतिवृष्टि की वजह से भदई फसल बोवाई और पैदावार के प्रभावित होने से खेत खाली पड़े रह गए थे। ऐसे में मैदानी क्षेत्र में आलू की बोवाई कर सालों भर खाने के लिए भंडारण के बाद अतिरिक्त की बिक्री से भदई फसलों के नुकसान की भरपाई के दृष्टिकोण से बड़े पैमाने पर आलू की बोवाई की बात कही जाती है। हालांकि आलू की बोवाई के लिए मौसम के अनुकूल होने में एक पखवाड़ा की देरी हुई है। इसके बावजूद इसके उत्पादन की उम्मीद में पूंजीनिवेश कर जोखिम उठाया जा रहा है। जबकि बोवाई में इस देरी की वजह से अधिक सर्द मौसम की मार इसके उत्पादन को प्रभावित कर सकता है,जैसा कि किसान रामजन्म राम सहित अन्य का कहना है। उन्होंने कहा कि स्थानीय साप्ताहिक बाजार प्रांगण में स्थापित कोल्ड स्टोर के चालू होने पर इस क्षेत्र में आलू बोवाई और अधिक हो सकती है।

### 33 किलोमीटर दूरी तय करने में 17 ट्रेनों के लगते हैं अलग-अलग समय

# सभी पैसेंजर ट्रेनों के समयों में सुधार की आवश्यक : मनोज

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन की कुल दूरी 33 किलोमीटर है। लेकिन इतनी ही दूरी तय करने 17 ट्रेनों के अलग अलग समय लगते हैं। इस समय अंतराल का खामियाजा धनबाद रेल मंडल के डाल्टनगंज से गढ़वा रोड स्टेशन की यात्रा में रेलयात्रियों को झेलना पड़ता है। पलामू रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि डाल्टनगंज गढ़वा रोड के बीच चलने वाली सभी पैसेंजर गाड़ियों में समय में अत्यंत सुधार कराने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि सभी ट्रेनों के आगणन व प्रस्थान की समय में भारी अंतर रेलवे गति शक्ति का पोल खोलता है। डाल्टनगंज से गढ़वा रोड रेलखंड धनबाद रेल मंडल का ऐसा रेलखंड है। जहां पर एक ही रेटिंग की गाड़ियों का अलग - अलग टाइम टेबल दिखता है। 33 किलोमीटर की दूरी को तय करने में जहां शक्तिपुंज एक्सप्रेस को 49 मिनट लगते हैं। वहीं रांची वाराणसी इंटरसिटी को एक घंटा 50 मिनट लगते हैं। दूसरी ओर पलामू एक्सप्रेस को एक घंटा 10 मिनट के सामने सामान्य और स्पेशल ट्रेन को मात्र 30 मिनट ही कैसे लगते हैं। इस गति समय विभेद को सार्वजनिक रेलवे को करना चाहिए। इतनी ही दूरी के लिए राजधानी एक्सप्रेस को एक घंटा 9 मिनट व गरीब रथ को एक घंटा 7 मिनट और एक अन्य राजधानी एक्सप्रेस को 51 मिनट में ही तय करने का समय निर्धारण है। उन्होंने कहा कि जब राजधानी जैसी ट्रेन को 33 किलोमीटर तय करने में घंटों का समय लगता है, तब सड़क मार्ग से लोगों को चार घंटा से कम समय नहीं लगना चाहिए। झारखंड स्वर्ण जयंती की बात करें तो इसे 56 मिनट और बरवाडीह डेहरी ऑन सोन पैसेंजर को एक घंटा 15 मिनट, गोमो चोपन पैसेंजर को एक घंटा 9 मिनट जबकि रांची चोपन एक्सप्रेस को मात्र 37 मिनट में सफर पूरा हो जाता है। वहीं बरकाकाना डेहरी ऑन सोन पैसेंजर को एक घंटा 28 मिनट, वंदे भारत एक्सप्रेस को एक घंटा एक मिनट और बरकाकाना से वाराणसी मेमू ट्रेन को एक घंटा 31 मिनट का समय लगता है। दुर्भाग्य की बात है कि गढ़वा रोड से डाल्टनगंज की दूरी मात्र 33 किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि घाटे में चलने वाली बंदे भारत को जबरदस्ती इस रेलखंड पर चलाये जाने से इस क्षेत्र के यात्रियों की लाइफ लाइन शटल ट्रेन के नियमित समय से परिचालन को बाधित किया गया हैं। उन्होंने पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम से रेलयात्री हिट में

# 8वीं पास 767 छात्र-छात्राओं को मिली साइकिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राज्य सरकार के उन्नति का पहिया अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत प्रखंड क्षेत्र के 8वीं पास 767 छात्र-छात्राओं को अबतक प्रावधान के तहत साइकिल उपलब्ध करा दिए गए हैं। इससे आगे की पढ़ाई में उनके हौसले को पंख लग गए हैं, बताया जाता है। खासकर, छात्राओं में अधिक उत्साह देखा जाने लगा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल ने बताया कि कुल मिलाकर इस प्रखंड को 818 साइकिल का आवंटन मिला था। इनमें से 389 छात्र और 378 छात्राओं को यह उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसमें सरकार के निर्धारित प्रावधान के तहत वर्गीय कोटा का पूरा ख्याल रखा गया है। अभी 51 का वितरण शेष रह गया है। तीन चरण में साइकिल वितरण होगा।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स ने संभाली जिम्मेदारी स्वतंत्रता सेनानी स्मारक का होगा नवीनीकरण



● दीपावली पर स्मारक स्थल पर दीप जलाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज चैंबर ऑफ कॉमर्स ने पलामू के स्वतंत्रता सेनानी स्मारक का जीर्णोद्धार करने का संकल्प लिया था। शनिवार को संस्था ने अपने वादे पर आगे बढ़ते हुए स्मारक परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य की शुरुआत की।

इस अवसर पर संस्था के महासचिव व प्रथम डिप्टी मेयर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, अध्यक्ष विनोद उदयपुरी, परिमल प्रसून, उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद, चिन्मय राज, प्रभात अग्रवाल, संजीव शर्मा चिंटू, रिंकू कुमार, सरवन कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से स्मारक के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया और इसे शीघ्र पूरा करने का संकल्प दोहराया।संस्था ने बताया कि यह सिर्फ एक प्रारंभिक प्रयास है। आगे स्मारक परिसर को और आकर्षक बनाने के लिए वृक्षारोपण, प्रकाश व्यवस्था एवं बैठने की सुविधा जैसी योजनाएं लागू की जाएंगी।

चेंबर सदस्यों ने पलामू वासियों से अपील की है कि इस दीपावली पर स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में बने इस ऐतिहासिक स्थल पर एक दीप अवश्य जलाएं, ताकि देशभक्ति की भावना को और मजबूती मिल सके।

### दीपावली को लेकर सजा बाजार, खरीदारी में उमड़ी ग्राहकों की भीड़

## मिठाई, परिधान, आभूषण व सजावटी सामान की दुकानों पर बढ़ी रौनक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** दीपावली पर्व को लेकर मेदिनीनगर के बाजारों में जबरदस्त रौनक छा गई है। शहर की सड़कों से लेकर गलियों तक दीपोत्सव की चमक-दमक झलक रही है। खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी है, वहीं दुकानदारों के चेहरे पर उत्साह देखते ही बनता है। दीपावली की तैयारी में घरों की सजावट से लेकर उपहार तक की खरीदारी जोरों पर चल रही है।मिठाई, कपड़े, फल, गहने और वर्तन की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। वहीं वाहनों के शोरूम से लेकर फुटपाथ दुकानों तक चहल-पहल बनी हुई है। महिलाएं परिधान, साड़ियां और ज्वेलरी की खरीदारी में व्यस्त हैं, जबकि युवा वर्ग इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और ब्रांडेड कपड़ों पर अधिक ध्यान दे रहा है।धनतेरस पर दीये और वर्तन की बढ़ी बिक्रीत्योहार के मद्देनज़र दीयों, इलेक्ट्रिक लाइट, झालरों और सजावटी सामान से बाजार जगमगा उठे हैं। मिट्टी के दीये, रंगोली सामग्री और भगवान गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों की खरीदारी चरम पर है। दुकानदार विनोद चौहान ने बताया कि मूर्तियां 60 से 250 रुपये तक, बड़े भुरकुंडे 200 से 750 रुपये तक और सजावटी मालाएं 10 से 300 रुपये तक बिक रही हैं।मिठाइयों की गूंज, ग्राहकों की उमंगमिठाई की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लड्डू, काजू कतली, रसगुल्ला, गुलाबजामुन और मिल्क केक की सर्वाधिक मांग है। मिठाई विक्रेताओं ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए सुंदर पैकिंग और उपहार बॉक्स तैयार किए हैं। ड्राई फ्रूट्स की बिक्री भी तेजी से बढ़ी है।ऑफरों से बढ़ा उत्साह, व्यापारियों को उम्मीदेंइलेक्ट्रॉनिक, ज्वेलरी और वर्तन दुकानों पर ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कई विशेष ऑफर दिए जा रहे हैं। व्यापारी बताते हैं कि इस वर्ष त्योहारी सीजन में बिक्री बेहतर रहने की उम्मीद है।पूरे शहर का माहौल उल्लास और उत्साह से भरा है। रोशनी से नहाए बाजार न केवल स्थानीय खरीदारों बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों को भी आकर्षित कर रहे हैं।

## पलामू गतका संघ की टीम एसजीएफआई स्टेट ट्रायल में भाग लेने रांची रवाना



● अध्यक्ष सोनू नामधारी और अविनाश देव ने हरी झंडी दिखाकर दी शुभकामनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू गतका संघ की टीम शनिवार तड़के एसजीएफआई स्टेट ट्रायल में भाग लेने के लिए रांची रवाना हुई। संघ के अध्यक्ष सोनू नामधारी एवं संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को शुभकामनाओं के साथ रांची के लिए विदा किया।रवाना होने से पूर्व रेडमा चौक पर एक संक्षिप्त समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिला सचिव सुमित बर्मन, सह सचिव दीपेन्द्र सिंह एवं दीपक तिवारी और कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार मेहता मौजूद रहे। सुबह 4 बजे खिलाड़ियों का जत्था बस से रांची के लिए रवाना हुआ।इस बार पलामू से कुल 45 खिलाड़ी एसजीएफआई गतका प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागी संत मरियम स्कूल, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, ब्राइट लैंड स्कूल, ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, ओरियंट पब्लिक स्कूल, संत जेवियर स्कूल, स्क्रेड हार्ट स्कूल और विमला पांडेय स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों से चयनित हुए हैं।संघ अध्यक्ष सोनू नामधारी ने कहा कि गतका केवल एक खेल नहीं, बल्कि सिख परंपरा, शौर्य और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पलामू के खिलाड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। मुख्य अतिथि अविनाश देव ने कहा कि खिलाड़ियों का आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता प्रशंसनीय है।

## झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पटाखे फोड़ने के नियम किए सख्त, सिर्फ रात 8 से 10 बजे तक की अनुमति

मेदिनीनगर। दीपावली और छठ पर्व के दौरान बढ़ने वाले वायु और ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि पटाखे केवल रात 8 बजे से 10 बजे तक फोड़ने की अनुमति होगी। इसके अलावा, बोर्ड ने 125 डेसिबल से अधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले पटाखों की बिक्री, निर्माण और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। ये नियम प्रदूषण को नियंत्रित करने और नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। बोर्ड ने आम जनता से अपील की है कि वे इन नियमों का कड़ाई से पालन करें ताकि पर्व की खुशियाँ प्रदूषण के खतरों में न बदल जाएं।

### शिवाजी मैदान में सजा पटाखों का स्टाल

## प्रशासन की सख्त निगरानी में शुरू हुई दीपावली खरीदारी 35 अस्थायी दुकानों पर मिल रहे पर्यावरण अनुकूल पटाखे, अग्निशमन दल तैनात

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** दीपावली और धनतेरस के मद्देनजर शहर के शिवाजी मैदान में प्रशासन की ओर से पटाखों का अस्थायी बाजार शुरू किया गया है। यह व्यवस्था भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और मुख्य सड़कों पर अवैध पटाखा बिक्री पर रोक लगाने तथा लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।शनिवार से शुरू हुए इस पटाखा बाजार में कुल 35 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां बच्चे, युवा और परिवारजन अपनी पसंद के रंग-बिरंगे पटाखे खरीदने पहुंच रहे हैं। मैदान में चहल-पहल बढ़ने के साथ ही दीपोत्सव की रौनक देखते ही बन रही है।सुरक्षा और व्यवस्था पर विशेष ध्यानजिला प्रशासन और नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि केवल लाइसेंस प्राप्त दुकानदारों को ही स्टॉल लगाने की अनुमति दी गई है। अग्निशमन विभाग की गाड़ियां, पानी के टैंकर और सुरक्षा बलों की टीम लगातार मैदान में तैनात रहेगी। नगर निगम ने स्टाल क्षेत्र में लोगों के प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग दो रास्ते बनाए हैं ताकि भीड़ पर नियंत्रण रखा जा सके।प्रत्येक स्टॉल मालिक को अग्निशामक यंत्र रखना अनिवार्य किया गया है। साथ ही प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अत्यधिक ध्वनि वाले पटाखों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। केवल पर्यावरण अनुकूल और मानक प्रमाणित पटाखों की बिक्री की अनुमति दी गई है।ग्राहकों की बढ़ रही भीड़ और नवीन आकर्षणपटाखा विक्रेताओं ने बताया कि इस वर्ष बाजार में कई नए प्रकार के आकर्षक पटाखे आए हैं जिनमें फुलझड़ी, अनार, चकरी, रॉकेट और लाइट शो पटाखे खास आकर्षण का केंद्र हैं। दुकानदारों को उम्मीद है कि रविवार और सोमवार को ग्राहक संख्या में और अधिक वृद्धि होगी। शिवाजी मैदान का यह अस्थायी पटाखा बाजार न केवल सुरक्षा का उदाहरण बन गया है, बल्कि दीपावली के पर्व को उल्लास और अनुशासन के साथ मनाने का एक सफल प्रयास भी बन गया है।

### दीपावली पर खाद्य सुरक्षा विभाग की सख्ती, जपला में कई होटल और मिष्ठान भंडारों का औचक निरीक्षण

## साफ-सफाई में लापरवाही पर जुर्माना, खराब रसगुल्ला किया गया नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** दीपावली त्योहार को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी पलामू, लव कुमार गुप्ता ने शनिवार को जपला के जेपी चौक और आसपास के क्षेत्रों में कई होटल व मिष्ठान भंडारों का औचक निरीक्षण किया। इसमें होटल मनपसंद, सिंह मिष्ठान भंडार, न्यू अमरदीप होटल, जय श्रीराम होटल, श्रीरामजी मिष्ठान भंडार, रंजन मिष्ठान भंडार, नरेश होटल, माता रानी मिष्ठान भंडार, चंदन होटल, आकाशदीप होटल और सुनील होटल शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान होटल मनपसंद, सिंह मिष्ठान भंडार और जय श्रीराम होटल में साफ-सफाई एवं भंडारण की स्थिति असंतोषजनक पाई गई। दुकानों में फूड लाइसेंस सहज दृश्य स्थल पर प्रदर्शित नहीं था। इन तीनों प्रतिष्ठानों पर आर्थिक जुर्माना लगाते हुए लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया।

कार्रवाई के दौरान सिंह मिष्ठान भंडार में रखे करीब तीन किलो खराब रसगुल्ले को नष्ट कराया गया। वहीं, जय श्रीराम मिष्ठान भंडार से लड्डू और न्यू अमरदीप होटल से रसगुल्ला का सैंपल लेकर जांच हेतु लैब भेजा गया।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रतिष्ठान फूड लाइसेंस प्राप्त करें और दुकान में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें।साफ-सफाई एवं हाइजीन का विशेष ध्यान रखें। केवल गुणवत्तापूर्ण और ताजा खाद्य सामग्री बेचें, एक्सपायर या सड़ी-गली सामग्री तुरंत नष्ट करें। प्रमाणित फूड कलर का निर्धारित मात्रा में ही उपयोग करें। पैकेज्ड खाद्य वस्तुओं पर लाइसेंस नंबर, निर्माण और एक्सपायरी तिथि अंकित होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आगामी दीपावली और छठ पर्व तक जिले में निरीक्षण अभियान लगातार चलेगा। उपभोक्ताओं की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता है, इसलिए किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### डीईओ कार्यालय में दीपावली की सौगात, एक-दूसरे को दी शुभकामनाएं

## डीएसई संदीप कुमार ने कर्मियों संग मनाया दीपोत्सव का उल्लास

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** दीपावली के शुभ अवसर पर शनिवार को पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) कार्यालय में उल्लासपूर्ण माहौल के बीच दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अवकाश पर जाने से पहले डीएसई संदीप कुमार ने सभी कर्मियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उपहार भेंट किए।इस अवसर पर लिपिक रामलखन सिंह, प्रशांत बिहारी, शशि पांडेय, रविरंजन पाठक, बलराम कुमार, मीरा कुमारी, अभिषेक पाठक एवं शीतल कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यालय कर्मियों को दीपावली उपहार दिए। उपहार प्राप्त करने वालों में महेश राम, आदेशपाल संभू राम, सतेंद्र पांडेय, प्रमोद राम, कंप्यूटर ऑपरेटर विनय विश्वकर्मा, राजा कुमार और अन्य कर्मी शामिल थे। इस मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली प्रकाश और सकारात्मकता का पर्व है। यह वह दिन है जब भगवान श्रीराम वनवास से अयोध्या लौटे थे और पूरे नगर को दीपों से सजाकर उनका स्वागत किया गया था। उन्होंने सभी कर्मियों से कहा कि वे अपने परिजनों के साथ दीप प्रज्वलित कर माता लक्ष्मी की आराधना करें तथा सुख-समृद्धि और सद्भाव का संदेश फैलाएं।

## मानदेय भुगतान में देरी पर सहायक अध्यापकों ने किया डीएसई कार्यालय का घेराव

● दीपावली से पहले भुगतान नहीं होने पर जताई नाराजगी एपीओ से स्पष्टीकरण तलब

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दीपावली के अवसर पर मानदेय भुगतान नहीं होने से नाराज सहायक अध्यापकों ने शनिवार को पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) कार्यालय का घेराव किया। अध्यापकों ने आरोप लगाया कि सरकार के स्तर से 16 अक्टूबर तक सभी शिक्षकों का मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश जारी किया गया था, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण अब तक राशि उनके खातों में नहीं पहुंची है।अध्यापकों का कहना था कि पलामू जिले में एपीओ के.के. चांद द्वारा समय पर भुगतान संबंधित डाटा अपलोड नहीं कराए जाने से भुगतान प्रक्रिया अटकी हुई है। उनका यह भी आरोप है कि संबंधित अधिकारी की यह आदत रही है कि हर माह उत्तर या पत्र समय पर अपलोड नहीं किए जाते, जिससे भुगतान में बार-बार देरी होती है।जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एपीओ के.के. चांद से स्पष्टीकरण मांगा है तथा एपीओ का मानदेय तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। अध्यापकों ने कहा कि दीपावली जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर वेतन न मिलने से त्योहार की खुशियां फीकी पड़ गई हैं। उन्होंने जिला शिक्षा विभाग से शीघ्र भुगतान की मांग की है ताकि आगामी त्यौहारों में ऐसी स्थिति दोबारा न बने।

### प्रशिक्षण उपरांत 59 एसएचजी महिलाओं को मिला प्रमाण पत्र

## आरसेटी पलामू में कृषि उद्यमी व आभूषण निर्माण का प्रशिक्षण सम्पन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पोखराहा खुर्द स्थित भारतीय स्टेट बैंक–ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), पलामू में शनिवार को "कृषि उद्यमी" एवं "रचनात्मक आभूषण निर्माण की अनिवार्यताएं" प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन किया गया। दोनों प्रशिक्षण क्रमशः 13 व 14 दिनों तक चले। समापन समारोह में कुल 59 स्व-सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।आरसेटी के निदेशक ब्रह्मा नंद साह, वरीय संकाय जितेंद्र मेहता एवं संकाय जयंत चक्रवर्ती ने संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र वितरित किया। वरीय संकाय जितेंद्र मेहता ने कहा कि कृषि उद्यमी कार्यक्रम रोजगारपरक है और इससे प्रशिक्षित 27 प्रतिभागी नई तकनीक से कृषि कार्य कर स्वरोजगार के अवसर बढ़ा सकते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का लाभ उठाकर स्वयं का व्यवसाय शुरू करने की प्रेरणा दी।दूसरे प्रशिक्षण "रचनात्मक आभूषण निर्माण की अनिवार्यताएं" में 32 महिलाओं को प्रमाण पत्र दिए गए। प्रशिक्षकों ने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद महिलाएं अपने घर से ही चूड़ी और ज्वेलरी बनाकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। जरूरतमंदों को स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों का मूल्यांकन ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के नेशनल एकेडमी ऑफ रुडसेटी द्वारा प्रतिनियुक्त असेसर ने किया। संस्थान के संकाय जयंत चक्रवर्ती ने बताया कि आरसेटी बेरोजगार युवाओं को उनकी रुचि के अनुरूप निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करती है। आगामी नवंबर माह में मशरूम खेती, कमर्शियल हॉर्टिकल्चर, गार्डनिंग एंड लैंडस्केपिंग तथा जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इस अवसर पर सहायक मणिकांत दूबे, शशि रंजन कुमार, मनोज चौधरी, संजय राम, अमरनाथ उरांव सहित कुल 59 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## व्यक्ति विशेष के प्रभाव में अनैतिक निर्णय ले रहे थे सहायक नगर आयुक्त : आशीष भारद्वाज

● नगर निगम में भ्रष्टाचार चरम पर, मंत्री ने दिए अधिकारी को हटाने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के समाजसेवी आशीष भारद्वाज ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सहायक नगर आयुक्त व्यक्ति विशेष से प्रभावित होकर लगातार अनैतिक व त्रुटिपूर्ण निर्णय ले रहे थे। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा किए गए कई कार्य भ्रष्टाचार से ग्रस्त रहे हैं, जिनमें विशेष रूप से 2 करोड़ 39 लाख रुपये की स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना में टेंडर शर्तों की अनदेखी की गई। न तो कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की गई, न ही सप्लाई का मानक रखा गया।आरोप लगाया गया कि जिस पदाधिकारी को वित्तीय निर्णय लेने का अधिकार नहीं था, उसी ने निविदा तय कर वित्तीय निर्णय लिया, जो नियमों का खुला उल्लंघन है।शहर की अव्यवस्थित स्थिति को देखते हुए आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल श्रवण गुप्ता, गौरी शंकर गुप्ता सहित अन्य सदस्य रांची पहुंचकर नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मिले। प्रतिनिधिमंडल ने सहायक नगर आयुक्त की मनमानी और भ्रष्टाचार की जानकारी विस्तार से दी।मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद उक्त सहायक नगर आयुक्त का पलामू से स्थानांतरण कर दिया गया।आशीष भारद्वाज ने कहा कि संबंधित अधिकारी लगातार कुछ पूंजीपतियों के प्रभाव में रहकर उन्हें लाभ पहुंचाने के इरादे से काम कर रहे थे। उनकी कार्यप्रणाली पूरी तरह व्यक्ति विशेष से प्रेरित थी, जिसके कारण नगर निगम में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया।

उन्होंने बताया कि व्यापार मंडल की ओर से नगर विकास मंत्री एवं विभागीय सचिव के समक्ष शहर के दुकानदारों की पुरानी मांग, दुकान किराया दर निर्धारण का मुद्दा भी उठाया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसका समाधान भी शीघ्र किया जाएगा।

### गुरुकुल विद्यालय में दीपावली पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित

## बच्चों ने रामायण के पात्रों का जीवंत मंचन कर जीता सबका दिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पाटन मोड़ स्थित गुरुकुल विद्यालय में दीपावली के अवसर पर शनिवार को एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक पंडित विजयानंद सरस्वती, पड़वा थाना के सब इंस्पेक्टर चिंटू कुमार और विजय कुमार रजक उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं और राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान जी के रूप में मंचन कर दर्शकों का मन मोह लिया। दर्शकों ने बच्चों की प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट से मंच गुंजा दिया।मुख्य अतिथि पंडित विजयानंद सरस्वती ने दीपावली, छठ महापर्व और कार्तिक माह के सांस्कृतिक महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत ही एकमात्र देश है जहां डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है — जो हमारी सभ्यता की विशिष्ट पहचान है। उन्होंने बच्चों को संघर्ष से आगे बढ़ने और अपनी संस्कृति को सहेजने का संदेश दिया।सब इंस्पेक्टर चिंटू कुमार ने बच्चों को दीपावली और छठ पूजा के दौरान सुरक्षा बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि दीपावली में पटाखे जलाने में सावधानी रखें और छठ पर्व पर घाट जाने में अभिभावकों का साथ अवश्य हो।विद्यालय के अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि भारत त्योहारों की भूमि है जो हमारी सांस्कृतिक विविधता और एकता का प्रतीक है। सचिव श्रीमती सोनम कुमारी ने विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और सावधानीपूर्वक पर्व मनाने का आग्रह किया। प्रधानाध्यापक सहेंद्र साव ने बच्चों को सभी त्योहारों को सम्मान एवं अनुशासन के साथ मनाने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम में शिक्षकगण राहुल गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता, रूपेश कुमार सिंह, रजनी सिंह, नेहा शुक्ला, सीमा श्रीवास्तव, संध्या मिश्रा, विजयलक्ष्मी, प्रीति कुमारी, अदिति कुमारी, खुशबू कुमारी, वर्षा कुमारी, अभिलाषा मिश्रा और विपिन कुमार सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय द्वारा ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में संस्कृति और कला के प्रति जागरूकता विकसित की जाती है।

### मुख्यमंत्री की कार्यशैली से प्रभावित होकर

## दर्जनों लोगों ने थामा झामुमो का दामन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नीतियों और जनहितकारी योजनाओं से प्रभावित होकर शनिवार को डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से आई दर्जनों महिलाओं और पुरुषों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के मार्गदर्शन में केंद्रीय समिति सदस्य सलोनी टोप्पो और रिजवान आलम के नेतृत्व में संपन्न हुआ।जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार ने लोककल्याण के अनेक कार्य किए हैं, जिसका परिणाम है कि लोग स्वतः प्रेरित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि "मैय्या सम्मान योजना" और गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना जैसी पहलें महिलाओं और छात्राओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं।केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष सन्नू सिद्दिकी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं का लक्ष्य एक समृद्ध और विकासोन्मुख झारखंड बनाना होना चाहिए। जिला प्रवक्ता चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि सरकार की लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है और जनता में झामुमो के प्रति विश्वास गहराता जा रहा है।सदस्यता ग्रहण करने वालों में आशा देवी, उषा देवी, रीना देवी, पनपति देवी, सोमरिया देवी, अनीता केरकेट्टा, कौशर परवीन, रेहाना बीबी, पवन यादव, राजकुमार राम, अनिल यादव, विनय कुमार, महाकाल तिवारी, श्रीकांत सिंह, नौशाद अंसारी, बाबूलाल यादव और आशीष सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल थे।इस अवसर पर कौशल कुमार, देवानंद भारद्वाज, राजेश कुमार सिन्हा और मंजू देवी सहित अनेक पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**मेराल।** थाना क्षेत्र के सोहबरिया गांव के रेलवे ट्रैक पर गोमो चोपन पैसेंजर और मालगाड़ी एक साथ आ जाने के कारण ट्रेन की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोहबरिया गांव निवासी मीरा देवी पति राजकुमार चौधरी उम्र करीब 40 वर्ष रेलवे लाइन किनारे गाय चराने गई थी। शाम के समय अपने पशुओं को लेकर मीरा रेलवे लाइन पार कर रही थी, इसी दरमियान गढ़वा की ओर से चोपन की ओर जा रहे गोमो पैसेंजर ट्रेन और सामने से एक मालगाड़ी पहुंच गई। दोनों ट्रेन को एक साथ आ जाने के कारण मीरा देवी के साथ एक गाय और एक बैल ट्रेन के चपेट में आ गए। घटना में दोनों जानवरों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि घायल अवस्था में मीरा देवी को सदर अस्पताल गढ़वा ले जाया गया जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। गढ़वा में पोस्टमार्टम करने के बाद मीरा के शव को अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया गया। घटना से मृतक के परिवार तथा गांव में गम का माहौल है।

### केतार में कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**केतार।** प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) केतार में शनिवार को प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के रसोइयों ने हिस्सा लिया और अपनी पाक कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय बलिगढ़, मध्य विद्यालय पाचाडुमर, मध्य विद्यालय परती, जमा उच्च विद्यालय परसोडीह, मध्य विद्यालय ताली तथा प्राथमिक विद्यालय नावाडीह के रसोइयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने पारंपरिक एवं पोषणयुक्त व्यंजनों की प्रस्तुति दी, जिसे लोहिया समता उच्च विद्यालय के बाल सांसद के प्रधानमंत्री, पोषण मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ने स्वाद लेकर चखा और मूल्यांकन किया। उनके निर्णय के अनुसार मध्य विद्यालय बलिगढ़ के रसोइया को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया और उन्हें विजेता का खिताब मिला, जबकि मध्य विद्यालय ताली उपविजेता रहा। इस अवसर पर सीआरपी श्याम किशोर सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता संकुल स्तर पर पहले आयोजित की गई थी, जिसमें चयनित विद्यालयों को प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया गया।

### हाइवा की चपेट में आने से बाइकसवार की मौत

**रंका।** रंका-चिनियां मुख पथ के मझिगावां में हाईवे एवं बाइक की टक्कर में एक युवका की मौत हो गयी जबकि दो लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर रामकंडा से इलाज कराकर अपने घर चिनियां प्रखंड के छतेलिया जा रहे थे। उसी समय सामने से आ रही हाइवा ने तीनों बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया। जिससे गिरकर चंदू सिंह एवं में परमाल सिंह घायल हो गया। वहीं घटना स्थल पर ही राजेंद्र सिंह की मौत हो गई। ग्रामीणों के प्रयास से घायलों को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर पीएलवी अमरेंद्र कुमार एवं डीएलबी राजेश कुमार चौधरी के द्वारा घायल मरीजों को डॉक्टर अतुल कुमार के द्वारा बेहतर उपचार करते हुए गढ़वा रेफर कर दिया।

### धनतेरस पर श्री बंशीधर नगर बाजार पूरी तरह सज-धज कर तैयार



श्री बंशीधर नगर। धनतेरस के पावन अवसर पर श्री बंशीधर नगर का बाजार पूरी तरह सज-धज कर तैयार हो गया है। बाजारों में रौनक बढ़ गई है, दुकानों को रंग-बिरंगी लाइटों और सजावटी सामग्रियों से आकर्षक रूप से सजाया गया है। खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है और पूरे क्षेत्र में एक उत्सवी माहौल बना हुआ है। चेचरिया स्थित यमुना ज्वेलर्स के प्रो. कमलेश सोनी ने बताया कि धनतेरस को ध्यान में रखते हुए उनके प्रतिष्ठान पर हॉलमार्क 760.916 शुद्धता वाले सोने के आभूषण, सोने के बिस्किट, चांदी के नये और पुराने सिक्के, चांदी के बर्तन, मूर्तियां, चांदी की डालियां, फूल, साथ ही पीतल और तांबे की मूर्तियां एवं बर्तन उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि ग्राहक यहां न सिर्फ गुणवत्ता प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि हर बजट के अनुसार उन्हें बेहतरीन विकल्प भी मिल रहे हैं।

### कनीय अभियंताओं को पंचायतवार जिम्मेदारी सौंपी गयी

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना के बेहतर और सुचारु क्रियान्वयन को लेकर प्रशासन ने बड़ी पहल की है। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रशांत कुमार ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से योजना के संचालन को सुदृढ़ बनाने हेतु कनीय अभियंताओं को पंचायतवार जिम्मेदारी सौंपी है। कनीय अभियंता आनंद कुमार को पाचाडुमर, परती कुशवानी और परसोडीह पंचायत, कनीय अभियंता राजीव कुमार को मुकुंदपुर और केतार पंचायत जबकि कनीय अभियंता सत्यम कुमार को लोहरगाड़ा और बलीगढ़ पंचायत की जिम्मेदारी दी गई है। बीडीओ प्रशांत कुमार ने जानकारी दी कि पूर्व में आनंद कुमार के अधीन सभी सात पंचायतें थीं, लेकिन ग्राम स्तर पर कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता को लेकर ग्रामीणों द्वारा शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

### डीएवी में छठ पूजा की झांकी निकली दीपोत्सव मनाया गया

**भवनाथपुर।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में शनिवार को विद्यालय के बच्चों द्वारा को-करिकुलम एक्टिविटी के तहत छठ पूजा की भव्य और मनमोहक झांकी निकाली गई। कार्यक्रम की शुरूआत संस्कृत शिक्षक प्रवीण पांडेय ने छठ पूजा का महत्व, इतिहास एवं व्रत की विधि पर प्रकाश डाला। इसके बाद छात्राओं ने पारंपरिक लोकगीत केलवा के बाद पर उगें सूरज देव का चाहिए बस के बहाने लटकत यस आदि गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर छठ पर्व की संपूर्ण प्रक्रिया घाट सज्जा, अर्घ्यदान और पूजा विधि को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। संगीत और साज-सज्जा के बीच पूरा विद्यालय परिसर छठ पूजा के पवित्र माहौल से रमणीक हो उठा। इस झांकी का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति और पर्व परंपराओं से अवगत कराना था।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार सिंह, वरिष्ठ शिक्षक ओम प्रकाश सिंह, प्रवीण कुमार पांडेय सहित अन्य शिक्षकों ने अर्घ्य दिलवाया। विद्यार्थियों ने दीपोत्सव के तहत रंगोली बनाई और दीप सजाकर विद्यालय परिसर को रोशन किया।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को दीपावली एवं छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं। मौके पर शिक्षक जयशंकर तिवारी, अनिल कुमार द्विवेदी, विभूतिभूषण साहू, शौकत अली, प्रमोद कुमार, संजय कुमार राय, सुमंत धर दुबे, अरुण कुमार सिंह, सूरज सिंह और रंजना वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

#### उपायुक्त ने भंडरिया के बिजका पंचायत में ग्रामीणों से किया संवाद, कहा-

# 56 वर्षों से अंधेरे में डूबे गांवों में अब जलेगी विकास की रोशनी

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश यादव शनिवार को भंडरिया प्रखंड के बिजका पंचायत पहुंचे, जहां उन्होंने पंचायत भवन बिजका में ग्रामीणों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। संवाद के दौरान ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याएं रखीं, जिनमें प्रमुख रूप से बिजली की समस्या को लेकर चिंता व्यक्त की गई। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के कई टोले एवं गांव अब तक विद्युत सुविधा से वंचित हैं। उपायुक्त ने ग्रामीणों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और कहा कि जिन टोलों या ग्रामों में अब तक विद्युतीकरण का कार्य पूरा नहीं हुआ है, वहां तेजी से कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि भंडरिया प्रखंड के बिजका पंचायत सहित सभी अविद्युतीकृत गांवों में 15 अगस्त 2026 तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी।



#### पेयजल योजना व राशन वितरण प्रणाली पर मिली शिकायतें

संवाद के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए कई जलमीनार खराब पड़े हैं, जिनसे पानी की आपूर्ति प्रारंभ होने के बाद दो-चार दिन में ही बंद हो गई। उपायुक्त ने संबंधित अभियंताओं को निर्देश दिया कि सभी खराब जलमीनारों की तुरंत मरम्मत कर निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा उपायुक्त ने जंगी सिंह पीडीएस विक्रेता की राशन दुकान का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विक्रेता उपस्थित थे, लेकिन नेटवर्क समस्या के कारण लोगों को राशन वितरण में कठिनाई हो रही थी। साथ ही दुकान पर इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन भी अनुपलब्ध थी और मैन्युअल तराजू से राशन तौला जा रहा था। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं आपूर्ति पदाधिकारी भंडरिया अमित कुमार को निर्देश दिया कि पीडीएस दुकानों की नियमित जांच की जाए, मशीनों को चार्ज रखकर ही वितरण किया जाए और किसी भी स्थिति में लाभुकों को राशन से वंचित न किया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि धोती-साड़ी योजना का लाभ उन्हें प्राप्त हो चुका है।

#### टोलों और ग्रामों का सर्वेक्षण कार्य पूरा

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी वंचित टोलों और ग्रामों का सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है और चरणबद्ध तरीके से विद्युतीकरण कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्युतीकरण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा ग्रामीणों को समय-समय पर प्रगति की जानकारी दी जाए। उपायुक्त दिनेश यादव ने बिजका पंचायत में ग्रामीणों के घरों का भी दौरा किया और सीधे लोगों से बातचीत की। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पिछले 56 वर्षों से बिजली नहीं है। पहले कभी बिजली के तार लगाए गए थे, लेकिन कनेक्शन चालू नहीं हो सका। इस पर उपायुक्त ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलंब कार्य आरंभ कर बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, गढ़वा ने बताया कि बीजका गांव के विद्युतीकरण के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

#### कल्याणकारी योजनाओं का स्थल निरीक्षण और जनता से अपील

इस दौरान उपायुक्त ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे पेयजल, राशन, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि का भी स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सक्रिय सहयोग करें और विकास कार्यों में भागीदारी निभाएँ। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है हर घर रोशन, हर गांव प्रगतिशील। ग्रामीणों ने उपायुक्त के इस आश्वासन पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे कदमों से ग्रामीण इलाकों में विकास की नई रोशनी पहुंचेगी।

#### सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पर अभद्र व्यवहार का मामला

## एसी-एसटी ने राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपा

नवीन मेल संवाददाता

**रंका।** एसी-एसटी मोर्चा बैनर तले संजय कुमार गौतम के अध्यक्षता में एक रैली निकाली गई। इस संबंध में नेता संजय कुमार गौतम ने बताय यह रैली सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पर जो अभद्र व्यवहार की गई है। उसके विरोध में यह रैली रंका थाना मोड़ से रंका मुख्य बाजार एवं रंका प्रखंड मुख्यालय में पहुंचे सभा में तब्दील हो गई। जहां पर संजय कुमार गौतम के द्वारा नुक्कड़ सभा की गई। नुक्कड़ सभा में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पर जो अभद्र व्यवहार की गई है उसका लोगों ने घोर निंदा करते हुए राज्यपाल के नाम रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी को दो सूत्री मांग पत्र सौंपी गई। मौके पर अध्यक्ष संजय कुमार गौतम, सचिव शुनेश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार, सत्येंद्र कुमार रवि, विश्वनाथ सिंह, खरवार जितेंद्र भुइयां, मनोज कुमार रवि, रविंदर उरांव, छोटन कुमार, रवि कर्म दयाल सिंह, कृष्ण कुमार रवि, मुकुल राम, विजय राम समते कई लोग मौजूद थे।




## एम.के. इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई दीपावली समारोह



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** एमके इंटरनेशनल स्कूल में दीपावली का पर्व पारंपरिक उल्लास, श्रद्धा और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अभिमन्यु कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ. राय रोज, प्रबंधक रविंद्र शर्मा और कार्यक्रम समन्वयक अमृता सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की।

कार्यक्रम में सबसे पहले कक्षा 9वीं के छात्रों द्वारा प्रस्तुत लक्ष्मी आरती ने समूचे वातावरण को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। डॉ. अभिमन्यु सिंह ने दीपावली के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने छात्रों को जीवन में सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक राम बनवास से अयोध्या और राम राज्याभिषेक ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इन प्रस्तुतियों ने भगवान श्रीराम की अयोध्या वापसी और राज्याभिषेक की कथा को जीवंत कर दिया। इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्रों की प्रतिभा और मेहनत स्पष्ट रूप से झलक रहा हैं। कक्षा 1 से 3 तक के नन्हे बच्चों ने भक्ति गीत के माध्यम से अपने मासूम अंदाज में दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विविधता और समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में जितेंद्र प्रताप यादव ने अपने प्रेरणात्मक संबोधन में छात्रों को मेहनत, अनुशासन, और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया। इसके पश्चात 11:30 बजे से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

### रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**मेराल।** पाराडाईज पब्लिक स्कूल स्थित लखेया रोड में शनिवार को दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने आकर्षक रंगोली बनाया। इस मौके पर विद्यालय निदेशक इंजीनियर इमाम ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए रंगोली प्रेरक है। रंगोली का सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व है। जिसमें समृद्धि सौभाग्य का प्रतीक है। दीपावली के मौके पर बच्चों को रंगोली अपनी रचनात्मकता और कौशल दिखाने का अच्छा अवसर प्रदान करता है। इस रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम ग्रुप में वैष्णवी, ग्रुप द्वितीय में नर्सिंग और वंदना ने ग्रुप तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर शिक्षक फिरदोस अंसारी, राजा प्रकक्षित दुबे,सुधीर कुमार,प्रतिमा कुमारी, सरफराज अंसारी अंचला कुमारी, हाजरा खातून, अंचला कुमार, प्रिया कुमारी उपस्थित थे।

### रंगोली प्रतियोगिता में शामिल हुए छात्र

**मेराल।** डीएवी लीला लातदाग वचन पब्लिक स्कूल में भी कई आकर्षक रंगोली सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बनाया। निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि दीपावली का त्योहार अंधकार पर प्रकाश है। असत्य पर सत्य बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, रिजवान अंसारी, बसंत कुमार, पवन कुमार, नागेंद्र ठाकुर, शमा परवीन सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे। वहीं एस जी एन मॉडर्न किंडर गार्डन स्कूल स्थित बांका रोड में भी रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अनेकों तरह के बच्चों द्वारा रोमांचक रंगोली बनाया गया। इस अवसर पर रामाशीष राम, दुर्गेश राम सहित सभी प्रतियोगी छात्र-छात्राएं सभी प्रतियोगी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना

ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 18/2025-26

(15th FC Health Sector)

कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड मनिका अन्तर्गत रांकीकला में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह | 01/2025-26 /ZP/LATEHAR |
| 2 | प्रखण्ड मनिका अन्तर्गत जान्हो में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह | 02/2025-26 /ZP/LATEHAR |
| 3 | प्रखण्ड मनिका अन्तर्गत बन्दुआ में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह | 03/2025-26 /ZP/LATEHAR |

1. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 30.10.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–06.11.2025, 5.00 बजे अपराहन् तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–08.11.2025 अपराहन 02:00 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
8. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या– 6205276661
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. उक्त निविदा में BCD/ जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
12. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

PR 364491 (Rural Development)25-26*D


## डंडई पैराडाइज पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

# रंगोली प्रतियोगिता से छात्राओं में सीखने की कला विकसित होती है : रमेश

नवीन मेल संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पैराडाइज पब्लिक स्कूल में शनिवार को दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूली छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें अलग-अलग क्लास की चार ग्रुप की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगोली बेहतरीन तरीके से बनाया। वही कई रंगों से उसे और रंगीन सजाया। वही रंगोली के माध्यम से सभी को दीपावली पर्व की बधाई दी। मौके पर विद्यालय के निदेशक सिकंदर प्रजापति ने कहा कि हर वर्ष दीपावली पर्व के अवसर पर विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें बेहतर रंगोली बनाने वाले प्रतिभागी छात्राओ को स्कूल प्रबंधन के द्वारा पुरस्कृत भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ साथ रंगोली समेत अन्य तरह की प्रतियोगिताओं का विद्यालय में आयोजन करने से बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्राप्त होता हैं। शिक्षक रमेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य रंगोली कला को बढ़ावा देना, कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना और प्रतिभागियों की रचनात्मकता को प्रदर्शित करना होता है। यह प्रतियोगिता लोगों को रंगोली बनाने की कला को सीखने और विकसित करने का अवसर प्रदान करती है, साथ ही साथ सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में भी मदद करती है। रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वालों छात्राओं में अमूल कोरा, रूपा कुमारी, चंचला कुमारी, सबरीना खातून, खुशबू कुमारी, पुष्पा कुमारी, अर्चना कुमारी, अंजली कुमारी, सहनाज खातून, पूजा कुमारी, वंदना कुमारी, अनशीका कुमारी, सिमरन कुमारी, नंदनी कुमारी, अंजू कुमारी, चम्पा कुमारी, प्रिया कुमारी, सोनाक्षी कुमारी सहित कई छात्राये शामिल थी। वहीं शिक्षकों में उपेंद्र कुमार, बिकी देवी, राधिका शिवानी उपस्थित थे।


समाहरणालय, गढ़वा
(जिला भू–अर्जन शाखा)

–ःआम सूचनाः–

NH-75 डेन्टल मोड़ से नावादोहरी पथ भाया हूर चार मुहान पथ चौडीकरण एवं मजबुतीकरण/पुर्ननिर्माण कार्य योजना अन्तर्गत रैयतों को सूचित किया जाता है कि निम्न ग्रामों में कैंप कर मुआवजा राशि की भुगतान से संबंधित विभिन्न राजस्व कागजात प्राप्त किया जाना है। संबंधित ग्राम के रैयतों से अनुरोध है कि निम्न तिथियों को आयोजित स्थान पर उपस्थित होकर अपना वांछित राजस्व कागजात जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही भूमि स्वामित्व प्रमाण एवं वंशावली प्रमाण पत्र ग्राम में कैंप लगाकर संकलन करना है। शिविर की निर्धारित तिथि निम्नवत है :–

| क्रं0 सं0 | प्रखण्ड | कैम्प के लिए निर्धारित स्थल | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | तिवारी मरहटिया | तिवारी मरहटिया पैक्स कार्यालय | 31.10.2025 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 2 | दूबे मरहटिया | | | |
| 3 | जरगढ़ | बिरबंधा पंचायत भवन | | 02:00 AM TO 05:00 PM |
| 4 | बिरबंधा | | | |
| 5 | हरैया | सामुदायिक भवन, हरैया | 01.11.2025 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 6 | झुरा | | | |
| 7 | महुपी | पंचायत भवन, फरठिया | | 02:00 AM TO 05:00 PM |
| 8 | फरठिया | | | |

NH-75 डेन्टल मोड़ से नावादोहरी पथ भाया हूर चार मुहान पथ चौडीकरण एवं मजबुतीकरण/पुर्ननिर्माण कार्य योजना संबंधित रैयतों से अनुरोध है कि भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, वंशावली आदि में किसी भी प्रकार की आपत्ति के निराकरण हेतु उक्त स्थल पर ससमय निम्न आवश्यक कागजात के साथ पहुँचें।

**आवश्यक कागजात** :– खतियान, केवाला, अद्यतन रसीद, पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शपथ पत्र/क्षतिपूर्ति बॉण्ड (कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा निर्गत), सह–हिस्सेदारों का सहमति पत्र, दो कलर फोटो एवं तीन रेवेन्यु टिकट के साथ–साथ यदि भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र/वंशावली (अंचल से निर्गत) हो तो।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 364476 Land Reforms(25-26)#D

## सरस्वती यात्रा के तहत छात्राओं का सदर अस्पताल भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार सरस्वती यात्रा के तहत कक्षा दर्शन की छात्राओं को लातेहार सदर अस्पताल का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को समाज के विभिन्न सेवा क्षेत्रों से परिचित कराना और उनमें संवेदनशीलता, सहयोग एवं कर्तव्यनिष्ठा की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी के कुशल निर्देशन में किया गया। भ्रमण के दौरान सदर अस्पताल के हॉस्पिटल मैनेजर राहुल कुमार एवं पंकज ने छात्राओं को अस्पताल की कार्यप्रणाली से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होंने पंजीकरण कक्ष, ओपीडी, एक्स-रे विभाग, गायनेकोलॉजिस्ट वार्ड, आईसीयू, इमरजेंसी वार्ड सहित विभिन्न विभागों का परिचय देते हुए उनकी महत्ता बताई। छात्राओं ने डॉक्टरों, नर्सों एवं अन्य चिकित्साकर्मियों के परिश्रम को निकट से देखा और स्वास्थ्य सेवा के प्रति उनके समर्पण की भावना से प्रेरित हुईं। विद्यालय के आचार्य ओंकार नाथ सहाय एवं रूबी सिंह के देखरेख में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने छात्राओं को भ्रमण के दौरान आवश्यक जानकारी देते हुए स्वास्थ्य, स्वच्छता और सेवा-भाव के महत्व पर भी चर्चा की। प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने कहा कि ऐसे भ्रमण छात्राओं में न केवल व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें समाज के प्रति संवेदनशील नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

### धनतेरस पर चार से पांच करोड़ का कारोबार होने का अनुमान

# करीब तीन करोड़ के दो पहिया वाहन बिके, लाखों के गहने

- देर रात तक होती रही खरीददारी, प्रशासन रही अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** धनतेरस के अवसर पर चंदवा में बीते साल से अधिक का कारोबार हुआ। दो पहिया वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन, सर्राफा, मोबाइल फोन और मिठाई के प्रतिष्ठानों में खूब भीड़ उमड़ी। बाजार में करीब चार से पांच करोड़ की खरीदारी का अनुमान लगाया जा रहा है। भीड़-भाड़ के कारण देर रात तक बाजार में चहल पहल रही। पुलिस भी बाजार में किसी भी अनहोनी घटना को रोकने के लिए अलर्ट थी। धनतेरस में अकेले ऑटो मोबाइल्स सेक्टर में करीब तीन करोड़ का व्यापर होने का अनुमान लगाया जा रहा है। करीब 300 से अधिक दो पहिया वाहनों की बिक्री होने का अनुमान है। इस बार बाजार पर लक्ष्मी मेहरबान रही है। बात चाहे सराफा दुकानों की हो या फिर होजरी की। बर्तन की दुकान हो या फिर किराना की, हर जगह दीपावली के तैयारी की धूम मची थी। खासकर इलेक्ट्रानिक सामान के व्यवसायी इस अनोखे अवसर को भुनाने में कोई कोताही नहीं बरत रहे। मोबाइल,टीवी,म्यूजिक सिस्टम आदि की दुकान पर भी ग्राहकों की भीड़ देखी गई। संभावित मांग के मद्देनजर दुकानदारों ने खास रेंज के सामान मंगा रखे हैं। दीपोत्सव के पहले दिन ही बाजार में करोड़ों का कारोबार होने से व्यापारी खुश दिखे। बाजार में दोपहर से ही ग्राहकों का आवागमन शुरू हो गया था। ऑटो मोबाइल्स और सराफा बाजार में पहले से बुकिंग हो चुकी थी। इसलिए लोगों ने मुहूर्त के अनुसार डिलीवरी ली। भीड़ भाड़ से बचने के लिए कई लोगों ने ऑनलालन बेवसाइटों से घर बैठे खरीदारी की। ऑललाइन खरीदारी करने वाले अनेक लोग मायूस भी हुए, क्योंकि समय पर उनकी डिलीवरी नहीं आई। शहर के विभिन्न दुकानों में लगे पटाखा बाजार में शुक्रवार को खरीदारों की भीड़ देखी गई। धनतेरस पर लोगों ने भी जमकर पटाखों की खरीदारी की गई। पटाखों का ही लाखों का कारोबार किये जाने का अनुमान है।

## 'हर घर स्वदेशी' घर-घर स्वदेशी के तहत कार्यक्रम



**लातेहार।** अधिवक्ता भवन में लातेहार जिला अधिवक्ता परिषद के तत्वाधान में आत्मनिर्भर भारत को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें आत्मनिर्भर भारत संकल्प हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी के तहत अधिवक्ताओं ने शपथ ली। कार्यक्रम में संरक्षक के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता राजमणि प्रसाद, अनिल ठाकुर, वासुदेव पांडे, विनीत कुमार सिन्हा, रमन महतो, विवेक कुमार गुप्ता, इसराइल कुजूर, निर्मल यादव, स्वप्निल कुमार, मिथिलेश कुमार, नरोत्तम पांडे, चाहत प्रवीण, गुल सरोवर, कौशल पांडे, धीरेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लातेहार जिला अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे के द्वारा किया गया।

## उत्तर कोयल परियोजना की समीक्षा को लेकर वापकोस व केंद्रीय जल आयोग की टीम का दौरा

- अवरोधों व विलंब के कारणों पर विस्तार से हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** शाहिद नीलाम्बर-पीताम्बर उत्तर कोयल परियोजना की प्रगति की समीक्षा एवं कार्यों के निरीक्षण हेतु वापकोस की अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक शिल्पा शिंदे के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय टीम ने लातेहार का दौरा किया। इस टीम में वापकोस के वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं जल शक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। टीम द्वारा उत्तर कोयल परियोजना की समीक्षा की गई और मंडल डैम, बरवाडीह आदि स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य प्रगति, परियोजना से संबंधित विभिन्न अवरोधों एवं विलंब के कारणों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके उपरांत परिसदन लातेहार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के साथ बैठक कर पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन से संबंधित मुद्दों, सड़क की स्थिति (बरवाडीह से मंडल तक) एवं अन्य प्रशासनिक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। टीम ने परियोजना के शीघ्र एवं सुचारू निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिए और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने पर बल दिया गया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक शिल्पा शिंदे को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान योगेश पथेनकर-सदस्य सचिव, केंद्रीय जल आयोग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, एचएस सेंगर-मुख्य अभियंता, सीडब्ल्यूसी, जल शक्ति मंत्रालय, संजय शर्मा- वरिष्ठ महाप्रबंधक वापकोस, मैनाक घोष-उप मुख्य अभियंता, वापकोस समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## गाय के नाम पर लाखों की ठगी ग्रामीणों ने उपायुक्त से लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** सदर प्रखंड अंतर्गत बरियातू खालसा व आसपास के गांवों के दर्जनों ग्रामीणों ने धर्मपुर निवासी विभूति पांडे के खिलाफ उपायुक्त को आवेदन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभूति पांडे ने खुद को ठेकेदार व गाय सप्लायर बताकर गांव के किसानों से करीब 10 हजार से 17 हजार 600 रुपये प्रति व्यक्ति वसूले हैं और यह कहकर कि वह उन्हें अच्छी नस्ल की गाय उपलब्ध कराएंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने विभूति पांडे को फोन-पे और अन्य ऑनलाइन माध्यम से पैसे ट्रांसफर किए थे, लेकिन आज तक उन्हें गाय नहीं मिली। जब वे पैसे या गाय की मांग करते हैं, तो विभूति पांडे फोन स्विच ऑफ कर लेते हैं, सामने आने पर धमकी देते हैं और जातिसूचक गालियां भी देते हैं। आवेदन देने वालों में मानकी सिह, शाहील अंसारी, राजु प्रसाद समेत कई पीड़ित शामिल हैं। सभी ने प्रशासन से मांग की है कि विभूति पांडे के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाया जाए।

### धनतेरस और दीपावली को लेकर एसपी ने ट्रैफिक व्यवस्था का लिया जायजा

## विभिन्न प्रतिष्ठानों के समीप पुलिस बल की कराई गई तैनाती

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** जिला मुख्यालय मे शनिवार की दोपहर धनतेरस व दीपावली को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिखी। शहर के विभिन्न चौक चौराहों और अधिक भींड वाले क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती कराई गई है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव स्वयं शहर के सड़कों पर उतर धनतेरस और दीपावली पर्व को लेकर विधि व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि दीपावली और धनतेरस में लोगों की भीड़ रहती हैं। इस दौरान कोई परेशानी नहीं हो, इसको लेकर पुलिस बल की तैनाती विभिन्न चौक चौराहों पर की गई है। ताकि यातायात की भी व्यवस्था ठीक रहे और लोगों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो सके। साथ ही मार्केट में भीड़ रहने के कारण किसी भी अपराधी तत्व या अपराधी घटना ना हो सके इसको लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। आगमी पर्व के दौरान भी पुलिस जवानों की तैनाती रहेगी। मौके पर मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा, प्रभारी थानेदार रमाकांत गुप्ता समेत कई पुलिस कर्मी शामिल थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दीपक व रंगोली बनाकर दिवाली मनाने का दिया संदेश

## पटाखे से परहेज कर दिया व रंगोली के साथ दीपावली मनाएं : अवनीकांत पाठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बालूमाथ में दीपावली पूर्व दीप उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भैया बहनों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई जो बहुत ही आकर्षक थी। रंगोली के साथ-साथ दीपक जला कर एक हैप्पी दिवाली का संदेश दिया। इस विषय में विद्यालय की प्रधानाध्यापक अवनी कांत पाठक ने कहा कि दीपावली खुशियों का त्योहार होती ह। इस त्यौहार में भी एक इतिहास रहा है जब 14 वर्षों के वनवास के बाद भगवान श्री राम अयोध्या वापस लौटे थे तो सारे अयोध्यावासी प्रभु श्री राम के आने की खुशी में पूरा अयोध्या को घी के दीये से सजाया था जिससे पूरा अयोध्या धाम जगमगा उठा था। तब से लेकर अब तक यह त्यौहार मनाया जा रहा है। लोगों से आग्रह करते हुए पाठक ने दिवाली की शुभकामना देते हुए कहा कि कुछ शरारती बच्चे दिवाली में बम पटाखे जलाते हैं जिससे वातावरण दूषित होता ही है जान माल का भी नुकसान होता है। इससे परहेज करना चाहिए। दिवाली में दीप जलाएं सुंदर-सुंदर रंगोली बनाकर त्योहार शांति सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील की। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक दीपक गुप्ता शिक्षिका अनीता, सोनम मनीषा, संगीता आदि के अलावा विद्यालय भैया बहन निक्कू, बंदना, आयुष, पंकज, प्रियांशु, दीपिका, माही, गरिमा सहित सैकड़ों बच्चे मौजूद रहे।

## शहीदों के सम्मान में आपका एक दीया शहीदों के नाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** दीपावली पूर्व शुक्रवार की शाम को मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित शहीद शक्ति स्मारक स्थल में लगातार 9वें वर्ष हर्षोल्लास के साथ आपका एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाम ढलते ही हजारों दीयों की दीपमालाओं से इसे रौशन किया गया और शहीदों की शहादत को याद किया गया। आयोजक पूर्व सैनिक वेल्फेयर ट्रस्ट के प्रखंड अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह समेत उपस्थित लोगों ने शहीद शक्ति सिंह के आदम कद प्रतिमा पर माला समर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। अध्यक्ष सिंह ने इस दौरान दीपावली पूर्व संध्या अपने-अपने घरों में एक दिया शहीदों के नाम जलाने का अपील समस्त मयूरहंडवासियों से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनय पांडेय ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर शिव कुमार सिंह, अशोक कुमार भूईया,ईश्वर पासवान, सत्येंद्र कुमार सिंह, इन्द्रदेव ठाकुर, महेंद्र नायक, आकाश कुमार सिंह, धनंजय कुमार सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## दीपावली उत्सव में सजी राम दरबार की झांकी

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** दीपावली के शुभ आगमन के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में राम दरबार का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, सचिव नरेंद्र कुमार पांडे, नगर के सम्मानित मीडियाकर्मियों एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।

अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे ने कहा कि मीडिया समाज का सशक्त स्तंभ है, जो शिक्षा और संस्कृति से जुड़ी सकारात्मक गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाता है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिशु एवं वाटिका वर्ग के नन्हे भैया-बहनों ने आकर्षक झांकी प्रस्तुत की और गीत-नृत्य के माध्यम से दीपावली के पावन संदेश को जीवंत किया। सचिव नरेंद्र कुमार पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि मीडियाकर्मी समाज में प्रेरणा के स्त्रोत हैं, जो विद्यालय की उपलब्धियों को समाज तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर नगर के मीडियाकर्मियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित अतिथियों में प्रमुख रूप से राजेश कुमार,धीरज कुमार, राहुल, योगेश प्रसाद, रामकुमार, नीरज सिन्हा, विवेक सिन्हा, संजीत पांडेय, पंकज गुप्ता, मनीष कुमार, आशीष टैगोर, रूपेश कुमार एवं वीरेंद्र प्रसाद शामिल रहे। प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने कहा कि मीडिया समाज का दर्पण है और उसका सहयोग विद्यालय के लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### तेज रफ़्तार ऑटो की चपेट में आने से कई राहगीर घायल



**चंदवा।** चंदवा में इन दिनों रफ़्तार के कहर से प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है। शुक्रवार की देर शाम भी रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित देवनद पुल के समीप एक बेकाबू ऑटो ने बाइक सवार व राहगीरों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गये। दुर्घटना में सुनील केरकेट्टा,चंदन केरकेट्टा,असीम टोप्पो,सीता देवी,आठ माह की मासूम मोनालिसा कुमारी एवं वीरेंद्र गंझू घायल हो गये। मुखिया रंजीत उरांव ने एवं चंदवा पुलिस द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को चंदवा सीएचसी भेजा गया जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार साप्ताहिक हाट के बाद सभी लोग अपने अपने गंतव्य को जा रहे थे, इसी दौरान चंदवा से कुड़ू की ओर जा रही बेकाबू ऑटो ने इन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि घटना के बाद पुलिस ने पीछा कर ऑटो को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन ऑटो अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा।

### संत जेवियर रामपुर में दीपावली उत्सव धूमधाम से मनाया गया



**महुआडांड़ (लातेहार)।** संत जेवियर्स ऐकेडीमी रामपूर में दीपावली को लेकर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें स्कूली छात्राओं ने एक से एक बढ़कर रंगोली बनाये। इधर संत जेवियर उच्च विद्यालय, गोठगांव में दीपावली का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए फूल, पत्तियां, चावल, दाल एवं अन्य प्राकृतिक वस्तुओं से अत्यंत सुंदर अल्पनाएं बनाई। इस अवसर पर अल्पना प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। पूरे विद्यालय परिसर को दीपों से सजाकर आलोकित किया गया। जिससे वातावरण में अपूर्व आनंद और प्रकाश का संचार हुआ। दीपावली के शुभ अवसर पर बच्चों ने भगवान श्रीराम, सीता एवं लक्ष्मण की अयोध्या वापसी पर आधारित एक लघु नाटिका भी अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत की, जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर खीस्टीना खलखो, फादर बलबीर टोप्पो और सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं के सहयोग से कार्यक्रम अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### कुर्मी समाज की मांगों के विरोध में हुई हुंकार महा रैली खरवार भोक्ता विकास संघ का जत्था हुआ शामिल

**बारियातू।** कुर्मी समाज की मांगों के विरोध में रांची स्थित प्रभात तारा मैदान में शुक्रवार को आयोजित हुंकार महा रैली में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसी क्रम में खरवार भोक्ता विकास संघ की प्रखंड कमिटी के नेतृत्व में बारियातू से एक जत्था विशेष रूप से रांची रवाना हुआ और रैली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।रैली में भाग लेने वालों ने कहा कि समाज के लोग अपने अधिकारों और समस्याओं की आवाज सरकार तक पहुँचाने के उद्देश्य से एकजुट हुए हैं। उनका कहना था कि यह आंदोलन सामाजिक न्याय और अपने समुदाय की पहचान की रक्षा के लिए जरूरी है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझू, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर गंझू, बालूभंग पंचायत के मुखिया केदार गंझू, फुलसू पंचायत अध्यक्ष अशोक भोगता, पिंकू गंझू, रामेश्वर गंझू, तेजू सत्तावन गंझू, फलेंद्र पचन और मनोज उरांव सहित बड़ी संख्या में संघ के सदस्य शामिल थे।विधायक प्रतिनिधि योगेन्द्र गंझू ने बताया कि खरवार भोक्ता समाज सरकार से अपनी मांगों के प्रति जागरूकता फैला रहा है और रांची की इस रैली के माध्यम से उन्होंने अपनी एकजुटता का संदेश दिया है। कार्यक्रम स्थल पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की बड़ी भीड़ रही।

### दीपावली पर प्रेस क्लब सिमरिया में जलेंगे आशाओं के दीपक

**सिमरिया (चतरा)।** एक अर्से बाद पुनः प्रेसक्लब सिमरिया का कायाकल्प युवा प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र देव प्रसाद की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण संभव हुआ। बीडीओ ने अपने वादे पर सत प्रतिशत खरा उतरे। उन्होंने पत्रकारों को एक माह पूर्व आश्वासन दिया था, दीपावली में प्रेस क्लब में दिया जलेगा। इसके लिए उन्होंने दिन रात एक कर पत्रकारों के लिए एक छत तैयार करा दिया। दीपावली को सज धज कर तैयार प्रेस क्लब के उद्घाटन दिन को 11 बजे एसडीओ सन्नी राज, एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल, चिकित्सा प्रभारी बीएन प्रसाद, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सीओ गौरव कुमार राय, पुलिस इंस्पेक्टर सन्नोज चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रेस क्लब द्वारा प्रखंड के तमाम जनप्रतिनिधि, सामाजिक और प्रबुद्धनागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

### धनतेरसर पर दिखा सोना-चांदी पर महंगाई का असर

**सिमरिया (चतरा)।** धनतेरस पर बाजार सजा परंतु रौनक नहीं रही। इस बार सिमरिया में सोना-चांदी में महंगाई का असर काफी रहा। खरीददार सोने चांदी की दुकान पर पहुंचे परंतु आसमान छू रहे सोने की कीमतों के कारण लोग चांदी के सिक्के ही लेकर वापस लौटते दिखे। जबकि इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर जीएसटी घटने के कारण भीड़ लगी रही। दो पहिया वाहनों में सबसे अधिक बैटरी वाले स्कूटी का डिमांड रहा। दोपहर तक सन्नाटा बाजार में दोपहर बाद भीड़ बढ़ने लगी। खरीददारी के लिए उमड़ी भीड़ सबसे अधिक बर्तन और झाड़ू के दुकान पर दिखी। अधिकांश लोग झाड़ू खरीद कर ही संतुष्ट दिखे। बाजार में 40 से लेकर 110 रुपए तक फूल वाला झाड़ू बिका। इस बार बाजार में मोमबत्ती से अधिक मिट्टी के दीए की मांग रही। दुकानदार मनोज, सिंह सुबोध सिंह, संदीप गुप्ता आदि ने बताया की अत्यधिक बारिश के कारण फसल हुए ही नहीं। जिसके कारण अधिकांश किसान के हाथ खाली पड़े हैं। बाजार में खरीदारों में किसानों की संख्या अधिक होती है।

### सीमेंट व हार्डवेयर दुकान में चारी

**चतरा/सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड अंतर्गत शिला ओपी क्षेत्र के आमगांवा गांव में अज्ञात चोरों ने साहू ट्रेडिंग सीमेंट एवं हार्डवेयर दुकान में बीते रात चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने दुकान में बिक्री का रखा 57 हजार नगद, लिंक का ताला 50 पिस, फेविक्विक एक बंडल, ड्रॉ लॉक, लाइट, बिजली बोर्ड सहित कई समान की खेरी की है। दुकान संचालक ने बताया कि मेरा घर से दुकान की लगभग पांच सौ मीटर दूर है। हर रोज की तरह रात को दुकान बंद कर घर गया। अगले सुबह ग्रामीणों से मुझे पता चला कि मेरा दुकान के सट्टर का ताला टूटा हुआ है। जब मैं दुकान पर पहुंचा तो दुकान का सट्टर का ताला टूटा हुआ था। उसके बाद इसकी सूचना शिला ओपी को दिया। प्रभारी राहुल दुबे दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे जांच पड़ता की और घटना से संबंधित जानकारी दुकान संचालक व आसपास के लोगों से लिया। संचालक ने बताया कि महाजन को देने के लिए दुकान में एक बैग में रखे 57 हजार रुपए नहीं है और गल्ले भी खाली है। पुलिस चोरों के पहचान के साथ धरपकड़ के लिए कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

# न्यूज बॉक्स

## उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड प्रशासन सक्रिय, छठ घाटों की सफाई में जुटे




**भंडरा।** आगामी लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर उपायुक्त के निर्देश के बाद प्रखंड के सभी पंचायत प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। उपायुक्त डॉक्टर ताराचंद के निर्देश पर प्रखंड के सभी नौ पंचायत क्षेत्र के सभी छठ घाटों की साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। भंडरा अखिलेश्वर धाम स्थित छठ घाट पर मुखिया इंद्रदेव उरांव, उदरंगी पंचायत के उदरंगी गांव स्थित छठ घाट मे मुखिया परमेश्वर महली व पंचायत सचिव अलोक लकड़ा एव भौंरो पंचायत मे मुखिया सुमंती उरांव व पंचायत सचिव अजय उरांव के नेतृत्व मे विभिन्न तालाब समेत सभी प्रमुख जलाशयों पर स्थानीय जल सहिया व अन्य जनप्रतिनिधि के साथ मिल कर घाटों से कचरा, जलकुंभी और गंदगी हटाने का कार्य किया। साथ ही घाटों के आस-पास की झाड़ियों की सफाई एवं मिट्टी समतलीकरण का भी कार्य कराया जा रहा है। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश के बाद सफाई कार्यों में तेजी लाई गई है। उन्होंने कहा छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जनप्रतिनिधि व कर्मियों को निर्देश दीया गया है। आने वाले दिनों में सभी घाटों की साफ-सफाई पूरी कर ली जाएगी।

## अभियान चला कर की गई छठ घाटों की साफ-सफाई



**लोहरदगा।** उपायुक्त के निदेश पर जिला के पंचायतों में मुखिया व वार्ड सदस्यों के नेतृत्व में छठ घाटों की साफ-सफाई हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, जल सहिया आदि ने तालाबों की साफ-सफाई की और गहरे तालाबों में गहराई संबंधी खतरा का निशान लगाने का कार्य किया गया। ज्ञात हो कि उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित "पंचाइत कर गोईठ" में उक्त विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देश सभी मुखिया को दिए गए थे। आज आयोजित कार्यक्रम की मॉनिटरिंग जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी द्वारा की गई। नगर प्रशासक को भी नगर क्षेत्र स्थित शंख नदी घाट, बड़ा तालाब, ठकुराइन तालाब समेत अन्य छठ घाटों की साफ-सफाई हेतु विशेष अभियान चलाने का भी निदेश दिया गया है।

## शिशु मंदिर में दीपसज्जा व रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में दीपावली के पूर्व दीपसज्जा एवं रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहनों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया और अपनी रचनात्मक कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान, भैया-बहनों ने अपनी कल्पनाशीलता का प्रयोग करते हुए एक से बढ़कर एक आकर्षक दीपों का निर्माण किया और परिसर को मनमोहक रंगोलियों से सजाया। उनकी कलाकृतियां भारतीय संस्कृति और दीपावली के महत्व को दर्शाती थीं। निर्णायक मंडल द्वारा भैया-बहनों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर, मुख्य रूप से तीन ग्रुपों को चयनित किया गया। जिसमे प्रथम स्थान सुयश सिंहा ग्रुप, द्वितीय स्थान सृष्टि कुमारी ग्रुप व तृतीय स्थान सिद्धि शर्मा ग्रुप रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेशचंद्र पांडेय ने विजेता भैया-बहनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में कलात्मक कौशल के विकास के साथ-साथ हमारी संस्कृति के प्रति जागरूकता भी पैदा करते हैं। कार्यक्रम के अंत में, प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभाशाली भैया-बहनों को विद्यालय परिवार की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला रहा। इस अवसर पर सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

## स्पोट्स एरिना का एसडीओ ने किया उद्घाटन

**लोहरदगा।** शहर के कचहरी मोड के निकट नगर परिषद मार्केट कंपलेक्स परिसर में स्थित स्पोट्र्स एरिना प्रतिष्ठान का भव्य उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने विधिवत किया। स्पोट्स एरिना प्रतिष्ठा के प्रोपराइटर हिफजूल रहमान ने अतिथियों का स्वागत कर स्पोट्स के विभिन्न खेल सामग्रियों से परिचय कराया। इस मौके पर एसडीओ अमित कुमार ने शहर के उत्तरी छोर पर स्पॉट्स सामग्रियों की उपलब्धता से खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलने की बात कही। कहा कि वर्तमान समय पढ़ाई के साथ खेलकूद का है। स्वस्थ तन मन के लिए रुचि के अनुसार लोगों को स्पॉट्स के विभिन्न गेम खेलना चाहिए। उद्घाटन के मौके पर जिप सदस्य संदीप गुप्ता, कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष पवन एक्का, पूर्व प्राचार्य शमीमा खातून, अफसर कुरैशी, अधिवक्ता लाल दीपक नाथ शाहदेव, सतीश विद्यार्थी, मो ताबीज, हाजी जुबेर, समेत बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# धन व सुख समृद्धि का प्रतीक, धनतेरस की रही धूम

## शहर के बाजारों में जमकर हुई खरीदारी, साइकिल बर्तन समेत अन्य की बिक्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** धन, वैभव, युख समृद्धि आदि का पर्व धनतेरस पर लोहरदगा के बाजारों में खास उत्साह देखने को मिला। मिठाई, पूजन के लिए लक्ष्मी - गणेश जी की मूर्तियां, चित्र, चांदी, ब्रास या सोने की मूर्तियां, पूजन की थाली, नए कपड़े, विवाह की खरीदारी, टी वी, , लैपटाप, कंप्यूटर, टैब, घड़ी, मोबाईल, डिनर सैट, टोस्टर, तंदूर, बलैंडर, जूसर मिक्सर, फ्रिज, गीजर, कुकर, माइक्रोवेव, फर्नीचर, घर की साज सज्जा, डेकोरेशन, पर्दे, पेंटिग्ज, सोफा, बेड, अन्य फर्नीचर, खिलौने, दीवाली की सजावटी लाईटें, पूजा सामग्री, खीलें ,बतासे, अखरोट आदि की जमकर बिक्री हुई। धन पूजन, बही खातों, डायरी, कलम दवात की भी खरीदारी हुई। साइकिल दुकानों पर भी धनतेरस पर जमकर भीड़ देखी गई। साइकिल दुकानदार कमल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में 1500 से 50 हजार तक के साइकिल मौजूद हैं। बताया कि लगभग 100 से ज्यादा साइकिल की बिक्री व एडवांस बुकिंग हुई है। मान्यता है कि दीवाली से दो दिन पहले पड़ने वाले इस त्योहार पर धनतेरस की सायं दीपदान किया जाता है ताकि पूरा परिवार यमराज के कोप से बचा रहे और परिवार में अक्समात कोई दुर्घटना न हो। घरों की भी सफाई की जाती है। शाम के समय प्रवेश द्वार पर रंगोली निर्मित की जाती है ताकि स्वच्छता देख कर लक्ष्मी जी घर पधारें। पुराणों के अनुसार धन्वंतरि जी का अवतरण समुद्र मंथन के अवसर पर अमृत कलश सहित हुआ था।

अतः इस दिन बर्तन या आभूषण खरीदना शुभ संकेत माना गया है। बर्तन तथा स्वर्ण या चांदी की धातुएं, स्टील की आल्मारी या तिजोरी, गृहोपयोगी होने के साथ साथ काफी हद तक स्थाई माने जाते हैं। धन तेरस अर्थात धन त्रयोदशी पर्व का अत्यंत महत्व माना गया है। धन तेरस के साथ पौराणिक ही नहीं अपितु आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। यह पर्व दीवाली के आगमन की सूचना देता है और महापर्व का पंचदिवसात्मक दिन आरंभ हो जाता है। वास्तव में यह दिवस, लक्ष्मी जी के स्वागत का, धन प्रबंधन का, आय बढ़ाने, बचत एवं निवेश के सामंजस्य का सुअवसर है।






### बर्तन बाजार में देखी गई रौनक, जमकर बिके कांसे पीतल व स्टील के बर्तन

**लोहरदगा।** धनतेरस को लेकर लोहरदगा का बर्तन बाजार में इस बार खास चहल पहल देखी गई। पीतल, कांसे व स्टील से निर्मित बर्तन समेत अन्य चीजों के कच्चे माल में तेजी होने के बाद भी व्यापारियों को धनतेरस पर लाखो रुपये के कारोबार हुई। देर रात तक बर्तनों के दुकानों पर भीड़ लगी थी। व्यापारियों की मानें, तो इस धनतेरस बाजार से करीब दो से तीन करोड़ का कारोबार हुई है। धनतेरस और दीपावली पर सर्राफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल्स, बर्तन और गिफ्ट आइटम की दुकानों से करोड़ों का कारोबार हुई। बिक्री को लेकर व्यापारियों में भारी उत्साह देखा गया। शहर के अपर बाजार, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, महावीर चौक, सोमार बाजार, सर्राफा बाजार में दुकानों को दुल्हन की तरह सजाया गया था। अलग-अलग वैराइटी के बर्तन दुकानों पर सजा रखे थे। अकेले बर्तन का ही एक करोड़ से अधिक का व्यापार होने की उम्मीद व्यापारियों ने जताई थी। इधर बर्तन व्यापारी विकास कांस्यकार , पिंटू कसेरा आदि का कहना है की इस बार धनतेरस पर नए स्टाक में स्टील के नए डिजाइन के बर्तन मंगाए थे। इंडेक्शन कढ़ाही, भगौना, चायपेन, थ्री इन इन वन, कूकर सहित स्टील के नए डिजाइन के बर्तनों की खूब मांग रही।

### जमकर हुई दो पहिया वाहनो की बिक्री, चार करोड़ के वाहनों के कारोबार का अनुमान

**लोहरदगा।** लोहरदगा। इस बार दीपावली पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा हैं। यही वजह हैं कि विगत दो दिनों में शहर के आटो मोबाईल शो रूम से अब तक 500 से ज्यादा वाहनों की बुकिंग व बिक्री हो चुकी हैं। इस बार दो पहिया व चार पहिया वाहनों की खरीदी पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हुई। आटो मोबाइल कंपनी यामाहा मोट्र्स के संचालक मुन्ना साहू ने बताया कि यामाहा के स्कूटी बाइक को लेकर लगभग 50 से ज्यादा वाहन बिक चुके है जबकि 30 से ज्यादा की बुकिंग हुई है। उन्होंने बताया कि स्कूटी के क्षेत्र में ज्यादा माइलेज वाली गाड़ियों में यामाहा का नाम सबसे ऊपर है। हमारे पास हाइब्रिड स्कूटी है जो 75 किमी का माइलेज देती है। वही बजाज शोरुम के संचालक शैलेश महतो ने बताया कि इस बार लगभग 45 से ज्यादा वाहनों की बिक्री व 30 से ज्यादा की एडवांस बुकिंग हुई है। वही टीवीएस मोटर्स के संचालक सतीश जायसवाल ने बताया कि सबसे ज्यादा हमारे कंपनी के वाहन शहर में बिके है। वही हीरो मोटर्स के संचालक कमल महतो ने बताया कि लगभग 50 से ज्यादा वाहनों की बिक्री हो चुकी है। कुल मिलाकर शहर में लगभग 300 से ज्यादा छोटे वाहनों की बिक्री हुई है और लगभग चार करोड़ रुपये के वाहनों की बिक्री हुई है। संचालको ने बताया कि इस बार बाजारों में कई नई नई वाहनों के मॉडल थे जिस कारण लोगो का आकर्षण रहा। खास तौर पर युवा वर्ग अपनी पसंद की दो पहिया वाहन खरीदें। वही दो दिनों पहले से ही कई वाहनों का एडवांस पैसा देकर धनतेरस पर डिलीवरी लेने की तैयारी में उपभोक्ता थे।

## अंचल थाना दिवस पर जमीन संबंधित मामले की हुई सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा।** अंचल कार्यालय अन्तर्गत अंचलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त के निर्देश पर शनिवार को अंचल थाना दिवस का आयोजन किया गया।अंचल थाना दिवस कार्यक्रम में अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत द्वारा सुनवाई कार्यक्रम में अंचल क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आये ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई तथा समाधान करने का विश्वास दिलाया दिया गया। सुनवाई के क्रम में जमीन संबंधित मामलों का समाधान भी किया गया। तथा अन्य कुछ मामले को अपर समाहर्ता के पास भेजने का प्रस्ताव रखा गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। उपायुक्त डॉ कुमार ताराचन्द के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को अंचल थाना दिवस



का आयोजन सीओ द्वारा अंचल कार्यालय परिसर में किया जाना है। इसमें अंचल कार्यालय से लेकर प्रखंड व थाना क्षेत्र के अंतर्गत भूमि से संबंधित सभी मामले का समाधान संबंधित अधिकारियों के द्वारा किया जायेगा। वही थाना अंचल दिवस कार्यक्रम में आए अंचल क्षेत्र के ग्रामीणों का जमीन से सम्बंधित मामलों में अंचलाधिकारी द्वारा हल्का अनुसार सम्बंधित राजस्व कर्मचारियों से जमीन का जांच कर जांच प्रतिवेदन मांगा गया है। तथा सभी जमीन मालिक को भी दोनों पक्ष से जमीन का दस्तावेज अंचल कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया है। वही सीओ पंकज कुमार भगत ने कहा कि जब तक दोनों पक्ष के भू स्वामी जमीन से सम्बंधित दस्तावेज कार्यालय में उपलब्ध नही कराते हैं। तब तक सही निर्णय करना सम्भव नही है। जिसके लिए सभी को ससमय जमीन से सम्बंधित कागजात उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिसे अगले अंचल थाना दिवस में सही भू स्वामी के पक्ष में उचित निर्णय दिया जा सके।मौके पर प्रभारी अंचल निरीक्षक सह राजस्व कर्मचारी प्रवीण साहू,नितशिखा तिर्की,विशाल सिंह के अलावे ब्रजेन्द्र सिंह,गन्दूर उरांव, रामलगन महतो,विजय साहू समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## दीप सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन

**लोहरदगा।** दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा में दीप सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता और कला-कौशल का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए विभिन्न रंगों, दीपों और सजावटी सामग्रियों से मनमोहक सजावट प्रस्तुत की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्या कुमारी (कक्षा 11वीं विज्ञान) ने, द्वितीय स्थान स्नेहा कुमारी (कक्षा 12 वीं कला) और तृतीय स्थान सृष्टि एक्का (कक्षा 11वीं विज्ञान) ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य बिपिन कुमार दास ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि "ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में सृजनशीलता, परिश्रम और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति लगाव को बढ़ावा देती हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि दीपावली जैसे पावन पर्व का सार केवल दीप प्रज्ज्वलन में नहीं, बल्कि अपने मन के अंधकार को भी मिटाने में है। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी, नीतू कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, सनोज कुमार साहू, युगेश कुमार साव, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और भैया-बहन उपस्थित रहे।

### भंडरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## हथियार के साथ चार गिरफ्तार चोरी का सामान हुआ बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** भंडरा थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अपराधियों को हथियार और चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान अनिल उरांव (29), अजय उरांव (26), पंचम उरांव (30) और बसंत उरांव उर्फ प्रिंस उरांव (25), सभी ग्राम गोके, थाना नरकोपी, जिला रांची के रूप में हुई है। एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने अपराधियों के पास से तीन देशी कट्टा, तीन जिंदा गोली, चार मोबाइल फोन, चांदी जैसे आभूषणों के कई जोड़े (बाला, पायल, बिछिया, अंगूठी, झुमका आदि) बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि 17 अक्टूबर की रात गुप्त सूचना मिली थी कि चट्टी चौक के पास नरकोपी रोड के मोड़ के समीप बने शेड में कुछ युवक हथियारों के साथ किसी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) समीर कुमार तिर्की के नेतृत्व में अंचल निरीक्षक लोहरदगा सुधीर साहू एवं भंडरा थाना प्रभारी रविरंजन कुमार के संयुक्त नेतृत्व में छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही युवक भागने लगे, लेकिन पीछा कर चार लोगों को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान अनिल उरांव के पास से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस, अजय उरांव और पंचम उरांव के पास से एक-एक देशी कट्टा तथा एक जिंदा गोली बरामद हुई। इन तीनों का पूर्व आपराधिक इतिहास भी रहा है। इस संबंध में भंडरा थाना कांड संख्या 76/25, दिनांक 18.10.25, धारा 25 (1-B)(a), 26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सभी गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस पूछताछ में अपराधियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 12-13 अक्टूबर की मध्यरात्रि में कोटा गांव निवासी दशरथ उरांव के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान — चांदी के बाला, पायल, बाली, अंगूठी, बिछिया, झुमका आदि बरामद किए गए हैं। इस संबंध में भंडरा थाना कांड संख्या 75/25, दिनांक 13.10.25, धारा 331(4)/305(a) भा.दं. सं. दर्ज की गई है। छापामारी दल में पु.अ.नि. रविरंजन कुमार (थाना प्रभारी भंडरा), स.अ.नि. रामदेव कुमार राय, स.अ.नि. संजय कुमार दास, स.अ.नि. नरेंद्र कुमार पांडेय, स.अ.नि. संतोष कुमार राय, गृह रक्षक नीरज कुमार मिश्र, आ.501 बुधराम सिंह मुंडा, चा.आ.716 निर्मल मार्शल मिंज, म.आ.08 जिवंती मिंज, आ.819 विजय लकड़ा और आ.557 मुन्ना लोहरा शामिल थे।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक 4013दिनांक 17.10.2025

**अल्पकालीन ई0–कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या UDHD/MMC/16/2025-26**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निगम में सफाई व्यवस्था सुदृढ करने हेतु Mini Jetting Machine mounted on pik up or yodha vehicle क्रय की आवश्यकता है। इच्छुक सामग्री निर्माण कम्पनी या निर्माण कम्पनी द्वारा अधिकृत एजेन्सी को ई0–कोटेशन के माध्यम से दिनांक 03.11.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक निर्दिष्ट सामग्रियों की दर जमा करना होगा। ई0–कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शुल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 50,000/- रू0 ऑन–लाईन करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन दिनांक 04.11.2025 **को 2:00 बजे अपराह्न** नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। Mini Jetting Machine से संबंधित सामग्री क्रय किये जाने से संबंधित सामग्रियों की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| S.L | Items Name | Description | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1 | Mini Jetting Machine mounted on pik up or yodha vehicle | 1. Tank Capacity - 1500-200Ltr<br>2. Operating Pressure - 150 bar<br>3. Tank Material - G.I/M.S<br>3. Hose Length - 45-50<br>4. Pump Capacity - about 70 LMP<br>5. Tank Thickness - 4-5<br>6. Manhole - 1 Nos<br>7. Jetting Nozzle - 2 Nos<br>8. Machine/Engine yodha - Mahindra Bolero or Tata<br>9. Fuel Type - Diesel<br>10. Engine - B svi<br>11. Wheel - 4 Wheel | 1 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/– नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR.NO.364464 District(25-26):D



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय, लातेहार

**अपील**

**प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PMVBRY)**

**Employment Linked Incentive (ELI) Scheme**

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना **(PMVBRY) Employment Linked Incentive (ELI) Scheme** की शुरूआत की गयी है, जिसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन करना/रोजगार उन्मुखी बनाना एवं सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार के द्वारा इस स्कीम का शुभारंभ किया गया है।

**ELI Scheme At a Glance**
- Benefits to manufacturing sector for 04 years and 02 years for other sectors
- Targeted Job Creation ; 3.5 Crore jobs
- Schemes Implemented through EPFO
- Schemes has two Parts viz. Part A – (First Timers) and Part B- for employers
- Date of Start of Scheme – 1st August 2025
- Registration Period : 1st August 2025 – 31st July 2027

**ELI Objectives**
- Incentivize additional employment in formal sector and sustain it.
- Catalyze employment generation across all sectors
- Additional Focus on job creation in the manufacturing sector.
- Promote employability and formalization of workforce.
- Strength financial literacy

**Benefits of the Scheme**

**Employee**
- Financial support from Government for first timers;
- More Youth in formal workforce;
- Social security benefit coverage for first-timers;
- Financial literacy skills;
- On job training making First-Timers employment
- Improved employability through sustained employment

**Industry**
- Offset cost of additional job creation;
- Enhanced workforce productivity;
- Incentivize coverage of social security net.

लातेहार जिला अन्तर्गत सभी औद्योगिक प्रतिशठानों/संस्थानों/कॉरपोरेट/कम्पनी तथा औद्योगिक संस्थान में कार्य करने वाले कर्मचारियों/पहली बार रोजगार पाने वाले युवक/युवतियों से अपील है कि **PMVBRY Scheme** का अधिक से अधिक लाभ आवश्य उठायें।

नोटः विशेश जानकारी जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार तथा **EPFO** के वेबसाईट से प्राप्त कर सकते हैं।

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 364511 (Labour Employment and Traning)25-26*D


### उपायुक्त ने बुलाई आपात बैठक, पदाधिकारियों को दिए निर्देश

# अव्यस्क बच्चों के वाहन चालन पर होगी कार्रवाई : डॉ. ताराचंद

- शहरी क्षेत्र के लिए गति सीमा निर्धारित करें साइनेज लगाएं, नियमित रूप से सभी तरह के वाहनों की हो चेकिंग

**नवीन मेल संवाददाता**



### आमजनों से फीडबैक देने की अपील

जिला में जिस क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं उससे संबंधित जानकारी, संभावित दुर्घटना क्षेत्र की जानकारी, पथ की स्थिति, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने से संबंधित सुझाव कोई भी व्यक्ति व्हाट्सएप नंबर 9608354154 व ई-मेल आईडी roadsafety.lohardaga@gmail.com पर अपना फीडबैक/सुझाव दे सकते हैं।

### नियमित वाहन जांच अभियान चलाने व कार्रवाई का निर्देश

उपायुक्त द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी और पुलिस विभाग को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए नियमित रूप वाहन जांच अभियान चलाये जाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि किसी अव्यस्क द्वारा अगर भारी वाहन चलाते हुए पाया जाता है तो उक्त वाहन मालिक व संबंधित कंपनी पर कानूनी कार्रवाई होगी। हेल्मेट चेकिंग, हैलोजन लाईट लगाने वाले वाहन, स्पीड राइडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच करने, ट्रिपल राइडिंग, लाइसेंस चेकिंग, नंबर प्लेट की चेकिंग समेत अन्य निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन को आपदा से संबंधित मामलों में त्वरित पोस्टमार्टम रिपोर्ट थानों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि यातायात नियमों से संबंधित जागरूक किया जाए। दुर्घटनाओं की समीक्षा की जाए कि किस विशेष समयावधि में दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं। साथ ही, प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

लोहरदगा। जिला में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में शनिवार को सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु विभिन्न विभागों को सख्त निर्देश दिए। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल रांची, पथ प्रमण्डल लोहरदगा और नगर परिषद को अपने संबंधित पथों और हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि के साथ मिलकर बॉक्साइट खनन क्षेत्र के दुर्घटना से संबंधित पथों की जांच और तकनीकी त्रुटियों के निराकरण हेतु प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, पथ में तकनीकी त्रुटियों का एक माह में निराकरण कराते हुए प्रतिवेदन समर्पित देने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय उच्च प्रमण्डल को विशेषकर शहरी क्षेत्र में वाहनों के लिए निर्धारित गति सीमा का साइनेज लगाये जाने और सड़क की चौड़ाई से संबंधित मार्किंग करने का निर्देश दिया गया। जहां राष्ट्रीय उच्च पथ निर्माण में तकनीकी खराबियां हैं उसे ठीक कराने का भी निर्देश दिया गया। सोमवार और शुक्रवार शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक वर्जित करने से संबंधित निर्देश दिया गया। साथ ही, इसका अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद को न्यू रोड लोहरदगा में नालियों को ढंके जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही अनुमण्डल पदाधिकारी और नगर परिषद प्रशासक को शहरी क्षेत्र में पथ से अतिक्रमण हटाये जाने व आवश्यक कार्रवाई का भी निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, डीएसपी समीर तिर्की, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, जिला परिवहन पदाधिकारी जया संखी मुर्मू, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, नगर प्रशासक मुक्ति किड़ो, कार्यपालक अभियंता एनएच, उत्पाद अधीक्षक, डीडीएमओ प्रमोद दास, सदर अंचल अधिकारी व सदर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि, आईराइड मैनेजर समेत अन्य उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## डीडीसी ने नारी निकेतन, वृद्धाश्रम व दृष्टिबाधित विद्यालय में मनाई दीपावली

**गुमला।** दीपावली के पावन अवसर पर आज उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने सीलम स्थित नारी निकेतन, वृद्धाश्रम एवं दृष्टिबाधित-दुर्बल विद्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के निवासियों से बातचीत की, उनके साथ समय बिताया और मिठाइयाँ वितरित करते हुए दीपावली का पर्व हर्षोल्लास और सामाजिक सौहार्द्र के साथ मनाया। उप विकास आयुक्त महतो ने बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों से उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि संस्थान में रहने वाले सभी व्यक्तियों को समय पर आवश्यक सुविधाएं और देखभाल उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा की ऐसे संस्थानों में रह रहे लोगों के साथ पर्व मनाना आत्मिक संतुष्टि देता है। उप विकास आयुक्त महतो ने सभी निवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और आशा व्यक्त की कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियाँ, स्वास्थ्य और उजाला लेकर आए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे महतो के साथ उत्साहपूर्वक दीप जलाकर और मिठाइयाँ ग्रहण कर दीपावली का आनंद मनाते दिखाई दिए।

## सफल प्लेसमेंट ड्राइव, छात्राओं को मिले सर्टिफिकेट व सिलाई मशीन

**चैनपुर।** स्थानीय दिशा स्किल्स सेंटर में एक भव्य प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए सर्टिफिकेट, ऑफर लेटर और सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम ने छात्राओं के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास की नई चमक ला दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुमला जिला के श्रम पदाधिकारी और जिला कौशल विकास पदाधिकारी रविंद्र सर उपस्थित थे। उनके साथ डीएससी अखिल केरकेट्टा, जिला पार्षद मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, और दिशा सेंटर के मैनेजर कुलदीप कुमार भी मंचासीन थे।अतिथियों ने अपने संबोधन में छात्राओं के सफल प्रशिक्षण और उनके रोजगार की दिशा में की गई इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि कौशल विकास आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इस तरह के केंद्र ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।इस अवसर पर कई छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। एमेलिया कुजूर, गुलाबसा खातून, और अफसाना प्रवीन को सिलाई मशीन प्रदान की गई, जिससे वे अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर सकें। इसके अतिरिक्त, नैशी कुमारी, रिया ऐंगल तिर्की, सोनी कुमारी, वंदना तिर्की, कुसुम लकड़ा, नेहा मिंज, मुनि मिंज, और अनीता कुमारी को सिलाई मशीन कीट भेंट की गई।

## 16 वर्षीय असरीता कुमारी टीबी से ग्रसित बीमारी के कारण छोड़नी पड़ी पढ़ाई




**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड के घाघरा पंचायत अंतर्गत कोचा गांव निवासी राम उरांव की 16 वर्षीय पुत्री असरीता कुमारी यक्ष्मा ( टीबी) जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो गई है। बीमारी के कारण कक्षा 6 तक पढ़ने के बाद पढ़ाई लिखाई छोड़ चुकी है। यह मामला तब प्रकाश में आया जब रेफरल अस्पताल सिसई परिसर में यक्ष्मा रोगियों के बीच दवा और पोषण किट का वितरण किया जा रहा था। असरीता कुमारी ने बताया कि सबसे पहले सर्दी खांसी हुआ था उसके बाद अचानक बीमारी बढ़ गया। बीमारी के कारण शरीर में भारी कमजोरी रहता है, जिससे चलने फिरने में काफी दिक्कत होती है। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजन ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## रायडीह प्रखंड में विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ की बैठक आयोजित

**गुमला।** शनिवार को रायडीह प्रखंड में झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी ने की, जबकि बैठक का संचालन प्रखंड कोषाध्यक्ष सीमा देवी ने किया। बैठक में संघ ने संकूल कमेटी गठन करने और प्रखंड स्तर पर सम्मेलन आयोजित करने पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने की रणनीति और तैयारी पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से लोरेन टीना कुजूर, बेरोनिका खलखो, रोशनी एक्का, सुरज मुनी देवी, देवनती देवी सहित कई रसोइया संयोजिका अध्यक्ष उपस्थित रहीं। सभी ने विद्यालयों में रसोई सेवाओं की गुणवत्ता सुधार और कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा के लिए सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। प्रखंड कोषाध्यक्ष सीमा देवी ने बैठक में कहा की संकूल कमेटियों के गठन से प्रखंड स्तर पर कार्यों में पारदर्शिता और गति आएगी। साथ ही सभी रसोइया संयोजिकाओं की एकजुटता सुनिश्चित होगी।" बैठक में उपस्थित सभी सदस्य यह सुनिश्चित करने पर भी सहमत हुए कि रसोइया कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और अन्य सुविधाओं के मुद्दों को उठाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## 12 साल से फरार 376 का स्थायी वारंटी संजय खलखो गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**चैनपुर।** चैनपुर थाना ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 12 वर्षों से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार वारंटी का नाम संजय खलखो है, जो बलात्कार, छेड़छाड़ और अन्य संगीन मामलों में आरोपी था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, संजय खलखो, उम्र लगभग 38 वर्ष, पिता- स्वर्गीय मार्टिन खलखो, ग्राम- कोन्केल, थाना- चैनपुर का रहने वाला है। उसके खिलाफ चैनपुर थाना में कांड संख्या-05/13, दिनांक-03/04/13 को भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 354(B) और 511 के तहत मामला दर्ज किया गया था। यह मामला जीआर-301/13 के रूप में न्यायालय में लंबित था।आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए पिछले 12 सालों से लगातार फरार चल रहा था, जिसके बाद माननीय न्यायालय ने उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया था। चैनपुर थाना पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को संजय खलखो को उसके गाँव से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे माननीय न्यायालय, गुमला के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस गिरफ्तारी को गुमला पुलिस के लिए एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

## पहली बार शहीद सम्मान समारोह का आयोजन

**गुमला।** जिले में पहली बार शहीद सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान में "शहीद सम्मान समारोह" का आयोजन आज जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, गुमला में किया गया। यह कार्यक्रम उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की पहल और निर्देशानुसार आयोजित हुआ, जिसका संचालन जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी ललन कुमार रजक ने किया। समारोह में जिले के लगभग 20 वीर नारियों और 12 भूतपूर्व सैनिकों को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का के पुत्र विंसेंट एक्का भी उपस्थित रहे और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) राजीव नीरज, जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी सुशील कुमार खाका सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी ललन कुमार रजक ने कहा की उपायुक्त महोदया के निर्देश में यह आयोजन शहीद सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान में किया गया है। हमारे सैनिकों के बलिदान को स्मरण करना समाज का नैतिक कर्तव्य है।" उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने सभी वीर नारियों और भूतपूर्व सैनिकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा की देश की सेवा में जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, उन्हें हम नमन करते हैं। समारोह के दौरान सैनिक परिवारों ने अपनी समस्याएँ और सुझाव रखे, जिन्हें प्रशासन ने गंभीरता से सुना है। त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन हमेशा सैनिक परिवारों के साथ है। अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) राजीव नीरज ने कहा की शहीद सैनिकों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। उनके परिवारों की सहायता और सम्मान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। समारोह के दौरान शहीद सैनिकों के परिजन अपने अनुभव साझा करने के साथ प्रशासनिक और कल्याणकारी विषयों पर चर्चा में शामिल हुए।

# धनतेरस के अवसर पर भरनो के बाजारों में ग्राहकों की भीड़, खूब की गई खरीदारी

नवीन मेल संवाददाता








**भरनो।** प्रखंड का मुख्यालय के सभी मार्केटों एवं बाजार में शनिवार को धनतेरस के अवसर पर ग्राहकों की खूब भीड़ रही लोगो ने धनतेरस में खूब खरीदारी करते नजर आए। धनतेरस को लेकर सभी दुकानों में रौनक देखते ही बन रही थी, जहां ज्वेलरी के दुकान से लेकर बर्तन के दुकान, इलेक्ट्रॉनिक दुकान, पटाखे की दुकान, बाइक के शोरूम में एवं भगवान गणेश और लक्ष्मी की मूर्ति की दुकान मे ग्राहकों की खचाखच भीड़ है। ज्वेलरी दुकान में जहां चांदी के शिक्के 1050 से 4500 तक का बिक रहा था। भरनो मुख्यालय में धनतरेस में मुख्यालय के दुकानों में लगभग 30 लाख की खरीद बिक्री हुई। वहीं धनतेरस और दीपावली की हो तो बात ही कुछ और हो जाती है बाजार की सजावट लाइटों से जगमगाते हुए दुकान बजार की रौनक में चार चांद लगा देते हैं। वहीं पिछले साल के मुकाबले इस साल ग्राहकों की भीड़ काफी नजर आ रही है, जिसके कारण दुकानदारों के चेहरे की मुस्कान साफ झलक रही है। सभी तरह के दुकानों में खूब खरीदारी हुई।

### विश्व आयोडीन न्यूनता विकार नियंत्रण दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित, बोले सिविल सर्जन

# आयोडीन नमक की कमी बच्चों के बौद्धिक विकास में बाधक

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में "विश्व आयोडीन न्यूनता विकार नियंत्रण दिवस" पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी, विशिष्ट अतिथि अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धनुर्जय सुम्ब्राय एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. के.के. मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी ने कहा की आयोडीन एक सूक्ष्म पोषक तत्व है, जो शरीर की कई महत्वपूर्ण क्रियाओं के लिए आवश्यक है। इसकी कमी से बच्चों में बौद्धिक विकास में रुकावट, थायरॉइड रोग और गर्भवती महिलाओं में जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। शरीर में आयोडीन की उपलब्धता केवल आयोडीन युक्त नमक के उपयोग से ही संभव है।"

**कुछ सावधानियां आवश्यक हैं :** नमक को गीले हाथों से न निकालें, खुले बर्तन या डिब्बे में न रखें, आग या गर्मी के पास न रखें, तथा भोजन बनाते समय शुरुआत में नमक न डालें, ताकि आयोडीन उड़ न जाए। डॉ. चौधरी ने बताया कि सहिया बहनें घर-घर जाकर नमक में आयोडीन की मात्रा की जांच करती हैं, और 15 पीपीएम या उससे अधिक आयोडीन युक्त नमक के उपयोग को बढ़ावा देती हैं। इस अवसर पर डॉ. धनुर्जय सुम्ब्राय ने कहा की खाने के नमक का भंडारण कभी भी खुले में नहीं करना चाहिए। औद्योगिक नमक और खाने के नमक का भंडारण अलग-अलग स्थानों पर किया जाना चाहिए। 15 पीपीएम से कम आयोडीन युक्त नमक का मानव उपयोग के लिए क्रय-विक्रय नहीं किया जाना चाहिए। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. के.के. मिश्रा ने कहा कि आयोडीन युक्त नमक के उपयोग को लेकर जागरूकता कार्यक्रम पूरे माह भर संचालित किया जाएगा। सहिया एवं स्वास्थ्यकर्मी ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को आयोडीन के महत्व, सही भंडारण और उपयोग के तरीकों की जानकारी देंगे," उन्होंने बताया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ललिता मिंज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशम खाखा, जिला लेखा प्रबंधक प्रमोद साहू, जिला डाटा प्रबंधक साजिद इकबाल, जिला आशा फैसिलिटेटर रामाकांत, डीपीएमयू कोऑर्डिनेटर सुजाता मिंज, विजेंद्र बागे, रेहान, प्रकाश सिंह, बली साहू, एवं डीपीए वीणा माधुरी कुजूर सहित बड़ी संख्या में सीएचओ एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनीत आनंद ने किया।

## अवैध बॉक्साइट उत्खनन पर संयुक्त छापेमारी, लगभग 12 टन खनिज जब्त



**गुमला।** उपायुक्त के निर्देशानुसार अवैध खनन एवं खनिज परिवहन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं खान निरीक्षण दल द्वारा बिशुनपुर थाना अंतर्गत मौजा हाडुप, पंचायत सेरका में संयुक्त छापेमारी की गई। यह कार्रवाई पूर्वाह्न 11:00 बजे से प्रारंभ हुई, जिसमें पुलिस पदाधिकारी, खान निरीक्षक तथा पुलिस बल ने सम्मिलित रूप से अवैध बॉक्साइट उत्खनन एवं भंडारण स्थलों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान महुवापाठ, हाडुप (पंचायत–सेरका) क्षेत्र में लगभग 12 टन अवैध बॉक्साइट भंडारित पाया गया। स्थानीय लोगों से पूछताछ में किसी व्यक्ति का नाम सामने नहीं आया। जांच में यह भी पाया गया कि उक्त स्थल पर किसी प्रकार की उत्खनन या भंडारण अनुज्ञप्ति उपलब्ध नहीं है। यह पूर्णतः अवैध पाया गया, जिसे तुरंत जब्त कर लिया गया। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि "अवैध खनन से न केवल सरकारी राजस्व की हानि होती है, बल्कि राष्ट्रीय संपदा का भी क्षरण होता है। बिना वैध पट्टा या अनुज्ञप्ति के खनन एवं भंडारण करना खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 एवं 21 तथा 2017 के नियम 7 एवं 9 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।" उन्होंने यह भी कहा कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध शीघ्र ही प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में, गुरदरी चौरापाठ वन क्षेत्र में वन विभाग की जांच टीम द्वारा भी बॉक्साइट से लदे एक ट्रक को भी जब्त किया गया। विभाग द्वारा इस मामले में त्वरित कार्रवाई की गई है। जिला खनन पदाधिकारी ने संयुक्त निरीक्षण दल के साथ क्षेत्र का दौरा किया और स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


**कार्यालय**
**मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक......................./दिनांक .......................

आवश्यक सूचना
PR.No.-354405

कार्यालय ज्ञापांक 2486 दिनांक 06.06.2025 से आमंत्रित निविदा संख्या– 16/2025–26 के क्रमांक– Part 1 A,B, a,b Part 2 A, B, C, D, E (Centralized AC)को अपरिहार्य कारणों से रद्द की जाती है।

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.364501 District(25-26):D


## दुंदुरिया बस डिपो के संचालन व आवागमन व्यवस्था की निगरानी में डीटीओ सक्रिय



**गुमला।** उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) ज्ञान शंकर जायसवाल ने शनिवार को दुंदुरिया स्थित सरकारी बस डिपो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीटीओ ने बसों के आगमन एवं प्रस्थान के समय, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन तथा यातायात अनुशासन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने डिपो में तैनात कर्मियों को निर्देश दिया कि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा डिपो परिसर में स्वच्छता और सुव्यवस्था बनी रहे। डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने कहा की दुंदुरिया बस डिपो से लोहरदगा मार्ग सहित विभिन्न रूटों पर प्रतिदिन लगभग 70 बसें संचालित होती हैं। यह जिला मुख्यालय और प्रखंडों के बीच परिवहन का प्रमुख केंद्र है। प्रशासन का लक्ष्य है कि यह व्यवस्था पूरी तरह सुरक्षित, समयबद्ध और यात्री हितैषी बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि बसों के निर्धारित समय पर संचालन से न केवल आम यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि शहर में जाम और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या से भी राहत। उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम बस डिपो संचालन की निरंतर निगरानी कर रही है। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नियमित निरीक्षण करें, डिपो परिसर में अनुशासन बनाए रखें और यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। प्रशासन ने सभी यात्रियों एवं नागरिकों से अपील की है की बस डिपो परिसर में अनुशासन बनाए रखें, निर्धारित बस स्टैंड से ही बसों में सवार हों तथा परिवहन व्यवस्था के सुचारू संचालन में प्रशासन का सहयोग करें। दुंदुरिया बस डिपो का संचालन शुरू होने के बाद से शहर के भीतर यातायात दबाव में कमी, मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति में सुधार और यात्रियों को सुव्यवस्थित बस सेवाएं मिलने लगी हैं। उपायुक्त के नेतृत्व में जिला प्रशासन लगातार इस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं नागरिक हित में बनाने के लिए प्रयासरत है।

# टीबी मरीजों के बीच पोषण किट वितरण

### टीबी मुक्त पंचायत की दिशा में बड़ा कदम, जागरूकता अभियान हुआ तेज

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश एवं यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. कृष्णकांत मिश्रा के नेतृत्व में, हिंडालको के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में चैनपुर प्रखंड के 28 उपचारित टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न केवल मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान करना था, बल्कि समाज में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाना और "टीबी मुक्त पंचायत" के लक्ष्य को साकार करना भी था। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य श्रीमती मेरी लकड़ा, चैनपुर की मुखिया श्रीमती शोभा देवी एवं वार्ड सदस्य श्रीमती रश्मि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। तीनों जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया और मरीजों का उत्साहवर्धन किया। जिला परिषद सदस्य श्रीमती मेरी लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा की टीबी से लड़ाई केवल स्वास्थ्य विभाग की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। यदि हर व्यक्ति अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करेगा और इलाजरत मरीजों को मानसिक सहयोग देगा, तो चैनपुर प्रखंड निश्चित रूप से टीबी मुक्त बनकर राज्य में उदाहरण पेश करेगा। उन्होंने आगे कहा की स्वास्थ्य विभाग के एसटीएस रणधीर टीबी उन्मूलन की दिशा में जिस समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं, वह सराहनीय है। उनके प्रयासों से अब हर पंचायत में जागरूकता की लहर दिख रही है। मुखिया शोभा देवी ने कहा की हिंडालको द्वारा दिया गया सहयोग प्रशंसनीय है। पोषण किट से मरीजों को शारीरिक मजबूती मिलेगी, लेकिन असली ताकत उनके मनोबल और नियमित दवा सेवन से मिलेगी। चैनपुर में एसटीएस रणधीर की सक्रियता से टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है -मरीजों को समय पर दवा, पोषण किट और योजनाओं की राशि प्राप्त हो रही है। वार्ड सदस्य श्रीमती रश्मि ने कहा की टीबी मरीजों को समाज से अलग समझने की मानसिकता बदलनी होगी। हमें उनके साथ खड़े होकर उनका मनोबल बढ़ाना चाहिए। टीबी मुक्त भारत अभियान केवल स्वास्थ्य नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने टीबी मुक्त भारत अभियान की शपथ ली और टीबी की रोकथाम, पहचान एवं उपचार में सहयोग देने का संकल्प लिया। टीबी उन्मूलन अभियान के सफल संचालन में एसटीएस रणधीर की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उन्होंने मरीजों की पहचान, पोषण किट वितरण, निक्षय पोर्टल पर डेटा एंट्री और फॉलोअप की निगरानी जैसे कार्यों में सक्रिय योगदान दिया। उनके प्रयासों से चैनपुर प्रखंड में टीबी नियंत्रण की दिशा में ठोस प्रगति हुई है। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उनके कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उन्हें टीबी मुक्त पंचायत अभियान की रीढ़ कहा। इस अवसर पर प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रमोद रवि, एमटीएस प्रबीन निशांत, स्वास्थ्यकर्मी कौशलेंद्र कुमार सिन्हा, लेखालिपिक प्रेम कुमार, एमपीडब्ल्यू प्रकाश कुमार, एवं बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया - हर घर टीबी मुक्त हो, हर पंचायत स्वस्थ और सशक्त बने।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक 4015 दिनांक 17.10.2025

GEM पोर्टल के माध्यम से क्रय हेतु निविदा सूचना संख्या 17/2025–26

मेदिनीनगर नगर निगम में 15वें वित्त आयोग के तहत् नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा स्वीकृत उपकरणों का क्रय करने हेतु GEM Portal के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निर्माणकर्ता/आपूर्तिकर्ता/संवेदक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में GEM पोर्टल के माध्यम से निविदा दिनांक 03.11.2025 को 2:00 बजे अपराह्न तक ONLINE जमा कर सकते है। निविदा के साथ निविदा आमंत्रण शुल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 25,000/- रू0 डिमाण्ड ड्राफ्ट नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से देय करना अनिवार्य होगा। निविदा के साथ अद्यतन GST Registration Copy , ITR Copy- Last 3 Years, Balancesheet & P/L Copy-3years की छाया प्रति संलग्न करेंगे। निविदा 04.11.2025 अपराह्न 3:00 बजे नगर निगम कार्यालय में GEM पोर्टल में खोली जाएगी। GEM Portal & ATC terms & Conditions applied.

| Sl. no. | Name of Item | Quantity |
|---|---|---|
| 1 | Hydraulic Skylift-13.5 MTRS Height – Electo – Proportional System | 1 |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक मेदिनीनगर नगर निगम

PR 364463 (District)25-26*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

Expression of Interest
EOI No. :- RDD/SD/CHATRA/03/2025-26 Date :- 18/10/2025

एतद् द्वारा जिला योजना अनावद्ध निधि योजनान्तर्गत चतरा जिला के विभिन्न प्रखण्डों में कुल 12 स्थानों पर Poly House का अधिश्ठापन कार्य के लिए दर निर्धारण हेतु निबंधित संस्था के इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/कम्पनी/फर्म/ पार्टनरशिप/गैर सरकारी संगठन से द्विलिफाफा पद्धति (Double Envelops System) में निविदा/प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है:–

1. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि :–दिनांक–25.10.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–25.10.2025 से दिनांक–07.11.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–10.11.2025 को 02:00 बजे अपराह्न में।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पता :– कार्यपालक अभियंता,पदाधिकारी का नाम एवं ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नम्बर :– 9431060939

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा

PR 364513 (Rural Development)25-26*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया**

अति अल्पकालीन निविदा
आमंत्रण सूचना संख्या–27/JMT/2025-26 Date 18-10-2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | :– | दिनांक – 31.10.2025 अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि | :– | दिनांक – 01.11.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक – 01.11.2025 अपराह्न 4.00 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया। |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया। |
| 9. | कार्य की विस्तृत विवरणी | :– | |

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of at 200 mm x 165 mm x 200 M deep HYDT with Handpump at Kasturba Gandhi Girls School Satgawan | 318655.00 | 6400.00 | 750.00 | 03 Months |
| 2 | Construction of at 200 mm x 165 mm x 200 M deep HYDT with Handpump at Ut. Middle School Baigna Panchayat – Rajabar Block Satgawan | 318655.00 | 6400.00 | 750.00 | 03 Months |
| 3 | Construction of at 200 mm x 165 mm x 200 M deep HYDT with Handpump at Ut. Primary School Bijwariya Panchayat – Marchoai Block Satgawan | 318655.00 | 6400.00 | 750.00 | 03 Months |
| 4 | Construction of at 200 mm x 165 mm x 200 M deep HYDT with Handpump at Ut. Primary School Nimatand Bhagalpur Block Satgawan | 318655.00 | 6400.00 | 750.00 | 03 Months |
| 5 | Construction of Drilled Tube Well (90 Mtr) at New Parimary School Dumariyatand Block Satgawan | 102600.00 | 2100.00 | 500.00 | 03 Months |

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा,)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया

PR 364494 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

## बन्दी छोड़ दिवस



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

सिख समाज द्वारा दीपावली का त्योहार ' बन्दी छोड़ दिवस ' के रूप में भी मनाया जाता है।मुगल सम्राट जहांगीर द्वारा पाँचवें गुरु अर्जुन देव जी को शहीद करने के बाद छठे गुरु हरगोबिन्द जी ने शास्त्र के साथ शस्त्र भी उठा लिए और अत्याचारों के विरुद्ध लड़ने को लिए जनता को शस्त्र विद्या, घुड़सवारी और युद्ध कला में निपुण होने के लिए प्रेरित करने लगे। जहांगीर को उनसे खतरा महसूस होने लगा तो जहांगीर ने उन्हें ग्वालियर के किले में बंदी बना लिया। वहां पहले से ही 52 हिन्दू राजाओं को कैद कर के रखा गया था जो बाहर आने की उम्मीद छोड़ बैठे थे। गुरु जी को बंदी बनाने के बाद सिख समाज में भारी रोष को देखते हुए जहांगीर ने गुरु जी को रिहा करने का आदेश दिया। गुरु जी ने कहा कि मैं इन राजाओं को लेकर ही बाहर निकलूंगा। जहांगीर ने शर्त रखी कि आपको पकड़ कर जितने राजा निकल पाएंगे वो रिहा कर दिए जाएंगे। गुरु हरगोबिन्द जी ने 52 कलियों वाला बड़ा -सा चोला बनवाया। सभी राजाओं ने उसे सुविधा पूर्वक पकड़ लिया और किले से बाहर आ गए। इस घटना के बाद गुरु जी का नाम बन्दी छोड़ गुरु पड़ गया और गुरु जी की प्रसिद्धि दूर -दूर तक फैल गई। उस दिन लोग दीपावली मना रहे थे और उनकी खुशियाँ चौगुनी हो गईं। अतः सिख समाज इस दिन को 'बन्दी छोड़ दिवस' के रूप में मनाता है। गुरुद्वारों में दीये जलाए जाते हैं। अमृतसर का स्वर्ण मंदिर रोशनी में नहाया हुआ प्रतीत होता है। आतिशबाजी होती है।लंगर, प्रसाद का वितरण होता है। एक हाथ में शस्त्र और दूसरे में शास्त्र रखने वाले गुरु हरगोबिन्द जी संत और योद्धा दोनों रूप में समाज की दशा और दिशा बदलने वाले विराट व्यक्तित्व के स्वामी थे। इसी कारण उन्हें 'मीरी और पीरी' के मालिक भी कहा जाता है। अर्थात धर्म और नीति, शांति और शक्ति के प्रतीक।52 हिन्दू राजाओं को जहांगीर की कैद से मुक्त करवाकर उन्होंने इंसाफ और मानवता की मिसाल प्रस्तुत की।

## चलो एक दीप जलाएं



पुष्पा पाण्डेय

दीप जलायी मंदिर परिसर, चढ़े फूल के हार।
माता लक्ष्मी संग विनायक, कर आई सत्कार।
घर का आंगन कोना-कोना, चारो ओर प्रकाश।
आसमान के तारे देखे, एक नया आकाश।।
एक दीप अब चलो जलाएं, हिय कोठारी आज।
जलता रहे अखंड ज्योत यह, रखें इसे हम राज।
अंधकार जो मन में रहता, करें उसे अब दूर।
घी का दीप शूचि गंगा सा, बन जायेगा नूर।।
काम क्रोध सब मिट जाएगा, जले प्रेम का दीप।
बह निकलेगी इक जो धारा, होगी पावन प्रीत।।
महक उठेगा जीवन सबका, फैले खुशबू दूर।
कभी- कभी वाणी भी देती, धाव बने नासूर।।
खुशियों का त्योहार दिवाली, बांटे सबको प्यार।
घर का आंगन हो या मन का, दीपक जले हजार।
कहीं नहीं अब हो अंधेरा, गली- गली अंजोर।
आँधी अरु तूफानों से भी, पड़े नहीं कमजोर।।

## चलो एक दीप जलाएं



किरण कुमारी 'वर्तनी'

शुभ बेला लक्ष्मी आती है।
धन वैभव सुख बरसाती है।।
दुःख भगाओ खुशियाँ पाओ।।
दीवाली में दीप जलाओ।।
करो गेह की खूब सफाई।
तनिक रगड़ लो मन का काई।।
पुष्प-पात से द्वार सजाओ।
दीवाली में दीप जलाओ।।
बंद पड़ा वह गेह बुलाता।
चमगादड़ का शोर सुनाता।।
रूठे परदेसी आ जाओ।
दीवाली में दीप जलाओ।।
टूट गई छोटी बातों में।
बस गिन चुन कुछ ही रातों में।
रिश्तों में फिर प्रेम जगाओ।
दीवाली में दीप जलाओ।।

काव्य कोना

## पानी

मंगरु गाँव का है, इसलिए पानी की कीमत समझता है , जानता है कि गरीब के पास , पानी ही रहता है सदियों से उसी पानी का सौदा नेता करते रहे हैं , कभी, खेतों के पानी का तो कभी आँखों के पानी का अब उसके गाँव में भी कुछ नेता उभर गए हैं , जो पानी का मोल, नहीं जानते और सिर्फ जीतना जानते हैं ! पहले गाँव में पानी पानी था अब छोटा-बड़ा और न जाने क्या-क्या हो गया है ! मंगरु अब सोचता है खेतों में पानी और आँखों में पानी भूलकर वह भी पानी की राजनीति करे जिसमें सबसे ज्यादा फायदा है !

सुनील बादल

# सबसे अच्छी दीपावली



पूनम सिन्हा भावशिखा



शाम के ढूंढलके में मैनी तेजी से अपने झोपड़ी की तरफ बढ़ती जा रही थी, बड़ी-बड़ी इमारतों के बाद बसे, झोपड़ -पट्टी में मैनी की एक खपरैल कच्चे दिवारों वाली झोपड़ी थी, जिनमे वह अपने तीन बच्चों (एक बेटी और दो बेटों) के साथ रहा करती थी। चार घरों में वह घर का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करती और बच्चों को पढ़ा रही थी, पति आठ साल पहले कलकत्ता नौकरी करने गया तो लौट क़र नहीं आया, सुनने में आया कि उसने किसी बंगालन संग, वहीं नया घर बसा लिया था। पिछले पंद्रह बीस दिनों से वह बंगले नुमा घरों में जहाँ काम करती थी, दिवाली की सफाईकर रही थी, सभी मालकिनों को पूरी घर की सफाई जो करवानी थी। हफ्ते भर पहले जब उसने दिवाली के लिए कुछ एडवांस मांगा तो सबने कहा "पहले सफाई तो करो, बाद में दूंगी। देखते- देखते धनतेरस आ गया! बड़े लोगों के घर, नए कपड़े, बर्तन और जेवर से भर गए। शाम को घर जाने के पहले मैनी ने ज़ब पैसा माँगा तो उन्होंने धनतेरस को पैसा देने से मना कर दिया। मैनी खाली हाथ, दुःखी मन से तेज क़दमों से बढ़ती जा रही थी उसका दिल जोर-जोर से धड़क रहा था और मन आत्मग्लानि से भरा था, पिछले साल भी वह बच्चों को दिवाली पर नए कपड़े नहीं दे पाई थी और इस बार भी वही हाल है, मन में बुरे विचार आ रहे थे, अब बच्चों का सामना कैसे करुँगी! क्या बोल कर समझाऊंगी उन्हें!!

यही सब सोचते हुए उसका घर आ गया पर यह क्या!! वह चौंक गई उसे अपनी आँखों पर विश्वास नहीं हो रहा था, आज उसे अपनी झोपड़ी पहचान में नहीं आ रही थी। बच्चों ने मिलजुल कर अपने कच्चे घर को चमका दिया था।

पूरे घर को लीप -पोत क़र चूना क़र दिया गया था फिर उसे टुनी बल्ब से सजाया गया था, घर के सामने मिट्टी का एक घरौंदा बना था जिसे बच्चे पिछले सप्ताह से ही बना रहे थे , उसे भी खूब सजा दिया गया था। घरौंदा के सामने एक राजा घोड़े पर सवार था। इन तैयारियों को देख, मैनी हक्की- बक्की रह गई , और कब घर के अंदर जाकर देखा तो अचानक उसके मुँह से निकल गया, 'हे भगवन ये क्या!' पूरा घर मिठाई, खिलौना और कपड़ों से भरा हुआ था इन बच्चों ने कोई गलत काम तो नहीं किया! किसी से कर्जा तो नहीं ली! हे ईश्वर! इन्हे क्षमा करना, ये भोले हैं! जरूर इनकी संगत बुरी हो गई है! क्या मेरी तपस्या का यही पुरस्कार है!! सोचते हुए उसकी आँखों से आंसुओं का सैलाब फूट पड़ा। यह देख उसकी बड़ी बेटी जो अभी दसवीं की क्षात्रा थी मुस्कुराने लगी, वह बोली,, "माँ मुझे तुम्हारी मनः स्थिति का आभास हो रहा है, "तुम बिल्कुल चिंता ना करो ये सब हमने अपनी मेहनत से कमाया है। तुम्हारे दोनों बेटे स्कूल के बाद चार घंटे किताब की दुकान पर काम करते हैं और मैं शाम में छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती हूँ।

मैनी चुप-चाप उसकी बातें सुन रही थी जिनमे पूरा आत्मविश्वास भरा हुआ था। तभी उसके दोनों बेटे हाथ में एक खूबसूरत छिंट की सूती साड़ी लेकर आए और माँ के हाथ पर रख दिया " माँ ये तुम्हारे लिए " ये कहते हुए उन्होंने माँ के पैरों को छू लिया, मैनी का दिल गद- गद हो गया। " खुश रहो मेरे बच्चों! खूब आगे बढ़ो! तुम तीनो ने आज मेरा सर गर्व से ऊँचा क़र दिया! मैं तो धन्य हो गई!, आज की दिवाली मेरी जिंदगी की सबसे अच्छी दिवाली है!!''

सब बच्चे मां से लिपट गए और मिल-जुल कर पूजा की तैयारी में जुट गए।

## उधार के आँसू



रन्दी सत्यनारायण राव

लक्ष्मी जैसे ही सड़क पार कर फुटपाथ पर आई, उसकी नजरें सामने बेतहास चीखते, करुणा - क्रंदन करते हुए दो लड़कियों तथा एक लड़के पर, स्थिर हो गई। वे लगभग पाँच, सात और बारह वर्ष के रहे होंगे। अपने शरीर पर मैले-कुचैले कपड़े लपेटे वे भीख मांग रहे थे। उनके समीप ही अर्ध-नग्न एक मृत -काया पड़ी हुई थी। कदाचित वे उसी के निमित्त भीख मांग रहे थे, लक्ष्मी ठिठक कर रुक गई। उसने बारह वर्षीय बालक को अपने निकट बुलाया और अपने पर्स से एक सौ रुपये का नोट निकाल कर उसकी मैली हथेली पर रख दिया। बालक कुछ देर तक अपने दाता को अपलक देखता रहा , उस सौ रूपये के नोट को भारी मन से वापस करते हुए कहने लगा - 'लीजिए बहन जी' मेरे पास इसके 95 रूपये नहीं है। ' क्या मतलब ... ? 'लक्ष्मी की आँखें आश्चर्य से फैल गई जवाब में बालक ने कतारों में सजी-संवरी दूल्हन - सी लगने वाली दुकानों की ओर इशारा कर कहा - ये सब लोग मेरे पिताजी के कफन के लिए पैसे माँगने पर हम भाई – बहनों को कुत्तों की तरह दुत्कार देते और कहते हैं 'जा ... जा हरामी के पिल्लों - चोरी कर... भीख क्यों मांगते हो' और फिर कोई देता भी है तो दस रुपये का नोट देकर कहता है – 'सुन ...रे, इस में से तू एक रुपया लेकर बाकी के 9 रूपये वापस कर, वर्ना फूट।' और वह बालक अपनी बात पूरी न कर सका, उसका गला अवरुद्ध हो गया था। 'नहीं भैय्या' यह सौ का नोट तुम रख लो, मैं खुदरे पैसे नहीं मांगती। लक्ष्मी इन्हीं शब्दों के साथ बालक को यूँ ही आश्चर्यचकित छोड़ वहाँ से चल पड़ी, लेकिन उसने अनुभव किया, बालक की आँखों में तैरते हुए आँसुओं की कुछ बूदें वह स्वयं अपनी आँखों में उधार ले आई है।

## अति गुणकारी तुलसी



सविता गुप्ता



ये सर्वविदित है कि तुलसी पौधे को हिन्दु संस्कृति में अतिपूजनीय पौधा माना जाता है। कहा जाता है कि जिस घर में तुलसी पौधा होता है ,वहाँ का वातावरण शुद्ध और रोग मुक्त रहता है। तुलसी पत्ते का पेय अति लाभकारी होता है। तुलसी से जुड़ी कई पौराणिक कथाएँ भी प्रचलित है। वृंदा नामक कन्या जो अपने पति के कटे सर के साथ सति हुई थी। उसी राख में एक पौधा उत्पन्न हुआ,जिसे विष्णु जी ने तुलसी का नाम दिया। विष्णु भगवान ने यह वरदान दिया कि हर शुभ कार्य में पहले तुलसी पत्ते का भोग ग्रहण करने के पश्चात ही कुछ स्वीकार करूँगा। कार्तिक मास के एकादशी के दिन चार मास निद्रा के पश्चात् विष्णु जी जागते हैं जिसे देव उठनी, देवोत्थान भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिवस को तुलसी पौधा के साथ शिला रूपी विष्णु जी जिसे शालिग्राम कहा जाता है का विवाह किया जाता है। बिहार, झारखंड,उत्तर प्रदेश और कई क्षेत्रों में कार्तिक महीने में देव उठनी के दिन सृष्टिकर्ता भगवान विष्णु जी चार माह के योग निद्रा के पश्चात जागते हैं। इस उपलक्ष्य पर महिलाएँ धूम धाम से विष्णु जी और माता तुलसी का विवाह करती हैं। तुलसी पौधे को लाल चुनरी, श्रृंगार की वस्तुओं से सजा कर भोग अर्पित कर धूप दीप से पूजन किया जाता है। जहाँ तुलसी के विषय में कई पौराणिक कथाएँ प्रचलित है, वहीं तुलसी का पौधा बहुउपयोगी भी है, ये मथुरा के पास जैतपुर गाँव के लोगों ने सिद्ध कर दिया है। इस गाँव के किसानों ने तुलसी की खेती को अपना कर अपना काया कल्प कर लिया। इसके पहले जैत पुर गांव के किसानों की हालत यह थी कि उन्हें दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती थी। अब इस गाँव के हर घर में तुलसी के मनके ओर माला बनाने का काम होता है। तुलसी के जड़, तने, फूल, पत्ते अर्थात् तुलसी पौधे का हर अंग उनके जीविकोर्पाजन का साधन है। यहाँ तुलसी पौधे की खेती, एक कुटीर उद्योग के रूप में फल फूल रहा है। तुलसी के औषधिय गुण ने यहाँ के हर घर की तकदीर बदल दी है। सुबह होते ही इस गाँव के बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएँ सभी तुलसी के तने को छिलकर, तराशकर मनके से माला बनाने लग जाते हैं। संजीवनी बुटी की तरह तुलसी की खेती कर जैत पुर गाँव के किसानों ने अपने समय चक्र को बदलने की मिशाल पेश किया है। अतः मंगल दायी तुलसी पौधा पूजनीय तो है ही साथ ही यह जीविकोपार्जन में भी मददगार होता है।






रुणा रश्मि 'दीप्त'

दीपक मृदा से है बना, यह बाँस निर्मित सूप है, महिमा अनोखी पर्व की, छठ का निराला रूप है।
फल फूल से भरपूर है, यह सूप मैया जिस तरह, सौभाग्य भी भरपूर हो, माता! सभी का इस तरह।
दो शक्ति छठ मैया हमें, व्रत है कठिन यह निर्जला, संकल्प दृढ़ ले व्रत किया, जिसने, उसे ही फल मिला।
जल में खड़े हैं सब, करें, आदित्य की आराधना।
सुन लो दिवाकर! अब करो, तुम पूर्ण सबकी कामना।
सब अर्घ्य अर्पित भी करें, तुमको!
उदित या अस्त हो।
भूलें नहीं करना नमन, रवि को, भले ही व्यस्त हों।
दर्शन मिले दिनकर तुम्हारा सब व्रती जल में खड़ी।
दे अर्घ्य लें आशीष तुमसे शक्ति तुम में है बड़ी।
तुमसे मिली उर्जा हमें, तुम ही जगत आधार हो।
भू पर उजाला कर बने, भू-वासियों का प्यार हो।
सौहार्द्र है सबके दिलों में अब न कोई क्लेश है,
यह पर्व पावन, स्वच्छता का दे रहा संदेश है।

## दीपावली : सुख, समृद्धि व प्रकाश का पर्व



चारुमित्रा



दीपावली का त्योहार भारत का सबसे पावन और उल्लासमय पर्व है। यह केवल दीपों का त्योहार नहीं, बल्कि सुख, समृद्धि, ऐश्वर्य, वैभव और लक्ष्मी-आगमन का उत्सव है। मां लक्ष्मी को धन, सौभाग्य और समृद्धि की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। दीपावली का उत्सव धनतेरस से आरंभ होता है। मान्यता है कि इसी दिन सागर मंथन से देवी लक्ष्मी का प्राकट्य हुआ था। वे कमल के आसन पर विराजमान थीं, हाथों में कमल धारण किए हुए। उनके साथ शंख, गोमती चक्र, कौड़ी, गूंजा आदि अनेक पवित्र वस्तुएं भी प्रकट हुईं। इसी दिन भगवान कुबेर का भी उद्भव हुआ। जब मां लक्ष्मी को देवताओं और दानवों में से किसी एक को चुनना था, तो उन्होंने देवताओं को अपना पक्ष चुना और भगवान विष्णु को अपना पति स्वीकार किया। इसीलिए दीपावली की अमावस्या की रात्रि को मां लक्ष्मी की विशेष पूजा का विधान है। इस दिन मां लक्ष्मी के साथ भगवान गणेश की पूजा भी की जाती है, ताकि जीवन की सभी बाधाएँ दूर हों और प्राप्त धन शुभ कार्यों में लगे। साथ ही मां सरस्वती की भी पूजा होती है, क्योंकि बिना ज्ञान और वाणी की अधिष्ठात्री देवी के किसी भी स्तुति या आराधना की पूर्णता नहीं मानी जाती। मां लक्ष्मी वहीं निवास करती हैं जहाँ साफ़-सफाई, सद्बुद्धि और पवित्रता होती है। इसीलिए दीपावली पर घर, तन और मन—तीनों की स्वच्छता आवश्यक मानी जाती है। मां लक्ष्मी का संबंध समुद्र से है, इसलिए उन्हें समुद्र की वस्तुएं अत्यंत प्रिय हैं। उनमें सबसे प्रमुख है शंख, जिसे मां लक्ष्मी का भाई माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि दक्षिणावर्ती शंख की पूजा करके उसे लाल कपड़े में सिंदूर या अक्षत के साथ बांधकर तिजोरी में रखने से मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

इसी प्रकार कौड़ी, गोमती चक्र, गूंजा, मंजीठ, लाल मूंग, सुपाड़ी, धनिया के बीज, कमल गट्टा और हल्दी की गांठ भी मां को अर्पित करने योग्य वस्तुएँ हैं। दीपावली की रात्रि में इनकी पूजा कर अगले दिन इन्हें कपड़े में बांधकर तिजोरी में रखना शुभ माना गया है। मां लक्ष्मी को कमल पुष्प अत्यंत प्रिय है। इसलिए घर के मुख्य द्वार को कमल के फूलों से सजाना और पूजा में कमल अर्पित करना अत्यंत शुभ माना जाता है। पूजन के समय देवी लक्ष्मी की आराधना श्रृंगारयुक्त स्वरूप में, नए वस्त्रों और सोने-चाँदी के आभूषणों से सुसज्जित होकर करनी चाहिए। घर में सुगंधित वातावरण होना चाहिए और स्वयं पर भी इत्र का प्रयोग शुभ माना गया है। दीपावली वास्तव में दीपों का पर्व है। यह केवल धार्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। तेल के दीये जलाने से वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। अतः इस दिन इलेक्ट्रॉनिक लाइटों और मोमबत्तियों की बजाय तेल के दीये जलाना अधिक मंगलकारी है। मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए सोलह घी के दीये जलाने का विधान है, जिनमें प्रत्येक में कमल गट्टा डालना चाहिए। धनतेरस के दिन ऐसे वस्त्र, बर्तन, सोना-चांदी या कोई शुभ वस्तु खरीदनी चाहिए, जिससे धन, स्वास्थ्य और आरोग्य की वृद्धि हो। दीपावली हमें सिखाती है कि जैसे दीपक अंधकार को मिटाता है, वैसे ही हमें अपने भीतर के अज्ञान, आलस्य और असत्य के अंधकार को मिटाकर सद्बुद्धि, स्वच्छता और सत्य का प्रकाश फैलाना चाहिए।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## मिलावट



रंजना वर्मा उन्मुक

रामेश्वर की पूरी दुकान मिठाइयों से भरी हुई थी। साल भर में जितनी मिठाइयाँ उसकी बिकती थी ,उससे ज्यादा दिवाली में बिक जाती थी। इस बार उसकी तैयारी जबरदस्त थी। " रामेश्वर भाई ,पाँच किलो मिठाई मेरे लिए रखवा दीजिएगा। मैं शाम में ले जाऊँगा ।"... उनके पड़ोसी बोल रहा था। " जरूर... जरूर।"... रामेश्वर मगन होकर अपनी दुकान को निहार रहा था ।

तभी उसकी छोटी बेटी दौड़ते हुए उसके पास आई। " पिताजी ,जल्दी घर चलिए। भाई की तबीयत बहुत खराब है। उसे बहुत उल्टी-दस्त हो रहा है।"

रामेश्वर दौड़ते हुए अपने घर पहुंचा। इसने क्या खाया था ?"...वह अपनी पत्नी से पूछ रहा था। "मैंने आपकी दुकान वाली मिठाई प्रसाद में चढ़ाया था। उसने बस उसे ही खाया था।"

" शुद्ध खाने वाली मिठाई मैं घर पर ही रखता हूँ। दुकान वाली मिठाई नहीं खानी है, यह बात मैं तुम लोगों को कितनी बार कह चुका हूँ। पता नहीं तुमसे ऐसी गलती कैसे हो जाती है?"...रामेश्वर ने गुस्से बोला। बेटी पिता की बात सुन रही थी। वह बोल उठी,"माँ से तो यह गलती अनजाने में हुई है। लेकिन आप क्यों जानबूझकर ऐसी गलती कर रहे हैं?"

## काश ऐसा होता!!



रश्मि सिंह

पूजी जा रहीं आज
घर घर बेटियाँ
अलता महावर बिंदिया से सजी
मुस्कुराती बेटियाँ
कितना सुकून भरा दृश्य है न
तो क्या हम आश्वस्त हो लें ?
कि कल भी यही मुस्कान
रहेगी उसके मुखड़े पर
कि वो निर्भीक घूम पाएगी सखियों संग
कि वो कल से स्कूल जा सकेगी भाई की तरह
कि देर हुआ तनिक तो शिकन न होगी माथे पर
कि सशंकित न होंगी नजरें उसकी तरफ
कि अब बंद हो जाएगा कोख में उसका मरना
कि अब नहीं सुनाई देगी कहीं से बलात्कार की खबरें
काश ऐसा होता !!!
ऐसा होता तो बेटी बस बेटी ही होती
न देवी बनाई जाती न पूजी सजाई जाती
वह जो चाहती उसे पाती
अनंत होता उसके सपनों का विस्तार
काश ऐसा होता!!!

## बचपन की यादें



पद्मा मिश्रा

बचपन की यादें नन्हीं गौरैयों सी -
उतर आती हैं -चुपके चुपके ,
मन के आँगन में ।
चुगती हैं आंसुओं का आना ,
कुछ अपनी कहती हैं -,कुछ मेरी सुनती हैं ,
उम्र भर संजोयी गई यादों का पिटारा ,
मै उन्हें सौंपती हूँ-और वे मुझे ।
अब तो बिटिया की आँखों का काजल,
माँ के दिठौने की याद दिलाता है ,
बन संवर कर स्कूल जाती लड़कियों में -
तलाशती हूँ -दो चोटी वाली ,वह छोटी सी लड़की,
जो चुपचाप- गुमसुम सी ,
छोटे छोटे क़दमों सेतय करती है -
उलझती जाती पगडण्डी ।
कभी मकर संक्रांति पर ,
तिल्कुटों की भीड़ में -खोजती हूँ,
वह गंवई स्वाद वाली रेवड़ी और गजक ,
जिनका स्वाद घुलने महकने लगता है यादों में
नन्ही गौरैया मुंडेर पर बैठ ,
मेरी बिछुड़ी सहेलियों की बातें सुना जाती है।
सहेलियों संग रचाई -गुडिया की शादी ,
डालडा के डिब्बों को पीट पीट -
बजी शहनाई -बहुत याद आती है,
कभी मेरी किसी छोटी सी जिद पर ,
मूंगफलियों से भर दी जाती ,
मेरी हथेलियों से छीनकर -
भाग जाता कोई नन्हा सा हाथ,-
मै भींग भींग जाती हु अंतरसे,
यादों की यह नन्ही सी गौरैया,
मेरी मेहमान हैं --ये आंगन मेरे मन का है,
और यादें बचपन की।

## एक दीप मैं जलाऊं





दिलीप कुमार

कब तलक दूर रहोगे, कि जरा पास आओ।
एक दीप मैं जलाऊं, कि एक तुम जलाओ।।
नफ़रत को भूलकर तुम, स्नेह से गले मिलो।
खिलता है फूल जैसे, वैसे तुम भी खिलो।।
बीती बातों को छोड़, कि गीत नया गाओ।
एक दीप मैं जलाऊं, कि एक तुम जलाओ।।
खुशियों भरा आँगन हो, अपनो का साथ हो।
रौशनी से जगमग घर, हाथों में हाथ हो।।
प्रीत की रीत चलाकर, अब सपने सजाओ।।
एक दीप मैं जलाऊं, कि एक तुम जलाओ।।
घर घर विराजें गणपति, लक्ष्मी निवास करें।
वैर - भाव भूल कर सब, जग में प्रकाश भरें।।
लौ जलाने को 'दिलीप', दीप खुद बन जाओ।
एक दीप मैं जलाऊं, कि एक तुम जलाओ।।
कब तलक दूर रहोगे, कि जरा पास आओ।
एक दीप मैं जलाऊं, कि एक तुम जलाओ।।

## आज का दोहा

(1)
बहुत पुराना हो गया, 'वाहन'अब बेकार।
लक्ष्मी जी भी आ गयीं, खुद वाहन बाजार।।
(2)
लक्ष्मी जी बाजार में, ले उधार का रूप।
घर घर में दौड़ी फिरें, ले विकास की धूप।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सक्षम जीवनसाथी को गुजारा भत्ता नहीं दिया जा सकता : हाईकोर्ट

## एलिमनी न्याय का एक जरिया, न कि लोगों को अमीर बनाने का साधन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा- आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सक्षम जीवनसाथी को गुजारा भत्ता (एलिमनी) नहीं दिया सकता। स्थायी गुजारा भत्ता सामाजिक न्याय का एक जरिया (टूल) है। सक्षम लोगों को अमीर बनाने या उनकी आर्थिक बराबरी करने का साधन नहीं है। जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल और जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की डिवीजन बेंच ने कहा- गुजारा भत्ता मांगने वाले को यह साबित करना होगा कि उसे वास्तव में आर्थिक मदद की जरूरत है। इस मामले में पत्नी रेलवे में ग्रुप एक अधिकारी हैं। पर्याप्त पैसा कमाती हैं। हाईकोर्ट ने ये बातें एक महिला की स्थायी गुजारा भत्ता की मांग को खारिज करते हुए कही। दरअसल, महिला ने पति को क्रूरता के आधार पर तलाक दिया गया था, फिर मामले में फैमिली कोर्ट ने आदेश में पत्नी को स्थायी गुजारा भत्ता देने से मना किया गया था।




### अब पूरा मामला समझिए...

दरअसल, पति पेशे से वकील और पत्नी रेलवे की अधिकारी हैं। दोनों की यह दूसरी शादी थी। जनवरी 2010 में शादी की और 14 महीनों बाद अलग हो गए थे। पति ने पत्नी पर मानसिक और शारीरिक क्रूरता, गाली-गलौज, अपमानजनक टेक्स्ट मैसेज भेजने और सोशल गैदरिंग में अपमान करने का आरोप लगाया था। हालांकि, पत्नी ने इन आरोपों से इनकार करते हुए पति पर ही क्रूरता का आरोप लगाया था। फैमिली कोर्ट में शादी को खत्म करने पर फैसला हुआ। पत्नी ने तलाक के लिए 50 लाख रुपए की मांग की थी। अब मामले में हाईकोर्ट ने पाया कि फैमिली कोर्ट का यह निष्कर्ष कि पत्नी की मांग में आर्थिक दृष्टिकोण था, सही और तर्कसंगत था। कोर्ट ने यह भी कहा कि पत्नी ने पति और उनके माता-पिता के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया, जो मानसिक क्रूरता के बराबर था। अंत में हाईकोर्ट ने स्थायी गुजारा भत्ता देने से इनकार किया।

> *हिंदू विवाह एक्ट के तहत न्यायिक विवेक का इस्तेमाल तब नहीं किया जा सकता, जब आवेदक आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और स्वतंत्र हो।*
>
> **दिल्ली हाईकोर्ट गुजारा भत्ता मामले में**

# अमित शाह बोले- महागठबंधन में न सीटें तय न नेता, राहुल गांधी वोट चोरी पर अब चुप क्यों

### बिहार की सत्ता का फैसला घुसपैठिए नहीं करेंगे...

**एजेंसी । नई दिल्ली/पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि महागठबंधन में न सीटें तय हैं और न नेता है। बिहार की जनता राहुल को भूल चुकी है। ईसी के एसआईआर के फैसले का भाजपा स्वागत करती है। पूरे देश में एसआईआर होना चाहिए। राहुल एसआईआर पर अब चुप क्यों हैं। उन्होंने कहा कि देश में घुसपैठिए कैसे वोट दे सकते हैं। बिहार की सत्ता का फैसला विदेशी नागरिक करेंगे क्या? ऐसे लोगों को चुन-चुनकर देश से बाहर करेंगे। बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। एनडीए में कोई मतभेद नहीं है। निजी चैनल के कार्यक्रम में पहुंचे शाह ने कहा कि आरजेडी ध्रुवीकरण कर रही है। हम नहीं कर हैं। बिहार में पहले जंगलराज था। अगले 10 साल में बिहार बाढ़ मुक्त हो जाएगा। वहीं, बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 121 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया 17 अक्टूबर को पूरी हो गई। मतदान 6 नवंबर को होगा। चुनाव में सिर्फ 20 दिन का समय बचा है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फर्स्ट फेज की वोटिंग से पहले बिहार में 12 सभाएं करेंगे। वे 23 अक्टूबर को सासाराम, गया और भागलपुर जाएंगे। 28 अक्टूबर को दरभंगा, मुजफ्फरपुर और पटना में रैली करेंगे। प्रधानमंत्री का तीसरा दौरा 1 नवंबर को छपरा, पूर्वी चंपारण और समस्तीपुर में होगा। 3 नवंबर को पश्चिम चंपारण, सहरसा और अररिया के फारबिसगंज में रैली करेंगे।



## बिहार में ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रहे हैं : चिराग पासवान

**पटना** । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने दावा किया है कि बिहार में एनडीए ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रहा है। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने एनडीए की एकजुटता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन की ताकत इसकी एकता और सहयोग में निहित है। हम एक-दूसरे का हाथ थामकर गठबंधन को मजबूत कर रहे हैं और एक ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रहे हैं। हमारा लक्ष्य उस विकसित बिहार का निर्माण करना है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने में सबसे विकसित राज्य के रूप में उभरे। बिहार को प्राथमिकता देते हुए पीएम 11 बार बिहार का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अमित शाह के साथ मुलाकात में हमने चर्चा की कि चुनाव प्रचार को और मजबूत कर हर सीट पर जीत कैसे सुनिश्चित की जाए। चिराग पासवान ने विपक्षी महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि वहां सिर फुटव्वल की स्थिति है। महागठबंधन में एक-दूसरे के प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन हो रहे हैं, जबकि एनडीए में पूरी एकजुटता है। हमारे सभी 243 उम्मीदवारों के नामांकन स्वीकृत हो चुके हैं और नामों को लेकर कोई भ्रम नहीं है। हमने अपने सभी पांच सहयोगी दलों का सम्मान करते हुए सुचारू रूप से बातचीत पूरी की है। उन्होंने कहा कि एनडीए बिहार में विकास के एजेंडे को लेकर जनता के बीच जा रही है, जिससे बिहार का भविष्य उज्ज्वल होगा। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया है कि 2026 तक भारत को नक्सल मुक्त करना अत्यंत आवश्यक है। विकसित भारत के साथ-साथ नक्सल मुक्त भारत का लक्ष्य भी हमारी प्राथमिकता है। यह लक्ष्य 2026 तक पूरी तरह हासिल हो जाएगा।



### बिहार में बनेगी एनडीए की सरकार, नीतीश कुमार बनेंगे मुख्यमंत्री : विजयवर्गीय

**इंदौर** । धनतेरस के अवसर पर मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में अपनी पुस्तैनी किराना दुकान पर बैठकर पारंपरिक रूप से व्यापार किया। हर वर्ष की तरह इस बार भी उन्होंने ग्राहकों का स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। मंत्री ने कहा, "मैं सालभर में केवल धनतेरस के दिन ही अपनी पुस्तैनी दुकान पर बैठता हूं और व्यापार करता हूं। यह हमारे परिवार की वर्षों पुरानी परंपरा है, जिसे मैं आज भी निभा रहा हूं। उन्होंने बिहार चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए एनडीए की सरकार बनने पर विश्वास जताया। विजयवर्गीय ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कहा, "बिहार में निश्चित रूप से एनडीए की सरकार बनेगी और एक बार फिर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनेंगे। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और विकास के एजेंडे पर भरोसा करती है।



### इंडी अलायंस के पास विकास का कोई भी विजन साफ नहीं है : नायब सैनी

**पटना** । हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिहार में एनडीए की उपलब्धियों की सराहना करते हुए इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन में कुछ भी ठोस नहीं है और जनता उनकी सच्चाई से वाकिफ है। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान सैनी ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेता कुछ राज्यों में झूठ बोलकर सत्ता हासिल करने में कामयाब रहे, लेकिन जनता उनके कार्यों को स्वार्थी मानती है। बिहार में इंडी अलायंस के शासन में विकास का अभाव था, जंगलराज था और गुंडागर्दी के कारण लोग भय में जीते थे। शाम पांच बजे के बाद लोग घरों से नहीं निकलते थे। बेटियां सुरक्षित नहीं थीं और बिजली और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी थी। सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की उपलब्धियों को गिनाया।



### महागठबंधन में फूट! बिहार चुनाव से राहुल गांधी क्यों दूर? केशव मौर्य का बड़ा सवाल

**नई दिल्ली** । उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह विदेश यात्रा कर रहे हैं, देश का दौरा कर रहे हैं, लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बिहार नहीं आ रहे हैं। तेजस्वी यादव अपने गठबंधन सहयोगी का अपमान कर रहे हैं। इसलिए जो कुछ भी हो रहा है, मेरा मानना है कि यह बिहार के लिए अच्छा है। जो लोग उन्हें 20, 25 सीटें देते, शायद अब वे उसके लिए भी तरसेंगे। इससे पहले आज, चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने शनिवार को तेजस्वी यादव को बिहार के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने की खबरों को लेकर महागठबंधन पर हमला बोला और कहा कि गठबंधन ने भी इसकी पुष्टि नहीं की है।



## जम्मू-कश्मीर उपराज्यपाल ने रूस के बौद्ध मठ का किया दर्शन



**एजेंसी । श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को रूस के कलमीकिया स्थित एलिस्टा स्थित बौद्ध मठ में मत्था टेका। इसे गेडेन शेडुप चोइकोरलिंग मठ के नाम से भी जाना जाता है। उपराज्यपाल कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "भारत से लाए गए और एलिस्टा के मुख्य बौद्ध मठ, जिसे गेडेन शेडुप चोइकोरलिंग मठ के नाम से जाना जाता है, में स्थापित भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को नमन किया। मैं भगवान बुद्ध से प्रार्थना करता हूं कि वे हम सभी को आशीर्वाद दें और लोगों के बीच आध्यात्मिक बंधन को मजबूत करें। मनोज सिन्हा रूस के कलमीकिया की एक सप्ताह की यात्रा पर हैं। उपराज्यपाल एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं जिसे एक सप्ताह की प्रदर्शनी के बाद भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को वापस लाने का काम सौंपा गया है। इस अवसर के लिए आभार व्यक्त करते हुए, उपराज्यपाल सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए धन्यवाद दिया।

## दिल्ली में सांसदों के लिए बने अपार्टमेंट में लगी भीषण आग

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली के बीडी रोड पर मौजूद सांसदों के लिए बने ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में शनिवार दोपहर आग लग गई। यहां पर कई राज्यसभा सांसदों और उनके स्टाफ के घर (फ्लैट) हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि फायर बिग्रेड को तुरंत ही आग लगने की जानकारी दी गई थी, इसके बावजूद टीम ने आने में देरी की। वहीं, घटना पर दिल्ली फायर सर्विसेज के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर करीब 1.22 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद फायर बिग्रेड की 6 गाड़ियों को मौके पर भेजी गईं। आग बुझाई जा रही है। घटना का जो वीडियो सामने आए हैं उनमें नजर आ रहा है कि लोग यहां से वहां दौड़ रहे हैं।



यहां कई एमपी और उनके स्टाफ के फ्लैट, लोग बोले- फायर बिग्रेड देरी से पहुंची

## आज का राशिफल

**मेष :** गणेशजी कहते हैं कि इस सप्ताह आपका ध्यान अपने करियर और पेशेवर जीवन पर रहेगा। आपको अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए अपने सहकर्मियों और वरिष्ठों से मान्यता और प्रशंसा मिल सकती है।

**वृष :** गणेशजी कहते हैं कि आपको अवसरों और विकास के एक सप्ताह के लिए तैयार रहना चाहिए! इस सप्ताह का राशिफल संकेत दे रहा है कि आपकी कड़ी मेहनत और लगन रंग लाएगी और आप अपने करियर या निजी जीवन में प्रगति देख सकते हैं।

**मिथुन :** गणेशजी कहते हैं कि इस सप्ताह आप खुद को उच्च ऊर्जा और उत्साह की स्थिति में पाएंगे, जो विकास और प्रगति के कई अवसर लाएगा। आप प्रभावी ढंग से संवाद करने और अपने विचारों को आत्मविश्वास के साथ व्यक्त करने में सक्षम होंगे, जो आपको अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा।

**कर्क :** गणेशजी कहते हैं कि सितारे इस सप्ताह आपके लिए भावनात्मक विकास और आत्म-खोज की सलाह देते हैं। आप इस सप्ताह अपनी भावनाओं को समझने की कोशिश कर सकते हैं और अपने बारे में नई सच्चाइयों को उजागर करने के लिए प्रेरित महसूस कर सकते हैं।

**सिंह :** गणेशजी कहते हैं कि आप आत्मविश्वास महसूस करेंगे और अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहेंगे। अपने पेशेवर जीवन में, आप अपने लक्ष्यों की ओर प्रगति करने में सक्षम होंगे और आपको अपनी कड़ी मेहनत के लिए मान्यता मिल सकती है।

**कन्या :** गणेशजी कहते हैं कि यह समय आपके विश्लेषणात्मक कौशल और विस्तार पर ध्यान देने और आपके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने का है। चाहे वह आपके करियर, प्रेम जीवन या व्यक्तिगत विकास में हो, यह सप्ताह आपके लक्ष्यों की ओर प्रगति करने के बारे में है।

**तुला** गणेशजी कहते हैं कि यह सप्ताह आपके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में कुछ रोमांचक लेकर आएगा। आपको कुछ अप्रत्याशित समाचार या अवसर मिल सकते हैं जो आपके करियर में बड़ी सफलता ला सकते हैं।

**वृश्चिक** गणेशजी कहते हैं कि यह सप्ताह आश्चर्य और रोमांचक घटनाओं से भरा है। आपको अप्रत्याशित समाचार या अवसर प्राप्त हो सकते हैं जो आपके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सफलता ला सकते हैं।

**धनु** गणेशजी कहते हैं कि इस सप्ताह की शुरुआत कई नई चीजों से हो सकती है। ग्रहों का गोचर एक रोमांचक अवसर या आशावाद और सकारात्मकता की भावना ला सकता है। आपको केवल उतना ही काम करना चाहिए जितना आप संभाल सकते हैं।

**मकर :** गणेशजी कहते हैं कि यह सप्ताह संभावनाओं से भरा है। सितारे आपके लक्ष्यों को प्राप्त करने और नई ऊंचाइयों तक पहुँचने में आपकी मदद करने के लिए संरेखित हैं। आपको किसी भी समय अप्रत्याशित समाचार या अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**कुंभ :** गणेशजी कहते हैं कि इस सप्ताह आपमें रचनात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हो सकता है, जो आपको किसी भी लंबित परियोजना को आसानी से निपटाने में मदद कर सकता है। अपने विचारों को आत्मविश्वास के साथ अपका मनोबल भी ऊंचा रहेगा।

**मीन :** गणेशजी कहते हैं कि यह सप्ताह आपको अपनी गहरी प्रवृत्ति का उपयोग करने और अपनी पूरी क्षमता को उजागर करने का अवसर प्रदान करता है। अपने अंतर्ज्ञान की शक्ति पर भरोसा करें और इसे सफलता की ओर ले जाने दें।

### गोरखा मुद्दों पर बातचीत के लिए मध्यस्थ की नियुक्ति से सीएम ममता बनर्जी नाराज

पीएम को लिखा पत्र



**एजेंसी । कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर केंद्र सरकार के हालिया फैसले पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है दार्जिलिंग हिल्स, तराई और डुआर्स क्षेत्र में गोरखा समुदाय से जुड़े मुद्दों पर बातचीत के लिए केंद्र द्वारा एक 'मध्यस्थ' की नियुक्ति राज्य सरकार से परामर्श के बिना की गई है, जो संघीय सहयोग की भावना के विपरीत है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में लिखा, "मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि भारत सरकार ने पंकज कुमार सिंह, आईपीएस (सेवानिवृत्त) को गोरखा मुद्दों पर बातचीत के लिए मध्यस्थ नियुक्त किया है। यह निर्णय पश्चिम बंगाल सरकार से किसी भी प्रकार की चर्चा या परामर्श किए बिना लिया गया है, जबकि यह पूरा मामला राज्य प्रशासन, शांति और दार्जिलिंग की गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) के सुशासन से सीधे तौर पर जुड़ा है। ममता बनर्जी ने पत्र में यह भी याद दिलाया कि गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) की स्थापना 18 जुलाई 2011 को दार्जिलिंग में हुए त्रिपक्षीय समझौते के बाद हुई थी, जिसमें भारत सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार और गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) के बीच समझौता हुआ था।

### समृद्धि महामार्ग पर भीषण हादसा, 3 की मौत 3 गंभीर रूप से घायल

**वाशिम** । महाराष्ट्र के वाशिम जिले में समृद्धि महामार्ग पर जऊलका पुलिस स्टेशन के अंतर्गत डव्हा के पास शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में म्यांमार के तीन नागरिकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, हादसे का शिकार हुई इनोवा कार मुंबई से ओडिशा के जगन्नाथ पुरी दर्शन के लिए जा रही थी। कार में सवार सभी लोग म्यांमार के निवासी थे। रात के समय तेज रफ्तार के कारण चालक का कार पर नियंत्रण छूट गया और कार सीधे सड़क के डिवाइडर से जा टकराई।



## अधिक संरक्षणवादी होती दुनिया में भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता सकारात्मक संकेत देता है: सुनक

**तेज़ी से संरक्षणवादी होती दुनिया में यह व्यापार समझौता एक सकारात्मक संकेत देता है**

**एजेंसी । नई दिल्ली**



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शुक्रवार को कहा कि अधिक संरक्षणवादी होती जा रही दुनिया में भारत और ब्रिटेन जैसे देशों द्वारा एक बड़े व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करना दुनिया को बहुत सकारात्मक संकेत देता है। सुनक ने 'एनडीटीवी वर्ल्ड समिट' में आयोजित एक संवाद सत्र में यह भी कहा कि हाल में व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होते देखना बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा, ''इस पर मैंने काम करना शुरू किया था, और मुझे खुशी है कि नई सरकार ने इसे पूरा किया। जुलाई में, भारत और ब्रिटेन ने एक द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते, व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए, जो उनकी दीर्घकालिक साझेदारी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सत्र के दौरान, सुनक से व्यापार समझौते और भारत-ब्रिटेन संबंधों के आगे के रास्ते के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा, एक ऐसी दुनिया में जो तेज़ी से संरक्षणवादी होती जा रही है, भारत और ब्रिटेन जैसे देशों द्वारा एक बड़े व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करना दुनिया को एक बहुत ही सकारात्मक संकेत देता है। यह व्यवसायों, नागरिक समाज, सांस्कृतिक संगठनों (और) शैक्षणिक संस्थानों को बताता है कि यह रिश्ता मायने रखता है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि दोनों देश इतिहास, संस्कृति, परिवारों और तेज़ी से आर्थिक संबंधों से भी अटूट रूप से जुड़े हुए हैं। ब्रिटिश नेता ने कहा, भारत मेरे लिए बहुत मायने रखता है, लेकिन ब्रिटेन के लिए भी इसका बहुत महत्व है।

# राजनाथ व योगी ने लखनऊ में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप का अनावरण किया

## ब्रह्मोस एयरोस्पेस के लखनऊ केंद्र में मिसाइल उत्पादन, भारत को आत्मनिर्भर रक्षा में नई ऊर्जा

- **उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे में ब्रह्मोस मिसाइलों का सफल उत्पादन, सशस्त्र बलों के लिए तैयार**
- **ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली का पहला समूह लखनऊ के नए केंद्र से भारत को उपलब्ध**

**एजेंसी । नई दिल्ली**



**योगी आदित्यनाथ ने ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप का उद्घाटन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां ब्रह्मोस एयरोस्पेस इकाई में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप का अनावरण किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह न केवल उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे (यूपीडीआईसी) के लिए एक उपलब्धि है, बल्कि इससे रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने के भारत के संकल्प को एक नयी ऊर्जा भी मिलेगी। बयान में कहा गया है कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली की निर्माता ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने लखनऊ के सरोजिनी नगर में स्थित अपने नए केंद्र में मिसाइल प्रणाली के पहले समूह का सफलतापूर्वक उत्पादन किया है। इस अत्याधुनिक इकाई का उद्घाटन 11 मई, 2025 को किया गया था। इसमें मिसाइल एकीकरण, परीक्षण और अंतिम गुणवत्ता जांच के लिए सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं।

भारतीय सशस्त्र बल सफल परीक्षण के बाद मिसाइलों को तैनाती के लिए तैयार करते हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

## दिल्ली की सीएम बोलीं- जब सनातनी सरकार आती है तो दिवाली की भव्यता-दिव्यता अद्वितीय

**एजेंसी । नई दिल्ली**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के लोगों में दिवाली के विशेष उत्साह को उजागर करते हुए कहा कि जब एक "सनातनी सरकार" सत्ता संभालती है, तो त्योहार की भव्यता और दिव्यता अद्वितीय हो जाती है। उन्होंने कहा कि अगर दिवाली दिल्ली में मनाई जाती है, तो यह राष्ट्रीय राजधानी का त्योहार बन जाती है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की दिवाली राष्ट्रीय राजधानी की दिवाली है, और इसे मनाया जाना चाहिए, देखा जाना चाहिए और महसूस किया जाना चाहिए। जब एक सनातनी सरकार सत्ता में आती है, तो इसकी भव्यता और दिव्य ता अद्वितीय होती है। आज, दिल्ली में हर कोई, चाहे उसकी उम्र, लिंग या सामाजिक स्थिति कुछ भी हो, खुश है। वे प्रधानमंत्री मोदी की जीएसटी बचत के कारण दिवाली मनाते हैं। रेखा गुप्ता ने आगे कहा कि दिल्ली के नागरिक कई वर्षों से दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहारों की असली भावना से वंचित रहे हैं।

आगामी दीपोत्सव समारोह की प्रशंसा करते हुए, उन्होंने कहा कि लाखों दीये कर्त्तव्य पथ को जगमगाएँगे और बेजोड़ भव्यता और दिव्यता का प्रदर्शन करेंगे। ये सभी ऐसे त्योहार हैं जिन्हें दिल्ली वर्षों से मिस करती रही है। लेकिन अब और नहीं।

### पाक आर्मी चीफ ने भारत को दी धमकी

# पाकिस्तान में आतंक फैला रहा भारत एरिया में बड़ा है तो महफूज न समझे

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने शनिवार को फिर से भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबाजी की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास ऐसे हथियार हैं, जो कही भी जाकर हमला कर सकते हैं। मुनीर ने कहा, 'भारत की यह गलतफहमी कि वह अपनी बड़े होने की वजह से (एरिया में) महफूज है, जल्द खत्म हो जाएगी।' मुनीर ने ये बातें सैन्य अकादमी में एक पासिंग परेड को संबोधित करने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि परमाणु शक्ति वाले माहौल में जंग की कोई जगह नहीं है। अगर दोनों देशों के बीच कोई जंग हुई तो पाकिस्तानी सेना का जवाब उम्मीद से कहीं बढ़कर होगा, जिसके बारे में हमला करने वाले ने सोचा भी नहीं होगा।

**मुनीर बोला- भारत से जंग में पाक आर्मी ने काबिलियत दिखाई :** मुनीर ने कहा कि ऑपरेशन बुनीयान-उम-मारसूज (भारत के खिलाफ हुआ संघर्ष) के दौरान पाकिस्तान आर्मी ने अपनी काबिलियत दिखाई और अपने से कई गुना बड़ी दुश्मन सेना को हराया। उन्होंने कहा कि अल्लाह की मदद और लोगों के समर्थन से पाकिस्तान ने अपनी सीमाओं की रक्षा में बड़ी सफलता हासिल की है। मुनीर ने वादा किया कि देश की एक इंच भी जमीन किसी दुश्मन को नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जैसे उन्होंने भारत को पिछली बार हराया था वैसे ही भारत की मदद से चलाए जा रहे आतंकियों के गुटों को कुचल डालेंगे।

## हमारे हथियार कहीं भी हमला कर सकते




*भारत पर जीत साबित करती है कि पाकिस्तान लोहे की दीवार की तरह एकजुट और मजबूत है। पाकिस्तान का झंडा हमेशा ऊंचा रहेगा, यह किसी के भी सामने कभी नहीं झुकेगा। हमारी सेना देश की सीमाओं की रक्षा के लिए सेना हमेशा तैयार है।*

***आसिम मुनीर,** आर्मी चीफ, पाकिस्तान*

### आसिम मुनीर बोले- पाकिस्तान-सऊदी भाईचारे को मजबूत कर रहे

मुनीर ने सऊदी अरब के साथ हाल के रक्षा समझौते पर भी बात की। उन्होंने इसे पाकिस्तान-सऊदी भाईचारे को मजबूत करने वाला बताया। साथ ही इसे मिडिल इस्ट और एशिया में शांति का कदम करार दिया। इसके अलावा मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान ने ईरान के साथ शांतिपूर्ण बातचीत में भूमिका निभाई है और दूसरे मुस्लिम देशों के साथ संबंध तेजी से बढ़ा रहे हैं। उन्होंने चीन के साथ ऐतिहासिक रणनीतिक साझेदारी पर भी गर्व जताया और अमेरिका के साथ मजबूत होते संबंधों को प्रेरणादायक बताया।

### भारत के राफेल गिराने का दावा किया

आर्मी चीफ ने कहा कि पाकिस्तान एयर फोर्स ने भारत के राफेल गिराए, कई बेस और S-400 मिसाइल सिस्टम्स को निशाना बनाया। इसके साथ ही मुनीर ने कश्मीर में आतंकवाद और अत्याचारों की निंदा की और कश्मीरियों को अपने फैसले खुद करने का अधिकार देने की मांग की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरी लोगो के लिए समर्थन जारी रखेगा।

# दो गुना बढ़ जाते हैं सर्दियों व प्रदूषण में हार्ट अटैक और स्ट्रोक के मामले

*30-50 आयु वर्ग के लोगों में भी सर्दियों के दौरान हृदय व मस्तिष्क संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं, जो पहले बुजुर्गों तक सीमित थीं*

**आरपी सिंह**

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में सर्दियों का आगमन न केवल ठंड लाता है, बल्कि वायु प्रदूषण के साथ मिलकर हृदय व मस्तिष्क संबंधी बीमारियों का खतरा भी बढ़ा देता है। विशेषज्ञों के अनुसार, सर्दी में रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे रक्तचाप बढ़ता है और हृदय पर दबाव पड़ता है। इसके साथ ही, वायु प्रदूषण में मौजूद महीन कण (पीएम 2.5) फेफड़ों के माध्यम से रक्त में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक का जोखिम 1.5 से 2 गुना तक बढ़ जाता है। देश की राजधानी दिल्ली के प्रमुख अस्पतालों जैसे एम्स, सफदरजंग व राम मनोहर लोहिया के आंकड़े बताते हैं कि सर्दियों में हार्ट अटैक और स्ट्रोक के मामले गर्मियों की तुलना में दोगुने हो जाते हैं। उदाहरण के लिए, सफदरजंग अस्पताल में सामान्य मौसम में प्रति माह औसतन 50-60 हार्ट अटैक के मामले आते हैं, जबकि सर्दियों में यह संख्या 90-120 तक पहुंच जाती है। इसी तरह, स्ट्रोक के मामलों में भी 40-50% की वृद्धि देखी गई है। एम्स के एक अध्ययन के अनुसार, 30-50 आयु वर्ग के लोगों में भी सर्दियों के दौरान हृदय और मस्तिष्क संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं, जो पहले बुजुर्गों तक सीमित थीं।



**क्यों बढ़ता है खतरा? :** सर्दियों में धमनियों का संकुचन रक्त संचार को प्रभावित करता है। डॉ. संदीप बंसल, सफदरजंग अस्पताल, बताते हैं कि ठंड के कारण रक्त गाढ़ा हो जाता है, जिससे थक्के बनने की आशंका बढ़ती है। इसके अलावा, प्रदूषण के महीन कण धमनियों में सूजन पैदा करते हैं, जो हार्ट अटैक का कारण बन सकता है। जीवनशैली भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सर्दियों में लोग कम व्यायाम करते हैं, पानी कम पीते हैं और धूम्रपान या शराब का सेवन बढ़ा देते हैं, जिससे जोखिम और बढ़ जाता है।

**बचाव के उपाय :** विशेषज्ञों की सलाह है कि सर्दियों में खुद को गर्म रखें, सुबह की सैर कोहरे के बाद करें और नियमित स्वास्थ्य जांच करवाएं। डॉ. उपेंद्र कौल के अनुसार, समय पर जांच जैसे ईसीजी और एसएचओ से समस्याओं का जल्द पता लग सकता है। डॉ. अनिल सक्सेना ने बताया कि हल्की सांस फूलना या थकान को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है।

**सर्दियों में हार्ट अटैक और स्ट्रोक के मामलों में वृद्धि-**

| महीना | हार्ट अटैक (प्रति माह) | स्ट्रोक (प्रति माह) |
|---|---|---|
| गर्मी (जून) | 50-60 | 30-40 |
| सर्दी (जनवरी) | 90-120 | 50-60 |

*सर्दी और प्रदूषण का संयोजन जानलेवा हो सकता है। स्वस्थ जीवनशैली, नियमित जांच और सतर्कता से इन खतरों को कम किया जा सकता है। असामान्य लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।*

# भारत एंटीबायोटिक बेअसर मामले में नंबर वन

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली ।** भारत में स्वास्थ्य के मामले में एक बहुत बड़ी व गंभीर समस्या बढ़ती जा रही है, जिसे 'सुपरबग' कहा जाता है। यह वे बैक्टीरिया होते हैं जो दवाओं से लड़ने लगते हैं और दवाएं उन पर असर नहीं करतीं। इसका कारण है एंटीबायोटिक दवाओं का गलत या डॉक्टर-अस्पताल लाबी द्वारा की महंगी नई लांच दवाओं का इस्तेमाल। सरकार, अस्पताल, डॉक्टर और दवा कंपनियों के बीच गठजोड़ की वजह से मरीजों को अक्सर ज़रूरत से ज़्यादा और गलत दवाएं दी जाती हैं। इस वजह से बैक्टीरिया दवाओं के खिलाफ लड़ना सीख जाते हैं और मरीज की बीमारी बढ़ती चली जाती है।

**डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट क्या कहती है? :** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बताया गया है कि दुनिया भर में हर छह में से एक बैक्टीरिया एंटीबायोटिक दवाओं के खिलाफ मजबूत हो चुका है। भारत इस मामले में सबसे आगे है। भारत, चीन और पाकिस्तान में खून के संक्रमण के लगभग 41% मामले पाए गए हैं। पेट के संक्रमण के 42% मामले चीन और ईरान से हैं, जबकि पेशाब के संक्रमण के 42% मामले भारत, इराक, ईरान और पाकिस्तान से आते हैं।

**रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) क्या है? :** जब बैक्टीरिया दवाओं का सामना करते हैं और उनसे लड़कर बच जाते हैं, तो इसे रोगाणुरोधी प्रतिरोध या एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (AMR) कहा जाता है। इसका मतलब है कि दवाएं उनका इलाज नहीं कर पातीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, यह दुनिया के शीर्ष 10 स्वास्थ्य खतरों में से एक है। इससे लाखों लोग बीमार पड़ते हैं और मौतें होती हैं।

**भारत में समस्या के कारण :** भारत में एंटीबायोटिक दवाओं का ज्यादा और गलत इस्तेमाल होता है। एक तो लोग बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाएं लेते हैं। दूसरे अस्पताल , दवा कंपनी व डॉक्टर की लाबी मिलकर किसी कंपनी विशेष की महंगी एंटीबायोटिक व दवाएं लिखते हैं , जो मरीज पर असर नहीं करती । इसके अलावा अस्पतालों में सफाई कम होती है और डॉक्टर भी मरीजों को जरूरत से ज्यादा दवाएं लिख देते हैं। खेती व मुर्गी पालन में भी एंटीबायोटिक दवाओं का ज्यादा इस्तेमाल होता है। दवा कंपनियां इसे बढ़ावा देती हैं क्योंकि इससे उनका फायदा होता है। लेकिन इसके उत्पाद जो लोग खाते हैं वे मरीज होते जाते हैं।

### भारत में आंकड़े क्या दिखाते हैं?

- भारत में जो दवाएं उपयोग होती हैं, उनका लगभग 80% इस्तेमाल हो जाता है, लेकिन केवल 7.8% मरीजों का ही सही इलाज होता है।बाकी में रोग प्रतिरोधक की समस्या की संभावना बढ़ जाती है।
- केवल 6.9% मरीजों को सही और असरदार दवा मिल पाती है।
- यह समस्या भारत में सबसे ज्यादा है क्योंकि यहां दवाओं का गलत इस्तेमाल और बैक्टीरिया की संख्या दोनों बहुत ज्यादा हैं

### 'सुपरबग' क्या होते हैं?

सुपरबग वे बैक्टीरिया होते हैं जो कई तरह की एंटीबायोटिक दवाओं के खिलाफ प्रतिरोधी होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, एएमआर सुपरबग हर साल पांच लाख से ज्यादा मौतों के लिए जिम्मेदार हैं। सितंबर 2024 में संयुक्त राष्ट्र ने सुपरबग की समस्या को गंभीर मानते हुए इसके खिलाफ तेज़ कार्रवाई की बात कही।

### समस्या का हल



दवाओं का सही व जरूरत के हिसाब से इस्तेमाल करें।डॉक्टर जो दवा कंपनी व अस्पताल के गठजोड़ में शामिल हो उसकी पर्ची दवाएं न लें।ईमानदार डाक्टर से सलाह लें।अस्पतालों और घरों में साफ-सफाई रखें।खेती और पशुपालन में दवाओं का सीमित उपयोग करें।टीकाकरण बढ़ाएं और संक्रमण से बचाव करें। भारत में 'सुपरबग' एक बहुत बड़ा खतरा बन गया है। दवाओं का अंधाधुंध और गलत इस्तेमाल बैक्टीरिया को दवाओं के खिलाफ मजबूत बना रहा है। अगर हमने इस समस्या पर जल्दी ध्यान नहीं दिया, तो इलाज मुश्किल हो जाएगा और लोग बीमार होते रहेंगे।

### दक्षिण अफ्रीका में बस दुर्घटना में 43 लोगों की मौत का जिम्मेदार कौन?

**जोहान्सबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका के लिम्पोपो प्रांत में हुई बस दुर्घटना में 43 लोगों की मौत हो गई। इस मामले में जांच के बाद परिवहन मंत्री बारबरा क्रीसी ने बड़ा खुलासा किया। उन्होंने कहा कि बस जर्जर हालत में थी और सड़क पर चलने की स्थिति में नहीं थी और हादसे के वक्त उसकी रफ्तार तेज थी, जो हादसे की वजह बनी। सड़क यातायात प्रबंधन निगम ने इस दुर्घटना की जांच की। घटना में 43 लोग मारे गए और 30 से ज्यादा यात्री घायल हुए। परिवहन विभाग ने एक बयान में कहा, "बस दुर्घटना का एक प्रमुख कारण बस चालक था, जिसने पहाड़ी दर्रे की परिस्थितियों के हिसाब से बहुत तेज गति से बस चलाई। दुर्घटना के समय 62 सीटों वाली बस में 91 लोग सवार थे।

# अफगानिस्तान से सीखे बीसीसीआई, खेल से ऊपर राष्ट्र : सांसद प्रियंका चतुर्वेदी

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर तनाव चरम पर है। 17 अक्टूबर 2025 को पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक में अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के उरगुन जिले में 8 लोग मारे गए, जिनमें 3 युवा क्रिकेटर—कबीर , सिबगतुल्लाह व हारून—शामिल थे। ये खिलाड़ी शरना में फ्रेंडली मैच खेलकर लौटे थे, जब हमला हुआ। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अनुसार, 7 अन्य घायल हुए। टोलो न्यूज के मुताबिक, यह 48 घंटे के युद्धविराम का उल्लंघन था, जो 11 अक्टूबर से चले सीमा संघर्ष के बाद हुआ था। कुल मिलाकर, हफ्ते भर में 40 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं, ज्यादातर महिलाएं-बच्चे। इस घटना ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड को झकझोर दिया। बोर्ड ने नवंबर में लाहौर-रावलपिंडी में होने वाली पाकिस्तान-स श्रीलंका के साथ ट्राई-नेशन टी20 सीरीज रद्द कर दी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा, "यह पीड़ितों के सम्मान में फैसला है। पाकिस्तानी सत्ता का कायराना हमला असहनीय है।

कप्तान राशिद खान ने एक्स पर लिखा, "महिलाओं, बच्चों और उभरते क्रिकेटरों की मौत अमानवीय है।" पूर्व कप्तान मोहम्मद नबी भी भावुक हो गए। यह सीरीज 2025 की दूसरी ऐसी घटना होती, पहली यूएई में हुई थी। भारत में इसने राजनीतिक बहस छेड़ दी। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने राशिद की पोस्ट शेयर कर कहा, "पाकिस्तानी तंत्र कायरों का गठजोड़ है, जो निर्दोषों के खून पर पलता है। एसीबी का फैसला सही है। बीसीसीआई और भारत सरकार को खेल से ऊपर राष्ट्र को प्राथमिकता देने का सबक लेना चाहिए।" उन्होंने उम्मीद जताई कि श्रीलंका भी एकजुट होकर हटेगी, याद दिलाते हुए 2009 के लाहौर हमले का। चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया, "यह राजनीति नहीं, आतंकवाद के खिलाफ खड़े होने की बात है। दुष्ट राष्ट्र से जानें जाती हैं, परिवार बर्बाद होते हैं।" विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे हमले खेल को प्रभावित करते हैं। 2025 एशिया कप में अफगानिस्तान-पाकिस्तान मैच के बाद तनाव बढ़ा था। एसीबी का कदम क्षेत्रीय क्रिकेट को नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन यह नैतिक जीत है। भारत को भी आतंक-प्रायोजित देशों से खेल संबंधों पर पुनर्विचार करना चाहिए।

## पाकिस्तान के साथ वार्ता के लिए दोहा पहुंचा अफगानिस्तान का प्रतिनिधिमंडल

**एजेंसी । दोहा**



अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को पुष्टि की है कि तालिबान शासन के रक्षा मंत्री मौलवी मुहम्मद याकूब मुजाहिद के नेतृत्व में इस्लामिक अमीरात का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तानी पक्ष के साथ बातचीत के लिए दोहा पहुंच गया है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच इन दिनों भारी तनाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच बातचीत के माध्यम से मुद्दा सुलझाने के लिए इस यात्रा को अहम माना जा रहा है।

## स्लोवेनिया का ब्लेड संयुक्त राष्ट्र पर्यटन के 2025 के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों में शामिल

**एजेंसी । नई दिल्ली**



स्लोवेनिया के शहर ब्लेड को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) टूरिज्म ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों में शामिल किया है। ब्लेड अपनी सुंदर हिमनद झील, झील के बीच स्थित छोटे द्वीप और वहां के चर्च के लिए विश्व प्रसिद्ध है। इसके लिए शहर को यूएन टूरिज्म बेस्ट टूरिज्म विलेज पहल के तहत यह सम्मान मिला है। यह सम्मान उन स्थानों को दिया जाता है जो प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करते हुए सतत पर्यटन विकास को बढ़ावा देते हैं।

# बॉलीवुड में नई पीढ़ी का जलवा!

## आर्यन खान के डेब्यू पर सलमान शाहरुख का धमाकेदार रिएक्शन

कहानी फिल्म जगत की

सऊदी अरब के रियाद में जॉय फ़ोरम कार्यक्रम में, बॉलीवुड के दिग्गज शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान एक साथ फिर से मिले और पुरानी यादें ताज़ा कीं और दोस्ताना बातचीत की। इस अवसर पर उनके दशकों के सहयोग और भारतीय सिनेमा पर इन सितारों के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया।

चर्चा के दौरान, सलमान खान ने शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की उनके निर्देशन में बनी परियोजना के लिए प्रशंसा की। सलमान ने कहा, "आर्यन ने एक वेब शो, "द बैड्स ऑफ़ बॉलीवुड" बनाया था। इसने वाकई बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। तो अब उसकी परवरिश भी वैसी ही है! वह ऐसा नहीं चाहता था... मैं चाहता हूँ कि वह कैमरे के सामने हो, और एक बेहद गंभीर पिता हो... और जैसा कि मैंने पहले कहा था, अगर वह उनका उत्तराधिकारी बनता है तो आर्यन ही एकमात्र व्यक्ति होगा जिससे वह खुश होगा।






# काली पूजा पंडाल में 1101 महिलाएं 21 को करेंगी महाआरती

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची के हरमू रोड काली पूजा स्वागत समिति की ओर से इस बार 1101 महिलाएं एक रंग की साड़ी पहनकर मां काली की महाआरती करेंगी। इस वर्ष समिति अपना 37वां स्थापना उत्सव मना रही है। पूजा पंडाल नशामुक्त समाज का संदेश देगा। समिति के संस्थापक अध्यक्ष प्रेम वर्मा ने शनिवार को बताया कि हर साल समिति समाज के किसी महत्वपूर्ण मुद्दे को थीम बनाकर मां काली की आराधना करती है। इस बार की पूजा नशामुक्ति अभियान को समर्पित है। 20 अक्टूबर को पूजा की जाएगी। 21 अक्टूबर को भव्य महाआरती होगी, जिसमें 1101 महिलाएं भाग लेंगी।

# झामुमो गठबंधन से हुआ अलग 6 सीटों पर लड़ेगा बिहार विस चुनाव

## दो सीटों का ऑफर ठुकराया

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन से अलग हो गया है। अब जेएमएम बिहार की 6 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। महागठबंधन में जेएमएम को मात्र दो सीट मिली थी। जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि जिन सीटों पर एनडीए के खिलाफ हमारे कार्यकर्ता लंबे समय से संघर्ष करते आ रहे हैं, वो सीटें मिले। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा- झारखंड में हमने 2019 में भी राजद, कांग्रेस को अपना समर्थन दिया था।

उनको अपनी सीटें दी थी। राजद को तो केवल सीटें ही नहीं दी, बल्कि विजयी उम्मीदवार को 5 सालों तक मंत्री बनाया। यही नहीं सम्मानजनक तरीके उनको मुख्यमंत्री ने अपने तमाम यात्राओं, कार्यक्रमों में प्रमुखता से स्थान दिया। 2024 के चुनाव में हम लोगों ने राजद को 6 सीटें और उनके विजयी एक प्रतिनिधि को अभी के वर्तमान कैबिनेट में महत्वपूर्ण स्थान दिया है।

## झामुमो को बिहार में सीट नहीं मिली, बोली भाजपा

# बड़े बेआबरू होकर तेरे कूचे से निकले हम

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो को बिहार में महागठबंधन की ओर से एक भी सीट नहीं दिए जाने पर जमकर निशाना साधा। प्रतुल ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा है कि उन्हें झामुमो की इस बेइज्जती से मिर्जा गालिब का शेर याद आ गया। बड़े बेआबरू होकर तेरे कूचे से निकले हम। उन्होंने कहा कि बिहार में सीट बंटवारे के दौरान झामुमो के साथ जो व्यवहार महागठबंधन ने किया, वह न केवल राजनीतिक अपमान है बल्कि झामुमो की खोखली राजनीतिक हैसियत को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि झामुमो बिहार में महागठबंधन से 12 सीटों की मांग कर रहा था, लेकिन उन्हें एक भी सीट नसीब नहीं हुई। यह उस पार्टी के लिए सबसे बड़ा राजनीतिक तमाचा है, जो खुद को "महागठबंधन की रीढ़" कहती फिरती है। शाहदेव ने कहा कि बिहार में तो झामुमो को दरवाजे से अंदर घुसने नहीं दिया गया और झारखंड में यही झामुमो राजद जैसे दल को अपने सिर पर बैठाए घूम रहा है। यही नहीं, राजद का न तो झारखंड में कोई जनाधार है, न संगठन, लेकिन झामुमो ने उन्हें मंत्रिमंडल में मंत्री पद तक दे दिया। अब सवाल यह है कि क्या इस अपमान के बाद झामुमो झारखंड में राजद के मंत्री को मंत्रिमंडल से बाहर करेगा या फिर महागठबंधन में बने रहने के लिए चुपचाप इस बेज्जती को निगल जाएगा। झामुमो का यह मौन झारखंड की जनता भी देख रही है। बिहार में दरकिनार और झारखंड में झुककर रहने की यह दोहरी राजनीति बताती है कि झामुमो अब अपनी राजनीतिक अस्मिता खो चुका है। उन्होंने कहा कि झारखंड में राजद को मंत्री बनाकर झामुमो ने जो 'गठबंधन धर्म' निभाया था, उसका 'बिहार अध्याय' महागठबंधन ने अब पूरी तरह बंद कर दिया।

# झारखंड और बिहार के सीमावर्ती जिलों के एसपी के साथ आईजी अभियान ने की बैठक

- **बिहार चुनाव को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का दिया निर्देश**

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) सह स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी, झारखंड की अध्यक्षता में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए शनिवार को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक हुई। इस बैठक में झारखंड राज्य के सीमावर्ती जिला यथा, हजारीबाग, गढ़वा, चतरा, गिरिडीह, गोड्डा, पलामू, कोडरमा, देवघर, साहिबगंज एवं दुमका के पुलिस अधीक्षकों के साथ व्यापक रूप से समीक्षा गई।

बैठक के क्रम में पुलिस महानिरीक्षक, अभियान ने बिहार एवं झारखंड के सीमावर्ती जिलों में अपराधियों, असामाजिक तत्वों एवं नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चलाने तथा अवैध शराब, मादक पदार्थ, अवैध आग्नेयास्त्र, अवैध धन के अंतरराज्यीय संचारण की रोकथाम के लिए स्थापित किए गए अंतरराज्यीय चेक पोस्ट/मिरर चेक पोस्ट के कार्य की समीक्षा करते हुए सभी बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया। विशेषकर बिहार राज्य से सटे झारखंड के जिले यथा, हजारीबाग, गढ़वा, चत्तरा, गिरिडीह, गोड्डा, पलामू, कोडरमा, देवघर, साहिबगंज एवं दुमका में मिरर चेक पोस्ट सक्रिय करने, अंतरराज्यीय वांछित अपराधियों, वारंटियों, हिस्ट्रीशीटरों के बारे में संयुक्त रूप से आसूचना साझा करते हुए वांछित कार्रवाई करने के लिए कहा गया। साथ ही, सक्रिय अंतरराज्यीय संगठित अपराध एवं आपराधिक गिरोहों के सरगना सहित एवं उनके सदस्यों तथा बिहार राज्य के वांछित अपराधकर्मी, जो झारखंड राज्य के निवासी हैं, उनके विरुद्ध संयुक्त कठोर कारगर कार्रवाई करने के लिए संबंधित पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया, ताकि बिहार विधानसभा चुनाव-2025 निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके।

बैठक में सुनील भाष्कर, प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, बोकारो, धनंजय कुमार सिंह, पुलिस उप-महानिरीक्षक, जंगलवार फेयर स्कूल नेतरहाट सह चुनाव कोषांग तथा हजारीबाग, गढ़वा, चतरा, गिरिडीह, गोड्डा, पलामू, कोडरमा, देवघर, साहिबगंज एवं दुमका के पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

# असाधारण योगदान के लिए मिला है इस वर्ष का नोबेल पुरस्कार : प्रो एके पाढ़ी

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झारखंड केंद्रीय विवि (सीयूजे) के रसायन विज्ञान विभाग में 'रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार 2025' विषय पर एक ज्ञानवर्धक चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में हुए नवीनतम शोध कार्यों और उनके वैश्विक प्रभाव से अवगत कराना था। इस अवसर पर विभाग के परास्नातक के तीन विद्यार्थियों — श्रद्धा सुमन, आलोक राज तथा सुप्रिया कुमारी — ने इस वर्ष के रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार विजेताओं, सुसुमू कितागावा, रिचर्ड रॉबसन एवं ओमर एम याघी के कार्यों पर विस्तृत और प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। इस वर्ष उन्हें मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क्स में उल्लेखनीय कार्य के लिए नोबेल दिया गया है। विद्यार्थियों ने अपने प्रस्तुतीकरण में उनके वैज्ञानिक खोजों, व्यावहारिक उपयोगों तथा मानव समाज पर उनके योगदानों को सरल एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विभागाध्यक्ष और डीन शोध एवं विकास, प्रो अरुण कुमार पाढ़ी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों को न केवल वैज्ञानिक सोच विकसित करने में सहायता करते हैं, बल्कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय शोध प्रवृत्तियों से भी जोड़ते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को इस प्रकार की सक्रिय सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो पाढ़ी ने कहा कि इस वर्ष का नोबेल काफी महत्वपूर्ण है। इसकी उपयोगिता हर क्षेत्र में है, चाहे वह गैस भंडारण हो या फिर एक उत्प्रेरक के तौर पर इस्तेमाल होना। साथ ही, बायोमेडिसिन, ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स एवं स्वचालित इलेक्ट्रॉनिक संरचना बनाना और ऊर्जा उत्सर्जन में भी इसकी उपयोगिताएं हैं।

# कांग्रेस के प्रत्याशी अजीत शर्मा के नामांकन रैली में शामिल हुईं झारखंड की दीपिका पांडेय

नवीन मेल संवाददाता



**भागलपुर/रांची।** भागलपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं महागठबंधन के प्रत्याशी अजीत शर्मा के नामांकन रैली में झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने शिरकत की। रैली में जनसैलाब उमड़ा, सड़कों पर जनता का उत्साह देखने लायक था। इस अवसर पर दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की ओर से उन्हें भागलपुर जिले का प्रभारी बनाकर भेजा गया है। यह पड़ोसी राज्य है, इसलिए यहां आना उनके लिए नया नहीं है। उन्होंने कहा, "हम हर चुनाव में भागलपुर आकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते रहे हैं। जैसे अजीत शर्मा ने झारखंड के चुनावों में आकर हमारा साथ दिया, वैसे ही आज हम उनके साथ मजबूती से खड़े हैं।" उन्होंने जोर देकर कहा कि आज पूरा बिहार महागठबंधन और कांग्रेस पार्टी के पक्ष में एक सकारात्मक लहर का अनुभव कर रहा है। जनता में उत्साह और जोश चरम पर है, और यह साफ संकेत है कि आने वाले समय में महागठबंधन की सरकार बनना तय है। रैली में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की भारी भागीदारी ने माहौल को ऐतिहासिक बना दिया। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि महिलाओं का इस तरह सड़कों पर उतरकर समर्थन जताना इस बात का प्रमाण है कि अजीत शर्मा जी भारी बहुमत से विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि भागलपुर न सिर्फ कांग्रेस का गढ़ है, बल्कि महागठबंधन की एकजुटता और ताकत का प्रतीक है। इस बार यहां एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की जाएगी। इस दौरान श्रीमती सिंह ने विशेष रूप से कांग्रेस नेता और जननायक राहुल गांधी जी का उल्लेख करते हुए कहा, "राहुल गांधी जी ने देश में एक नई राजनीति की नींव रखी है — यह राजनीति नफरत की नहीं, बल्कि प्यार, समानता और न्याय की है। उन्होंने पूरे देश में जनजोड़ यात्रा और संवाद के माध्यम से जो विश्वास बनाया है, वह आज हर राज्य में दिख रहा है। बिहार की जनता भी राहुल जी के नेतृत्व पर भरोसा कर चुकी है। आज गांव-गांव, शहर-शहर में लोगों की एक ही आवाज है-विकास चाहिए, बदलाव चाहिए, और यह बदलाव राहुल गांधी जी के नेतृत्व में ही संभव है।" उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी की विचारधारा ने युवाओं, किसानों, महिलाओं और समाज के हर वर्ग में नई उम्मीद जगाई है। बिहार की जनता अब इस बदलाव की राह पर कदम बढ़ा चुकी है।

## भूविज्ञान विभाग में देशभर से जुटे पूर्व छात्र, नई कार्यकारिणी का गठन

**रांची।** रांची विवि के भूविज्ञान विभाग में शनिवार को रांची यूनिवर्सिटी जियोलॉजी एलुमनाई एसोसिएशन का एलुमनाई मीट 2025 आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि प्रो सुदेश साहू (डीएसडब्ल्यू व निदेशक, आईक्यूएसी, रांची विवि) ने की। विशिष्ट अतिथियों में आनंद अग्रवाल (पूर्व अध्यक्ष, सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड, भारत सरकार) व आरके सिंह (महाप्रबंधक, सीएमपीडीआई) शामिल थे। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से करीब दो सौ पूर्व छात्र शामिल हुए, जिनमें कोल इंडिया, जीएसआई, सीजीडब्ल्यूबी, ओएनजीसी, गेल, डीएमजी (झारखंड सरकार), एटॉमिक मिनरल डिवीजन, रुंगटा माइंस, आईबीएम सहित विभिन्न सरकारी व निजी संस्थानों के भूवैज्ञानिक मौजूद रहे। इसके अलावा प्रशासनिक सेवा से अमित प्रकाश (आईएएस, अवकाशप्राप्त), जयकिशोर प्रसाद, अरविंद लाल, दिवाकर प्रसाद (पूर्व मुख्य फोटोग्राफर, हिंदुस्तान टाइम्स) सहित कई शिक्षाविद्, उद्यमी व निजी संस्थानों के पूर्व छात्र भी शामिल हुए। आनंद अग्रवाल ने विद्यार्थियों के हित में मजबूत एलुमनाई नेटवर्क की आवश्यकता पर बल दिया और छात्र क्षमता निर्माण में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# राजीव गांधी ने 1977 के बोइंग सौदे को प्रभावित किया था : सांसद निशिकांत दुबे

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर 1977 में इंडियन एयरलाइंस के विमान खरीद मामले में अनुचित प्रभाव डालने का आरोप लगाया कि उन्होंने प्रमुख सरकारी निकायों के विरोध के बावजूद, एयरबस को चुनने के बजाय व्यक्तिगत कमीशन के लिए बोइंग के साथ सौदा कराने में हस्तक्षेप किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में, दुबे ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा और उनके पिता की कथित संलिप्तता पर सवाल उठाया। 'एक्स' पोस्ट में उन्होंने लिखा, "राहुल गांधी जी, क्या 1977 में कमीशन के चक्कर में आपके पिता ने एयरबस की बजाय एयर इंडिया से तीन बोइंग विमान खरीदवाए थे? क्या आपके पिता बिना किसी अधिकार के अवैध रूप से बैठकों में शामिल होते थे? क्या कमीशन के लिए योजना आयोग और वित्त मंत्रालय का विरोध आपके परिवार पर लागू नहीं होता था?" यह विवाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में आपातकाल के अंतिम महीनों में शुरू हुआ था, जब इंडियन एयरलाइंस ने तीन बोइंग 737 विमान खरीदने का फैसला किया था। बाद में, शाह आयोग ने इस सौदे की जांच की, जिसका गठन 1977 में आपातकाल के दौरान हुई ज्यादतियों की जांच के लिए किया गया था। आयोग ने पाया कि यह प्रक्रिया जल्दबाजी में की गई थी और स्थापित प्रक्रियाओं को दरकिनार कर दिया गया था, जिसमें निर्णय लेने में अनियमितताएं और आधिकारिक बैठकों में राजीव गांधी, जो उस समय इंडियन एयरलाइंस के पायलट थे, की असामान्य उपस्थिति की ओर इशारा किया गया था। शाह आयोग के निष्कर्षों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि राजीव गांधी सितंबर 1976 में एक महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए थे, जहां वित्त निदेशक द्वारा बोइंग के पक्ष में वित्तीय अनुमान प्रस्तुत किए गए थे। आयोग ने कहा कि उनकी भागीदारी 'व्यावसायिक प्रक्रिया के बिल्कुल विपरीत' थी और इस बात पर सवाल उठाया कि एक पायलट को गोपनीय वित्तीय चर्चाओं की जानकारी क्यों थी। दुबे ने आयोग की रिपोर्ट के कुछ अंश साझा किए, जिसमें प्रक्रियात्मक खामियों का विस्तृत विवरण दिया गया था और दर्ज किया गया था कि इस सौदे ने सभी मानक नियमों और आवश्यकताओं का उल्लंघन किया और तुलनात्मक परीक्षणों या व्यवहार्यता अध्ययनों का कोई सबूत नहीं दिया गया।रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बोइंग के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर कंपनी की पेशकश की तकनीकी समाप्ति के बाद भी हुए, जिससे प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से अनुचित जल्दबाजी और राजनीतिक दबाव का संकेत मिलता है। कहा जाता है कि 30.55 करोड़ रुपए की इस खरीद को योजना आयोग और वित्त मंत्रालय, दोनों से प्रतिरोध का सामना करना पड़ा था, लेकिन कथित तौर पर इंदिरा गांधी के कार्यालय के निर्देशों के तहत इसे आगे बढ़ाया गया। शाह आयोग के समक्ष गवाहों की गवाही में सौदे में राजनीतिक हस्तक्षेप और अनियमितताओं का हवाला दिया गया, जिससे भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के आरोपों को और बल मिला।

# देसी पिस्तौल बरामदगी मामले में सबूतों की कमजोरी से आरोपी बरी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी भूपेश चंद्र समद की अदालत ने शनिवार को देसी पिस्तौल बरामदगी मामले में ट्रायल फेस कर रहे आरोपी एनेम हसा पूर्ति को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में असफल रहा। बचाव पक्ष के अधिवक्ता प्रितांशु कुमार सिंह ने बहस के दौरान पुलिस गवाहों को तकनीकी आधार पर तोड़ दिया। इसका लाभ आरोपी को मिला। बताया कि 29 फरवरी 2024 को अपराध निरोधक जांच के दौरान टीम ने तमाड़ थाना क्षेत्र के निर्मल होटल में बैठा आरोपी को दो नली पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। घटना को लेकर तमाड़ थाना में कांड संख्या 21/2024 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मुकदमे के दौरान अभियोजन ने छह गवाहों की गवाही दर्ज कराई गई। जिनमें एएसआई अजय प्रताप, सूचक सुखदेव राज, सार्जेंट मेजर अनीश मोमित कुजूर, निरीक्षक मुकेश कुमार खरिता, जवान योगेंद्र गोप और प्रदीप कुमार जैना शामिल थे। सभी पुलिस या एसएसबी के अधिकारी थे, जबकि कोई स्वतंत्र गवाह मौजूद नहीं था। जिरह के दौरान गवाहों के बयान में कई विरोधाभास और प्रक्रियागत त्रुटियां सामने आईं। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि "अभियोजन की कहानी कई बिंदुओं पर संदिग्ध है। सबूतों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं, अतः आरोपी को संदेह का लाभ दिया जाता है।"

## बाबूलाल मरांडी ने अवैध पत्थर खनन को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, कहा

# अवैध खनन रोकने का तुरंत आदेश दिया जाए

नवीन मेल संवाददाता



- **पत्थर माफिया पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उससे राजस्व नुकसान की वसूली की जाए**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अवैध पत्थर खनन को लेकर पत्थर माफिया सत्यनाथ साह पर कार्रवाई करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा, मैं आपका ध्यान साहिबगंज जिले के बोरियो अंचल में स्थित मौजा बिंदेरी बंदरकोला में पत्थर खनिज लीजधारक सत्यनाथ साह को पत्थर खनन के लिए जिला खनन कार्यालय, साहिबगंज द्वारा निर्गत 4 एकड़ जमीन खनन पट्टा हेतु दिए जाने के अलावे लीजधारक द्वारा लगभग 20 एकड़ जमीन पर अवैध पत्थर खनन कर लगभग 200 करोड़ रुपए का राजस्व क्षति पहुंचाने की ओर आकृष्ट कराना चाहूंगा। यह एक अतिगंभीर मामला है। बाबूलाल मरांडी ने लिखा है, मैंने इस संबंध में प्रखंड बोरियो के उपप्रमुख कैलाश प्रसाद, पोस्ट एवं थाना-बोरियो, जिला-साहिबगंज से प्राप्त आवेदन एवं कई महत्वपूर्ण साक्ष्य आवेदन के साथ संलग्न किया है, जो आपके अवलोकनार्थ है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि सत्यनाथ साह, (पिता-स्व. गोदाय साह, ग्राम एवं पो.-मोतीपहाड़ी, थाना-बोरियो) के नाम पर बोरियो अंचल में जमाबंदी नं.-11 के दाग नं.-719 का अंश रकवा 4 एकड़ भूमि पर पत्थर खनन करने के लिए वर्ष 2017 में जिला खनन पदाधिकारी एवं उपायुक्त साहिबगंज के संयुक्त हस्ताक्षर से दिनांक 18.02.2017 से 17.02.2027 तक खनन पदाधिकारी की स्वीकृति निर्गत है, जो पत्र के साथ संलग्न (अनुलग्नक-1) है।

लेकिन, लीजधारक ने उक्त मौजा के दाग नं.-720 एवं 721 में स्थित लगभग 20 एकड़ जमीन पर अवैध रूप से लगभग 200 करोड़ रुपए का अवैध पत्थर खनन किया है। बाबूलाल ने पत्र में लिखा है कि आवेदक द्वारा इस अवैध खनन के बारे में उपायुक्त, साहिबगंज को अवगत कराकर कार्रवाई की मांग की गई थी। इसके आलोक में उपायुक्त के निर्देश पर दो सदस्यीय टीम का गठन कर आरोपों की जांच की गई, जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज ने किया था, जिसकी प्रति संलग्न (अनुलग्नक-2) है। मरांडी ने पत्र में कहा है कि उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में बनी जांच कमिटी द्वारा सत्यनाथ साह के द्वारा अवैध पत्थर खनन की मापी कराई गई और पाया गया कि निर्गत खनन पट्टा के अलावे उक्त मौजा बिंदेरी बंदरकोला के दाग नं.-720 एवं 721 के अंश रकबा पर अवैध पत्थर खनन किया गया है। जांच प्रतिवेदन की छायाप्रति (अनुलग्नक 3 एवं 4) आपके अवलोकनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ संलग्न है।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा गया है कि जांच प्रतिवेदन में अवैध खनन की पुष्टि होने के बावजूद जिला खनन पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी द्वारा लीजधारक पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और न ही अवैध पत्थर खनन कार्य को रोका गया। लीजधारक को डीएमओ एवं थाना प्रभारी से निजी स्वार्थवश संरक्षण मिलता रहा है और अवैध खनन कार्य को बढ़ावा मिलता रहा है। इतना ही नहीं, उलटे लीजधारक सत्यनाथ साह के पुत्र रोहित कुमार साह द्वारा बोरियो थाना में सूचक कैलाश प्रसाद पर एक फर्जी एफआईआर दर्ज कराया गया। तत्कालीन थाना प्रभारी निरंजन कच्छप ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने वाले सूचक कैलाश प्रसाद, जो जनप्रतिनिधि (उपप्रमुख) भी हैं, को हाजत में बंद कर दिया। साथ ही, धमकी दी गई कि अवैध पत्थर खनन के मामले में आवाज उठाना बंद कर दो, जिसका जिक्र शिकायत पत्र (आवेदन) में किया भी है, अन्यथा बुरा हाल हो जाएगा।

अवैध पत्थर खनन मामले में सूचक द्वारा पुलिस महानिदेशक एवं आरक्षी उपमहानिरीक्षक, दुमका को भी पत्र लिखकर इस पर रोक लगाने एवं अवैध खननकर्त्ता सत्यनाथ साह पर कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया, लेकिन पत्थर माफिया की ऊंची पहुंच की वजह से अभी तक कोई कार्रवाई होता न देखकर आवेदनकर्ता (सूचक) ने मुझसे गुहार लगाई है। साथ ही, उन्होंने जान-माल पर खतरे की आशंका जताई है, जो आवेदन में वर्णित है।

अतएव आपसे अनुरोध है कि संलग्न आवेदन एवं साक्ष्य के आधार पर अवैध रूप से पत्थर खनन कर रहे पत्थर माफिया सत्यनाथ साह पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध पत्थर खनन का आकलन कराकर राजस्व नुकसान की वसूली की जाए। साथ ही, तुरंत अवैध खनन को रोकने का आदेश दिया जाए। सूचक को जान-माल की क्षति नहीं हो, इसके लिए जिला पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जाए।

## पृष्ठ एक के शेष

**छोटानागरा में दो सक्रिय नक्सली...**

थे और क्षेत्र में आईईडी लगाकर सुरक्षाबलों को निशाना बनाने की योजना में शामिल थे। पुलिस ने उनके पास से 09 बोल्ट की 22 पीस बैट्री, 200 मीटर विद्युत तार और अन्य नक्सली सामग्रियां बरामद की हैं।

**रांची में धनतेरस पर हुई...**

वस्तुओं का तैयार पैकेट भी बाजार में उपलब्ध था। इसकी कीमत 50 से 100 रुपए तक थी। शाम होने के साथ ही रांची के लगभग सभी मुहल्लों में बाजारों में रौनक बढ़ती चली गई। धनतेरस पर दीपावली के लिए पूजन सामग्री, मूर्तियां और बर्तन की खूब खरीदारी हुई। सड़क के दोनों ओर दिवाली बाजार सजे हुए थे। झाड़ू, करौंज तेल, बताशे, मूड़ी, मूरकी, दीये-बाती, मूर्तियां, फूल, मिट्टी के खिलौने, घर सजाने की सामग्री, बंदनवार, तोरण, बर्तन आदि बाजार में रौनक बिखेर रहे थे। दीपाटोली से लेकर बूटी मोड़ तक धनतेरस बाजार देखने लायक था। अशोक नगर, कडरू, लालपुर, एचबी रोड, मेन रोड में बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करते नजर आए। वहीं, कोकर बाजार में तो इतनी भीड़ थी कि लोगों को पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही थी। बड़ी संख्या में लोग खरीदारी कर रहे थे और इस कारण घंटों तक जाम की स्थिति रही। इस बार जीएसटी की दरों में कमी होने की वजह से वाहनों की कीमत में कमी आई है और इस कारण आभूषण और बर्तन के अतिरिक्त दो पहिया और चार पहिया गाड़ियों की भी खरीदारी खूब हो रही है।

**गुमला की बांसडीह घाटी में सड़क...**

पोस्टमार्टम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि दीपावली व गुमला का सप्ताहिक हाट होने के कारण वे सभी अपने घर के सामनों की खरीदारी करने टेंपो में सवार होकर गुमला शहर आ रहे थे। इसी बीच, बांसडीह घाटी में पीछे से अज्ञात वाहन ने टेंपो को टक्कर मार दी। इससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में सुकरी देवी की मौत हो गई।

**सेन्हा में अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत :**

**सेन्हा (लोहरदगा)।** लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो ग्राम में लोहरदगा-बेड़ो मुख्य पथ पर शुक्रवार की देर शाम एक ग्रामीण को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, वाहन चालक दुर्घटना के बाद घटनास्थल से गाड़ी लेकर फरार हो गया। मृतक की पहचान 30 वर्षीय अर्जुन उरांव के रूप में की गई है। वह दिहाड़ी मजदूर बताया जाता है। इधर, इस हादसे के बाद उग्र गामीणों ने सड़क जाम कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे सेन्हा के अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत और थाना प्रभारी वारिस हुसैन ने ग्रामीणों को समझाते हुए सड़क जाम खुलवाने का प्रयास किया। लेकिन, ग्रामीण तत्काल मुआवजा एवं परिवार के जीविकोपार्जन व्यवस्था को लेकर घंटों शव के साथ सड़ पर डटे रहे। मृत युवक की पहचान बगडू थाना क्षेत्र के हिसरी पतरातू निवासी श्रवन उरांव के 30 वर्षीय पुत्र अर्जुन उरांव के रूप में की गई है। वह वर्तमान में अपने ससुराल सीठीयो में किराए के मकान में रहकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जाता है कि अर्जुन उरांव शुक्रवार की देर शाम जैसे ही अपने घर से बाहर निकला, अज्ञात वाहन ने उसे अपने चपेट में ले लिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क जाम करते हुए व्यवस्था में सुधार, लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने, पीड़ित परिवार को सरकारी लाभ दिलाने और बच्चों की पढ़ाई का मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया। फिर प्रशासन एवं पूर्व जनप्रतिनिधि और गांव के एक ग्रामीण ने मिलकर अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 32 हजार रुपए का सहयोग किया। इसके करीब एक घंटा बाद जाम हटा और यातायात सुचारू रूप से संचालित हुआ।

**पलामू टाइगर रिजर्व में नजर आया नया...**

सूत्र बताते हैं अब बाघ सिर्फ चीतल या सांभर पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि जंगली सुअर, भैंसे और नीलगाय भी उनके भोजन का हिस्सा बन रहे हैं। उप निदेशक जेना ने बताया कि बाघों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त है और 'जनभागीदारी अभियान' के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों और वन विभाग के बीच भरोसे का वातावरण बना है। कई ग्रामीणों ने अपने देशी बंदूकें सरेंडर कर पीटीआर प्रबंधन पर आम विश्वास जताया है। पीटीआर के निदेशक एस आर नटेश बताया दो गांवों का पुनर्वास कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। वहीं 40 साल से लंबित मंडल डैम से जुड़ा विवाद भी अब सुलझने की दिशा में है, जिससे वन्यजीवों के लिए जल और क्षेत्र दोनों की उपलब्धता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि बाघों की यह वापसी संरक्षण प्रयासों की सफलता का प्रमाण है और उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में पलामू फिर से अपने पुराने गौरव झारखंड बाघों का घर के रूप में स्थापित होगा।

**ईडी की दिनेश गोप व 19 अन्य के...**

फिर हवाला, स्थानीय धन हस्तांतरण और तीसरे पक्ष के कारोबार के माध्यम से इस धन को कई स्तरों पर बांटा जाता था, ताकि इसका आपराधिक स्रोत छिपाया जा सके। इस धन से लग्जरी वाहन, सावधि जमा और अन्य संपत्तियां खरीदी गईं। इसका उपयोग परिवार के निजी खर्चों के लिए भी हुआ। ज्ञात हो कि दिनेश गोप को 20 अगस्त 2025 को गिरफ्तार किया गया था। नई शिकायत में ईडी ने सभी 21 आरोपियों पर मुकदमा चलाने और कैश, बैंक बैलेंस व वाहनों सहित 20 करोड़ रुपए की संपत्तियों को जब्त करने की मांग की है। जांच अभी जारी है।

तीरंदाजी विश्व कप

## ज्योति सुरेखा वेन्नम ने भारत को जिताया ब्रॉन्ज मेडल

एजेंसी । नई दिल्ली



विश्व कप फाइनल में शनिवार को भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने इतिहास रच दिया है। ज्योति पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाज बन गई हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त ज्योति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त एला गिब्सन को 150-145 से शिकस्त दी। उन्होंने सभी 15 तीरों में 10-10 के निशाने लगाए। एशियन गेम्स चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने क्वार्टर फाइनल में एलेक्सिस रुइज पर 143-140 से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी मेक्सिको की एंड्रिया बेसेरा से करीबी मुकाबले में 143-145 से हार का सामना करना पड़ा। ब्रॉन्ज मेडल मैच में ज्योति ने शानदार वापसी करते हुए लगातार 15 बार 10-10 निशाने लगाए और गिब्सन पर दबदबा बनाते हुए अपने अभियान का शानदार अंत किया। वर्तमान में महिला कंपाउंड वर्ग में तीसरे स्थान पर काबिज ज्योति ने अपनी वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर नानजिंग में व्यक्तिगत स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया था। यह विश्व कप फाइनल में ज्योति की तीसरी मौजूदगी थी। वह इससे पहले ट्लाक्सकाला (2022) और हर्मोसिलो (2023) में भी हिस्सा ले चुकी हैं। महिला कंपाउंड वर्ग में एक अन्य भारतीय तीरंदाज मधुरा धामनगांवकर को शुरुआती दौर में मेक्सिको की मारियाना बर्नाल के हाथों 142-145 से हार का सामना करते हुए खिताबी रेस से बाहर होना पड़ा। इस वर्ष ऑबर्नडेल में कंपाउंड मिक्स्ड टीम खिताब जीतने वाले ऋषभ यादव अब मेंस कंपाउंड इवेंट में नजर आएंगे। वे दिन के बाद होने वाले क्वार्टरफाइनल में साउथ कोरिया के किम जोंगहो का सामना करेंगे। इस साल की शुरुआत में ऑबर्नडेल में कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में जीत दर्ज करने वाले ज्योति और ऋषभ यादव ने अपनी-अपनी रैंकिंग के आधार पर नानजिंग में होने वाले इंडिविजुअल इवेंट्स के लिए क्वालीफाई किया है। वर्ल्ड कप फाइनल में हिस्सा लेने वाले सभी तीरंदाजों ने या तो ऑबर्नडेल, शंघाई, अंताल्या और मैड्रिड में हुए चार वर्ल्ड कप चरणों में से किसी एक को जीतकर या फिर वर्ल्ड कप रैंकिंग के आधार पर क्वालीफाई किया है।

# शमी... ने खटखटाया टीम इंडिया में वापसी का दरवाजा

## 7 विकेट लेकर दिलाई टीम को शानदार जीत




- उत्तराखंड के खिलाफ मैच में गेंदबाज ने शानदार प्रदर्शन किया
- प्रदर्शन से साबित किया कि वह पूरी तरह फिट और लय में हैं

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत में इन दिनों रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट खेला जा रहा है। इस टूर्नामेंट में एलिट ग्रुप-सी के मैच में बंगाल का सामना उत्तराखंड से हुआ। यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला गया, जहां बंगाल की टीम ने 8 विकेट से जीत दर्ज की। बंगाल की इस जीत में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अहम भूमिका निभाई। आपको बता दें कि शमी पिछले काफी समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं और अब उन्होंने इस मैच में शानदार गेंदबाजी कर टीम में अपनी वापसी की मजबूत दावेदारी ठोकी है।

**मोहम्मद शमी की फिटनेस पर अजीत अगरकर ने उठाए थे सवाल :** आपको बता दें कि शमी की फिटनेस को लेकर काफी चर्चा हो रही है। जहां एक तरफ टीम इंडिया चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने उन्हें अनफिट बताया था। वहीं शमी ने भी इस मैच से पहले अपनी फिटनेस को लेकर बड़ी बातें कही थी। भारतीय तेज गेंदबाज ने रणजी ट्रॉफी 2025 सीजन की शुरुआत से पहले ही खुद को एकदम फिट बताया था। उत्तराखंड के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 39.3 ओवर गेंदबाजी की और दोनों पारियों में मिलाकर 7 विकेट अपने नाम किए। इसके साथ ही उन्होंने साबित कर दिया कि वह इस वक्त पूरी तरह से फिट हैं।

### 4 गेंदों में 3 विकेट लेकर चमके शमी साबित की फिटनेस

मोहम्मद शमी ने उत्तराखंड के खिलाफ मैच में पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में चार विकेट अपने नाम किए। उन्होंने पहली पारी में 14.5 ओवर गेंदबाजी करते हुए 4 मेडन ओवर फेंके और 37 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। इस पारी के दौरान उन्होंने ये तीन विकेट चार गेंदों के अंदर लिए। इसके बाद दूसरी पारी में शमी ने 24.4 ओवर गेंदबाजी करते हुए 7 ओवर मेडन फेंके और 38 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। पूरे मैच में उनकी इकॉनमी रेट 2 से कम की रही। वह इस मैच में किफायती गेंदबाजी करते हुए विकेट भी निकालने में कामयाब रहे। वह आगामी मैचों में भी ऐसा ही प्रदर्शन करना चाहेंगे।

**दूसरी पारी में अभिमन्यु ईश्वरन ने लगाया शतक :** मुकाबले की बात करें तो बंगाल की टीम इस मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज करने में कामयाब रही। पहली पारी में उत्तराखंड ने 213 रन बनाए थे। जवाब में बंगाल की टीम ने अपनी पहली पारी में 323 रन बनाकर 110 रन की बढ़त हासिल की थी। इसके बाद उत्तराखंड ने दूसरी पारी में 265 रन बनाए और बंगाल के सामने जीत के लिए 156 रन का टारगेट रखा। इस टारगेट को बंगाल की टीम ने 29.3 ओवर में 2 विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। दूसरी पारी में अभिमन्यु ईश्वरन 71 रन बनाकर नाबाद लौटे। मोहम्मद शमी को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।

लीग-1 : पीएसजी का पलटवार

## रोमांचक मुकाबले में स्ट्रासबर्ग को ड्रॉ पर रोका



पेरिस (आईएएनएस)

- शुरुआती छठे मिनट में ब्रैडली बारकोला ने पीएसजी को 1-0 की बढ़त दिलाई

पेरिस-सेंट जर्मेन (पीएसजी) और स्ट्रासबर्ग के बीच पार्क डेस प्रिंसेस में खेला गया मुकाबला 3-3 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इसी के साथ पेरिस-सेंट जर्मेन ने छह गोलों के रोमांचक मुकाबले में एक अंक बचा लिया। पीएसजी ने जोरदार शुरुआत की। मुकाबले के छठे मिनट में ब्रैडली बारकोला के शानदार फिनिश की बदौलत टीम ने 1-0 से बढ़त बना ली। पीएसजी ने शुरुआती 20 मिनट में मैच पर दबदबा बनाए रखा। इस दौरान डूए ने मौके बनाने की कोशिश की, लेकिन बदलाव के दौर से गुजर रही मेहमान टीम सबसे खतरनाक दिखी। जोआकिन पैनिकेल्ली ने लुकास शेवालियर के गोल पर शॉट लगाया, जिससे गेंद की दिशा बदल गई और लेस पेरिसियन्स के शॉट-स्टॉपर को मजबूत बचाव करने पर मजबूर होना पड़ा। रिबाउंड पर, जूलियो एनकिसो ले रेसिंग के लीग 1 स्तर के शॉट को गोल में नहीं बदल सके। स्ट्रासबर्ग और पैनिकेल्ली को ज्यादा देर तक रोका नहीं जा सका। जोआकिन पैनिकेल्ली ने मुकाबले के 26वें मिनट गोल दागा। स्ट्रासबर्ग को ब्रेक के बाद एक और गोल मिला। मोरेरा ने गेंद को पैनिकेल्ली की ओर सरकाकर गोल किया। यह इस सीजन में उनका सातवां गोल रहा। मुकाबले के 49वें मिनट पैनिकेल्ली ने गोल दागते हुए स्ट्रासबर्ग को 3-1 से आगे कर दिया था। इसके बाद 58वें मिनट पीएसजी ने वापसी करते हुए अंतर को 3-2 कर दिया। सेनी मयुलु ने 79वें मिनट मुकाबले का अंतिम गोल दागते हुए स्कोरलाइन को 3-3 कर दिया। इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा है। फिलहाल, पीएसजी लीग 1 मैकडॉनल्ड्स में शीर्ष पर बनी हुई है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद स्ट्रासबर्ग से केवल एक अंक आगे है। पीएसजी ने अब तक 5 मुकाबले जीते हैं। टीम 2 ड्रॉ और 1 हार के साथ 17 प्वाइंट्स हासिल कर चुकी है, जबकि स्ट्रासबर्ग ने 5 जीत, 2 हार और 1 ड्रॉ के साथ 16 अंक जुटाए हैं।

## 'गोल्डन ब्वॉय' दिव्यांश सिंह पंवार जो सिर्फ 18 की उम्र में बने वर्ल्ड नंबर-1

एजेंसी । नई दिल्ली



भारत के प्रतिभाशाली शूटर दिव्यांश सिंह पंवार ने मेहनत, लगन और आत्मनियंत्रण ने उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता दिलाई हैं। महज 18 साल की उम्र में दिव्यांश 10 मीटर एयर राइफल की वर्ल्ड रैंकिंग में पहले पायदान पर रह चुके हैं। 19 अक्टूबर 2002 को जयपुर में जन्मे दिव्यांश सिंह पंवार राजस्थान की उस धरती से आते हैं, जिसमें राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और करणी सिंह जैसे मशहूर निशानेबाजों ने जन्म लिया। दिव्यांश सिंह पंवार ने महज 12 साल की उम्र में शूटिंग की शुरुआत की थी। उन्हें बचपन से ही शूटिंग का शौक था। पिता दीवार पर निशाना बनाते और प्लास्टिक की बंदूक से दिव्यांश उस पर निशाना लगाते। इसके बाद अपनी बड़ी बहन अंजलि के शूटिंग उपकरणों के साथ जयपुर के जंगपुरा शूटिंग रेंज में प्रैक्टिस शुरू की। साल 2017 में दिव्यांश सिंह जूनियर और युवा, दोनों नेशनल्स की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धाओं में जीत दर्ज करते हुए सुर्खियों में आए। फरवरी 2019 में उन्होंने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में सीनियर वर्ग का अपना पहला मुकाबला खेला, जिसमें 627.2 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में 12वां स्थान पर रहे। आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में इस प्रदर्शन के साथ दिव्यांश को यह समझ में आ गया था कि उन्हें अभी मानसिक रूप से अधिक मजबूत होने की जरूरत है। इसके साथ ही उन्हें खेल पर फोकस भी करना होगा।

## चेन्नईयिन एफसी ने क्लिफोर्ड मिरांडा को हेड कोच नियुक्त किया

**चेन्नई ।** चेन्नईयिन एफसी ने क्लिफोर्ड मिरांडा को अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है। टीम की ओर से इसकी घोषणा शनिवार को हुई। ओवेन कॉयल की जगह लेने वाले मिरांडा क्लब के पहले भारतीय मुख्य कोच बने हैं। 25 अक्टूबर से अपने गृह राज्य गोवा में शुरू होने वाले एआईएफएफ सुपर कप में बतौर हेड कोच यह उनकी पहली नियुक्ति है। चेन्नईयिन को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की अन्य टीमों मोहन बागान सुपर जायंट, ईस्ट बंगाल एफसी और डेम्पो एससी के साथ एक मुश्किल ग्रुप में रखा गया है, जिन्हें घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा।

## राजस्थान : सीकर में पहली बार पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ

एजेंसी । नई दिल्ली



राजस्थान के सीकर में बढ़ाढर गांव स्थित स्वामी केशवानंद शिक्षण संस्थान में शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया के आतिथ्य में राजस्थान राज्य स्तरीय 9वीं पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप-2025 का शुभारंभ हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं पदाधिकारियों की ओर से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। यह पहला अवसर है, जब सीकर जिले में राज्य स्तरीय पैरा खेलों का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर प्रसाद सैनी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव हिम्मत सिंह, सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और दिव्यांगों के लिए इस आयोजन को समाज में प्रेरणादायक पहल बताया। आयोजन सचिव रामनिवास ढाका ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजस्थान के सभी जिलों से लगभग 150 दिव्यांग खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जो विभिन्न आयु वर्गों और श्रेणियों में कुल 106 इवेंट्स में अपना लोहा मनवाएंगे। रामनिवास ढाका ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों को मेनस्ट्रीम खेलों से जोड़ना, उन्हें प्रोत्साहन देना और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है।



## सेबी ने निवेशकों को डबल रिटर्न जैसे स्कैम और फेक ऐप्स से बचने की दी सलाह

एजेंसी । नई दिल्ली



बाजार नियामक सेबी और एनएसई की ओर से निवेशकों को डबल एंड क्विक रिटर्न और फेक ऐप्स से बचने की सलाह दी गई है। निवेशकों के लिए उन्हीं की क्षेत्रीय भाषा में सेबी और एनएसई की ओर से यूट्यूब वीडियो शेयर किए गए हैं। एनएसई इंडिया के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर शेयर किए गए 36 सेकेंड के वीडियो में कहा गया है कि निवेशकों को नकली ऐप्स असली जैसे ही लग सकते हैं लेकिन इन नकली ऐप्स पर जोखिम असली होता है। बाजार नियामक का कहना है कि किसी भी ट्रेडिंग ऐप का इस्तेमाल गारंटीड रिटर्न के लिए कर रहे हैं तो इस ऐप का ऑथेंटिक होना जरूरी है। फेक ट्रेडिंग ऐप्स को लेकर कहा गया है कि इस तरह के ऐप्स ग्राहकों को अपने जाल में फंसाने के लिए सबसे पहले गारंटीड और हाई रिटर्न का ही भरोसा दिलाने की कोशिश करते हैं। इसके बाद स्कैमर्स यूजर्स को फेक ऐप्स डाउनलोड करवा कर अपने झांसे में फंसाते हैं। सेबी और एनएसई की निवेशकों को सलाह है कि वे सेबी की इंवेस्टर साइट पर वेरिफाइड ऐप्स लिस्ट से ही ऐप्स डाउनलोड करें। इसी तरह, निवेशकों को डबल रिटर्न स्कैम से भी बचने की सलाह दी गई है। एक दूसरे 40 सेकेंड के वीडियो में सेबी और एनएसई की ओर से कहा गया है कि निवेशकों को किसी भी इंवेस्टमेंट गुरु की टिप्स से पैसे डबल करने का झांसा दिया जा सकता है। निवेशकों को इस तरह की डील के लिए ऑफर क्लेम करने को कहा जाएगा। बाजार नियामक का कहना है कि सेबी-रजिस्टर्ड इंवेस्टमेंट एडवाइजर से ही सलाह लें और पेमेंट वेरिफाइड अकाउंट और यूपीआई आईडी पर ही करें। इससे पहले इस महीने के शुरुआत में 6-12 अक्टूबर तक चले वर्ल्ड इंवेस्टर वीक 2025 आयोजन के शुभारंभ पर सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने कहा था कि प्रतिभूति बाजार हमारे देश के विकास इंजन है।

# भारत-मिस्र के बढ़ते संबंधों से दोनों देशों के बीच ईवी रिन्यूएबल एनर्जी और फिनटेक में सहयोग के खुलेंगे द्वार

एजेंसी । नई दिल्ली



- मिस्र ने लाल सागर के उत्तर-पश्चिम में भारतीय औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की इच्छा जताई

एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत और मिस्र के बीच रणनीतिक वार्ता इलेक्ट्रिक वाहनों, खाद्य सुरक्षा, रक्षा, टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप्स में सहयोग की अपार संभावनाओं के बीच द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाएगी। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के वेस्ट एशियन स्टडीज के एसोसिएट प्रोफेसर मुदस्सिर कमर को कोट करते हुए अरब न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दोनों देशों के बीच स्टार्टअप्स, रिन्यूएबल एनर्जी, एआई, फिनटेक, इलेक्ट्रिक वाहन, खाद्य सुरक्षा आदि जैसे उभरते और विशिष्ट क्षेत्रों सहित संबंधों को बेहतर बनाने की अपार संभावनाएं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि निवेश, ऊर्जा और रक्षा संबंध सहयोग के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। मिस्र खासकर स्वेज नहर आर्थिक क्षेत्र के माध्यम से स्थानीय बाजार की जरूरतों को पूरा करने और निर्यात का विस्तार करने के लिए भारतीय कंपनियों द्वारा निवेश के लिए उत्सुक है, जो व्यापक निवेश प्रोत्साहन और विभिन्न कर और सीमा शुल्क छूट प्रदान करता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को दोनों देशों के बीच अपनी पहली रणनीतिक वार्ता के बाद कहा कि भारत और मिस्र स्टार्टअप्स, फिनटेक, साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में सहयोग बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

मिस्र के विदेश मंत्री डॉ. बद्र अब्देलाती दो दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ भारत-मिस्र रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता की। विदेश मंत्री जयशंकर ने 2023 में भारत-मिस्र रणनीतिक साझेदारी की स्थापना के बाद से गहन सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा, समुद्री और आतंकवाद-रोधी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत ने अरब न्यूज को बताया कि दोनों पक्ष डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, फिनटेक, फार्मास्यूटिकल्स, स्टार्ट-अप और इनोवेशन के साथ-साथ रिन्यूएबल एनर्जी में निवेश की संभावनाओं का पता लगाने पर सहमत हुए। स्वेज नहर आर्थिक क्षेत्र को भारतीय कंपनियों के लिए एक प्रमुख निवेश अवसर बताते हुए, मिस्र के विदेश मंत्री अब्देलाती ने कहा कि यह अंतरमहाद्वीपीय राष्ट्र लाल सागर के उत्तर-पश्चिम में स्वेज की खाड़ी के किनारे एक भारतीय औद्योगिक क्षेत्र बनाने का इच्छुक है।

## भारत की प्रतिभाओं को बाहर जाने के बजाय हमारे देश में ही मिले अवसर : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी । नई दिल्ली



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को डेटा को नया तेल और डेटा केंद्रों को नई रिफाइनरियां बताया। उन्होंने कहा, "हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे देश का टैलेंट देश के बाहर जाने के बजाय देश में ही अवसरों को पाएं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार टेक्नोलॉजी के माध्यम से वित्तीय सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के अपने प्रयास के तहत डिजिटल क्रेडिट पर बड़ा कदम उठा रही है। देश में 5जी नेटवर्क के तेज और कुशल क्रियान्वयन की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की इस उपलब्धि ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "भारत ने 5जी को इतनी तेजी से लागू किया कि दुनिया चकित रह गई। हमारे पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी नेटवर्क है। इससे हमें दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचने में मदद मिली। देश का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा 5जी नेटवर्क से जुड़ा है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने एआई के क्षेत्र में भारत की बढ़ती उपस्थिति पर भी प्रकाश डाला और घोषणा की कि बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप सर्वम इस साल दिसंबर या अगले साल जनवरी तक अपना स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह सर्वम के मॉडल के लॉन्च होने के बाद उसका उपयोग करने के लिए उत्साहित हैं। केंद्रीय मंत्री ने विशाखापत्तनम में 15 अरब डॉलर के निवेश से एक एआई हब स्थापित करने के गूगल के प्रस्ताव की भी प्रशंसा की और दावा किया कि इससे भारत में एआई रिसर्च के विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, "हमारे देश में कंप्यूटर सुविधाओं का होना बेहद जरूरी है। इनके उपलब्ध होने के बाद क्वालिटी रिसर्च करने और एआई एप्लीकेशन बनाने की क्षमता में सुधार होगा। केंद्रीय मंत्री वैष्णव के अनुसार, दूरसंचार तकनीक के संदर्भ में 6जी, मौजूदा 4जी और 5जी नेटवर्क की पूरी तरह से जगह ले लेगा।

## अमेरिका-भारत व्यापार समझौते की उम्मीदों से निफ्टी-सेंसेक्स में 2% से अधिक उछाल

एजेंसी । नई दिल्ली



भारतीय शेयर बाजार विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की शॉर्ट कवरिंग और मजबूत घरेलू संकेतों के बीच सप्ताह के अंत में बढ़त के साथ बंद हुए। भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में स्पष्टता से बाजार में आशावाद को बल मिला, दोनों पक्षों ने नवंबर तक समझौते के पहले चरण को पूरा करने पर सहमति व्यक्त की। प्रमुख बैंकिंग शेयरों में मजबूत खरीदारी के चलते निफ्टी बैंक ने एक नया मुकाम हासिल किया और बाजार में उत्साह बना रहा। फाइनेंशियल सेक्टर में परिसंपत्ति गुणवत्ता को लेकर चिंताएं कम होने और त्योहारी तिमाही में बेहतर बिक्री वृद्धि की उम्मीदों से निवेशकों का विश्वास बढ़ा।

सप्ताह के दौरान बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी और सेंसेक्स में क्रमशः 2.10 और 2.04 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें एफएमसीजी, फार्मा और ऑटो सूचकांकों का इस तेजी में प्रमुख योगदान रहा। विश्लेषकों ने कहा कि रियल्टी, स्वास्थ्य सेवा और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में व्यापक सुधार के साथ-साथ उपभोग-आधारित क्षेत्रों में भी तेजी देखी गई। वैश्विक विवेकाधीन खर्च की चिंताओं और अमेरिकी बैंकिंग सिस्टम में परिसंपत्ति गुणवत्ता पर बढ़ते दबाव के कारण आईटी शेयर दबाव में रहे।

## इस फेस्टिव सीजन में अपनों को दें फास्टैग एनुअल पास का तोहफा : केंद्र

एजेंसी । नई दिल्ली



केंद्र ने शनिवार को कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का 'राजमार्गयात्रा' ऐप यूजर्स को फास्टैग एनुअल पास उपहार में देने की सुविधा देता है। सरकार ने नागरिकों से दिवाली और फेस्टिव सीजन में इसे यात्रियों के लिए एक आदर्श उपहार मानने का आग्रह किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि ऐप पर 'ऐड पास' विकल्प पर क्लिक कर और फिर प्राप्तकर्ता का वाहन नंबर और जिसे वे पास उपहार में देना चाहते हैं उसकी कॉन्टैक्ट डिटेल्स दर्ज कर पास को एक्टिव किया जा सकता है। सरल ओटीपी वेरिफिकेशन के बाद, एनुअल पास उस वाहन से जुड़े फास्टैग पर एक्टिव हो जाएगा, जिससे बार-बार रिचार्ज किए बिना निर्बाध यात्रा की सुविधा मिल जाएगी। फास्टैग एनुअल पास राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को एक निर्बाध और किफायती यात्रा विकल्प प्रदान करता है।